सूर्योदय 5:46 सूर्यास्त 7:6

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 26.8 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79468.01 |
| निफ्टी | 24297.50 |
| सोना | 69,270 |
| चांदी | 81,521 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




'मुंज्या' की 'बेला' उर्फ शरवरी वाघ बनीं आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार

पृष्ठ 4 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 8 अगस्त 2024 | 24 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 232, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### 12 राज्यसभा सीटों पर 3 सितंबर को चुनाव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि 9 राज्यों में खाली राज्यसभा सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित मौजूदा सदस्यों के लोकसभा के लिए चुने जाने से सीटें खाली हो गई थीं। असम, बिहार और महाराष्ट्र की 2-2 सीटों पर, जबकि मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, त्रिपुरा, ओडिशा और तेलंगाना की 1-1 सीटों पर वोटिंग होगी। 14 अगस्त को अधिसूचना जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है।




### बिभव की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'आप' की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। दिल्ली पुलिस ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को तय की।



### दक्षिणी कैलिफोर्निया में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के दक्षिणी हिस्से में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। मंगलवार देर रात को भूकंप के जोरदार झटके लगे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र लॉस एंजिलिस से लगभग 85 मील (137 किलोमीटर) दूर स्थित केर्न काउंटी क्षेत्र के मेटलर के पास था।



### आरआर स्वैन बने जम्मू कश्मीर के नए डीजीपी

**जम्मू।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मी रंजन (आरआर) स्वैन जम्मू-कश्मीर के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) होंगे। गृह मंत्रालय ने रश्मी रंजन की नियुक्ति की पुष्टि की है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी पत्र में लिखा कि आरआर स्वैन को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया जाता है।



## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 44 हजार डेस्कों की खरीद के 20 करोड़ के टेंडर पर उठे सवाल -पेज 3
- सुक्खू सरकार पर बरसे सेवानिवृत्त कर्मचारी, निकाली रैली -पेज 6
- डैम से गायब हुई करोड़ों की लकड़ी की होगी छानबीन -पेज 9
- भारत दो साल में बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: धनखड़ -पेज 13
- महिला टेबल टेनिस टीम का अभियान खत्म -पेज 14


### झटका : विनेश फोगाट के ओवरवेट से भारतीय मायूस, ओलंपिक के फाइनल से पहले अयोग्य घोषित

# 100 ग्राम ने तोड़े 140 करोड़ दिल

**एजेंसी, पेरिस**

**पेरिस** ओलंपिक 2024 में महिला कुश्ती 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को तगड़ा झटका लगा है। फोगाट को अधिक वजन के कारण फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित कर दिया है। विनेश क्वालिफायर और सेमीफाइनल दौर से पहले वजन मापदंड के भीतर थीं। बुधवार को उनका वजन करीब 100 ग्राम ज्यादा पाया गया, जिस कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे 140 करोड़ भारतीयों का दिल टूट गया है। उन्हें पदक मिलने की पूरी उम्मीद थी। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। विनेश को बुधवार रात स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था। भारतीय कोच ने कहा कि सुबह उसका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। नियम इसकी अनुमति नहीं देते और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अब वह रजत पदक के लिए भी पात्र नहीं होंगी। अयोग्य घोषित होने के मायने हैं कि उन्हें खेलों से खाली हाथ लौटना होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत वजन अधिक पाए जाने पर पहलवान आखिरी तालिका में अंतिम स्थान पर रहता है । मंगलवार को उन्होंने सेमीफाइनल में क्यूबा की लोपेज गुजमान को 5-0 से हराया था। भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा कि हमें यह खबर देते हुए खेद हो रहा है कि विनेश फोगाट महिला कुश्ती के 50 किलो वर्ग से अयोग्य घोषित कर दी गई है। अथक प्रयासों के बावजूद सुबह उसका वजन 50 किलो से अधिक पाया गया।




### डीहाइड्रेशन से बेहोश हुई फोगाट, अस्पताल से डिस्चार्ज

**विनेश** फोगाट महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग से अयोग्य घोषित करार दी गई, जिसके बाद डीहाइड्रेशन की वजह से फोगाट की तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया है।

### सरकार ने उनकी हरसंभव मदद की : मंडाविया



**भारतीय** पहलवान विनेश को पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित किए जाने के मामले में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विनेश का वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा पेरिस में हैं। प्रधानमंत्री ने उनसे बात की और उन्हें आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सरकार ने उन्हें निजी स्टाफ सहित हर सुविधा प्रदान की है।

### फोगाट 1.4 अरब लोगों के दिलों में चैंपियन : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट की असाधारण उपलब्धियों ने हर भारतीय को रोमांचित किया है और देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिए जाने से हम सब निराश हैं लेकिन वह 1.4 अरब लोगों के दिलों में चैंपियन बनी हुई हैं। विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। मुर्मू ने 'एक्स' पर कहा कि पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट की असाधारण उपलब्धियों ने हर भारतीय को रोमांचित किया है और देश को गौरवान्वित किया है।

### आप भारत का गौरव हो : मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दी गई पहलवान विनेश फोगाट को हौसला देते हुए कहा कि वह भारत का गौरव हैं और उन्हें मजबूती से वापसी करनी है । मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से बात करके उनसे इस मामले पर कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए भी कहा। विनेश को महिलाओं की 50 किलो कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया ।

### उम्मीद है देश की बेटी को न्याय मिलेगा : राहुल



**राहुल** गांधी ने पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि विश्वविजेता पहलवानों को हराकर फाइनल में पहुंची भारत की शान विनेश फोगाट का तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा।

## छह माह में 50 मेगावॉट सौर ऊर्जा का होगा दोहन : सुक्खू



ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऊना जिले के पेखुबेला में 32 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की गई है और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 10 मेगावॉट और गगरेट विधानसभा क्षेत्र में 5 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

प्रदेश आगामी छह माह में लगभग 50 मेगावॉट सौर ऊर्जा का दोहन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध पूर्ण करने के साथ-साथ नई परियोजनाओं के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं बोनाफाइड हिमाचलियों को आवंटित की जाएंगी और प्रदेश के लोगों को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बिजली की मांग में निरंतर वृद्धि

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि बिजली की मांग में निरंतर वृद्धि हो रही है, इसलिए जल विद्युत के साथ-साथ सौर ऊर्जा का अधिकतम दोहन सुनिश्चित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा पर्यावरण हितैषी और ऊर्जा का नवीकरणीय साधन है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम किया जा सकता है।

### केजरीवाल बोले- मेरी जगह 15 अगस्त को आतिशी फहराएंगी झंडा

**नई दिल्ली।** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 15 अगस्त को झंडा फहराने के संबंध में उपराज्यपाल को पत्र लिखा है। केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को मंत्री आतिशी सिंह झंडा फहराएंगी। उन्होंने कैबिनेट मंत्री आतिशी को अधिकृत किया है। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन पर कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के आरोप लगे हैं।



**जेल से एलजी को लिखा पत्र**

# मोहम्मद युनूस आज संभालेंगे बांग्लादेश की कमान

### हिंदुओं के घरों पर हमले जारी, गायक राहुल आनंदा के 140 साल पुराने घर में लगाई आग, 29 नेताओं की हत्या

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** में तख्तापलट के हालात बेहद खराब हो गए हैं और अस्थिरता का माहौल है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी हिंसा नहीं रुक रही है। वहीं, मोहम्मद युनूस वीरवार को बांग्लादेश की कमान संभालेंगे। रात साढ़े 8 बजे नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। आर्मी चीफ वकार-उज-जमान ने यह जानकारी दी। नई सरकार में 15 सदस्य होंगे।

हिंसक घटनाओं में कई जिलों में विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के घरों और मंदिरों, दुकानों में आगजनी की है। ढाका में गायक राहुल आनंदा के 140 वर्ष पुराने घर में आग लगा दी गई। इस बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर भारत समेत दुनियाभर के संगठनों ने चिंता जताई है। दूसरी तरफ, बांग्लादेश में हसीना की पार्टी अवामी लीग और उनके सहयोगी दलों से जुड़े करीब 29 नेताओं की हत्या कर दी गई। बांग्लादेशी एक्टर शान्तो खान और उनके पिता सलीम खान को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। सलीम अवामी लीग पार्टी से जुड़े थे। सुरक्षा कारणों के चलते भारतीय के दूतावास के 190 कर्मचारियों को निकाला गया है। वहीं, बांग्लादेश की सबसे बड़ी सिक्योरिटी एजेंसियों में से एक रैपिड एक्शन बटालियन के चीफ को बदल दिया गया है।

**भारतीय दूतावास के 190 कर्मचारी वापस लौटे**



### अटॉर्नी जनरल ने इस्तीफा दिया

**बांग्लादेश** में संसद भंग होने के बाद सरकार में बड़े पदों पर बैठे कई अधिकारियों के इस्तीफे आने शुरू हो गए हैं। हसीना सरकार के अटॉर्नी जनरल एएम अमीन उद्दीन ने इस्तीफा दे दिया है।

### प्रदर्शनों में 50 पुलिसकर्मियों की जान गई

**बांग्लादेश** में सोमवार से जारी हिंसा के बीच अब तक कम से कम 50 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। ढाका के अलावा देश के ज्यादातर पुलिस स्टेशनों पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं है।

### हसीना अभी दिल्ली में रहेंगी : सजीब वाजेद

**बांग्लादेश** में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अपना देश छोड़कर भारत आई अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना थोड़े और समय के लिए दिल्ली में रहेंगी। हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

**खालिदा को नवीनीकृत पासपोर्ट मिला :** शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद जेल से रिहा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को नवीनीकृत पासपोर्ट मिल गया है। जिया को तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना के कार्यकाल में 2018 में भ्रष्टाचार के लिए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

### उधमपुर में दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों और आतंकियों में मुठभेड़

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दूसरे दिन बुधवार को भी मुठभेड़ जारी रही। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरे लिया है।

रियासी रेंज के डीआईजी रईस मोहम्मद भट्ट ने बताया कि तीन-चार आतंकी जंगल में छिपे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से हम यहां की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की टीम बसंतगढ़ के पथी नल्ला खानेड़ इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। इलाके में और सुरक्षाबलों को भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)

# सैंज में सतलुज नदी के किनारे मिला एक और शव

### भारी बारिश बन रही सर्च ऑपरेशन में बाधा; समेज में 33 लोग अब भी लापता, सेना और एनडीआरएफ टीमें जुटीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में छह जगह बादल फटने से लापता हुए लोगों की तलाश में बुधवार को सर्च ऑपरेशन जारी रहा। सातवें दिन सुबह सैंज क्षेत्र के नजदीक सतलुज नदी के किनारे एक शव बरामद हुआ। प्रथम दृष्टया यह शव महिला का बताया जा रहा है।

वहीं, मंगलवार को सतलुज में मिले शव की पहचान हो गई है। शव की शिनाख्त सिद्धार्थ निवासी नंदरूल (कांगड़ा) के रूप में हुई। सिद्धार्थ समेज में ग्रीनको प्रोजेक्ट में काम करता था। वहीं, दो दिन पहले नदी में मिले दो और शवों की भी शिनाख्त हुई है। इनमें रचना निवासी कनराड़ सुग्गा रामपुर, प्रीतिका पुत्री राजकुमार पांडे निवासी झारखंड शामिल हैं। डीएसपी नरेश शर्मा ने बताया कि समेज गांव से कुल 36 लोग लापता हुए थे। तीन शव बरामद होने के बाद लापता लोगों की संख्या 33 रह गई है। सेना, एनडीआरएफ, होमगार्ड समेत पुलिस के 300 जवान लापता लोगों को तलाश में जुटे हुए हैं।



### हिमाचल में भारी बारिश से पेड़ गिरे; कई जगह आवाजाही ठप, दो दिन ऑरेंज अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बीच भारी बारिश हुई। करसोग उपमंडल में नदी-नाले उफान पर हैं। कई मार्गों पर आवाजाही ठप है। वहीं, दो दिन के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य के कई भागों में 7 व 10 अगस्त को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अलर्ट को देखते हुए लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है। शिमला शहर में बारिश से कई जगह पेड़ गिरे हैं, जिससे गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। सांगटी, कृष्णानगर, संजौली में बहुमंजिला भवन खतरे की जद में हैं। शिमला में यूएस क्लब के समीप मच्छी वाली कोठी के रास्ते में पेड़ गिर गया। एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। जोगिंद्रनगर उपमंडल में भू-स्खलन से सियुरी से छपरोट सड़क बंद हो गई है। मलाणा में राशन का स्टॉक समाप्त है। बिजली व पानी की आपूर्ति भी ठप है। मलाणा पंचायत के उपप्रधान रामजी ठाकुर ने कहा कि मलाणा के समीप हेलिकॉप्टर को उतारने के लिए हेलिपैड के लिए जगह बनाई जा रही है।

### बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले फर्जी आंसर शीट बरामद

**पटना।** बिहार में सिपाही भर्ती की परीक्षा से ठीक पहले खगड़िया में नकली प्रश्न पत्र मामला सामने आया है। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और छापेमारी की जा रही है। बिहार में बुधवार को 21 हजार सिपाहियों की भर्ती को लेकर पहले चरण की लिखित परीक्षा होनी थी, लेकिन इससे पहले ही फर्जी आंसरशीट बरामद की गई। सूचना मिली थी कि परबत्ता क्षेत्र के एक विवाह भवन में करीब 90 परीक्षार्थी एकत्र हुए, जिन्हें फर्जी आंसर शीट दिए गए। पुलिस ने 7 लोगों को हिरासत में लिया है।

**7 लोगों से पूछताछ जारी**

# नेपाल में हेलिकॉप्टर क्रैश पांच लोगों की जान गई

**एजेंसी, काठमांडू**



**नेपाल** में बुधवार को काठमांडू के उत्तर-पश्चिम के पर्वतीय क्षेत्र में हेलिकॉप्टर क्रैश होने से चार चीनी पर्यटकों और एक नेपाली पायलट की मौत हो गई।

यह दुर्घटना काठमांडू और नुवाकोट जिलों के बीच सीमा क्षेत्र में हुई। नुवाकोट जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि निजी एयरलाइन एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी पांच लोगों की इस दुर्घटना में मौत हो गई। 9एन-एजेडी हेलिकॉप्टर काठमांडू से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में नुवाकोट जिले के शिवपुरी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर चार चीनी यात्रियों को लेकर काठमांडू से रसुवा के स्याफ्रूबेसी क्षेत्र की ओर जा रहा था।

# हिमाचल के आईएएस मनीष गर्ग और अमनदीप दिल्ली में देंगे सेवाएं

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**हिमाचल** के दो आईएएस मनीष गर्ग व अमनदीप गर्ग अब दिल्ली में सेवाएं देंगे। अपॉइंटमेंट कमेटी एसीसी ने 2 सीनियर आईएएस की नियुक्ति को लेकर मंजूरी दी है। अब 1996 बैच के आईएएस मनीष गर्ग और 1999 बैच के अमनदीप गर्ग केंद्र में अपनी सेवाएं देंगे।

दोनों ही ऑफिसर प्रिंसिपल सेक्रेटरी रैंक पर सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में मनीष गर्ग हिमाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात हैं, जिनकी तैनाती केंद्र में सेंट्रल इलेक्शन कमिशन में डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर के पद पर हुई है। वहीं, अमनदीप गर्ग अभी प्रदेश में वन, कार्मिक और लोक निर्माण विभाग का जिम्मा देख रहे हैं। अब केंद्र में इनको केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्ति दी गई है। सीनियर आईएएस मनीष गर्ग और अमनदीप गर्ग को केंद्र में नियुक्ति मिलने की मंजूरी के बाद हिमाचल में आईएएस की संख्या घटकर अब 109 रह जाएगी। प्रदेश में आईएएस की कुल संख्या 153 है, जिसमें अभी 111 आईएएस की हिमाचल में सेवाएं दे रहे हैं। इसमें भी अब दो आईएएस कैबिनेट अपॉइंटमेंट कमेटी की मंजूरी मिलने के बाद केंद्र में अपनी सेवाएं देंगे। आईएएस की संख्या कम होने से कामकाज पर असर पड़ सकता है, जिससे सरकार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

बता दें कि अभी पांच आईएएस प्रियतु मंडल, रोहन चंद ठाकुर, अरिंदम चौधरी, मानसी सहाय और शैनोमोल ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने को लिए प्रदेश सरकार से अनुमति मांगी है। हिमाचल में कांग्रेस की सत्ता में वापसी के बाद से 7 आईएएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा चुके हैं। ऐसे में अब दो सीनियर आईएएस के केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाने से कई पद खाली हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



मनीष गर्ग। अमनदीप गर्ग।




## न्यूज ब्रीफ

### धामी कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील परिसर के करीब ठेकेदार संघ धामी, लोक निर्माण विभाग व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में लोकनिर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, शिमला दीपक राज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं-सेवियों तथा इको क्लब के विद्यार्थियों एवं रोवर्ज व रेंजर्स ने भाग लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. गोदावरी गर्ग, डॉ. उज्जवल राठौर, डॉ. कविता कुमरा तथा डॉ. गीता ने भाग लिया। इस दौरान बेहतरीन सेवा कार्य के लिए डॉ. गीता शर्मा को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### लक्कड़ बाजार में गिरा पेड़, बाल- बाल बचे लोग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के लक्कड़ बाजार में भारी बारिश से एक पेड़ गिर गया। जिससे दो दुकानों को क्षति हुई है, जबकि लोग भी इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे। स्थानीय कारोबारियों ने नगर निगम पर आरोप लगाया है कि पिछली बरसात में पेड़ को काटने के लिए गुहार लगाई गई थी, लेकिन उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके परिणामस्वरूप आज बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पेड़ गिरने से न केवल दुकानों को नुकसान पहुंचा, बल्कि बिजली की तारें भी टूट गई, जिससे इलाके में बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आसपास के अन्य पेड़ों का भी गिरने का खतरा बना हुआ है, और तत्काल सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

### रोजगार मेले में 650 छात्र हुए पंचीकृत

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान शिमला ने जिला रोजगार कार्यालय शिमला के सहयोग से एक सफल रोजगार मेले का आयोजन किया, जिसमें 650 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण किया। इस कार्यक्रम में आईटी, बीमा और बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ज्वैलर्स, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा सेवाएं और बीपीओ जैसे विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले का उद्घाटन शिमला के माननीय विधायक हरीश जनार्था ने किया, जिन्होंने युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर प्रदान करने में आरजीजीसी, चौड़ा मैदान शिमला और ज़िला रोज़गार कार्यालय, शिमला के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। प्रिंसिपल डॉ. गोपाल चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और युवाओं को प्रेरित किया। जिला रोजगार अधिकारी, सुश्री उमा गुप्ता, वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य डॉ. पीडी कौशल, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. कुंवर दिनेश सिंह और करियर और प्लेसमेंट समिति की संयोजक डॉ. रूबी कपूर भी उपस्थित रही।

### एसआईआरडी कर्मचारियों ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण विकास संस्थान शिमला ने क्रेगनानो में एक दिवसीय पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण ले रहे लगभग 80 व्यक्तियों सहित एसआईआरडी, पीआरटीआई मशोबरा और आरजीएसए के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। संस्थान के उप निदेशक विजय ब्रागटा ने कहा कि पौधरोपण अभियान का उद्देश्य क्षेत्र की हरित क्षमता बढ़ाने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

### दो युवकों से 5.49 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस की विशेष शाखा ने डोहरा के पास कार सवार दो लोगों से 5.49 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस की विशेष शाखा टीम पुलिस लाइन बिलासपुर की तरफ गश्त कर रही थी। इस दौरान जब पुलिस डोहरा के पास पहुंची तो एक कार खड़ी देखी। जिस पर पुलिस कार की तलाशी ली तो कार में फुटमेट के नीचे चिट्टा मिला। आरोपियों की पहचान अजय कुमार (32) और अनिल कुमार (43) निवासी जबली जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

### पौधरोपण से की स्वतंत्रता दिवस सप्ताह की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में इतिहास विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर स्वतंत्रता सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास विभाग द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों की पहल से न केवल छात्रों के ज्ञानवर्धन होता है अपितु उन्हें अपने स्वर्णिम इतिहास के विषय में वे सभी जानकारियां प्राप्त होती हैं जिनमें उनके पूर्वजों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना योगदान दिया। सहायक आचार्य प्रोफेसर हितेश शर्मा ने बताया कि आज स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के प्रथम दिन पौधारोपण कर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई है और इस कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान श्रृंखला का क्रम पूरे सप्ताह चलेगा।




## बच्चों के लिए खेलों का बड़ा महत्व : धर्माणी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनोह में घुमारवीं-2 खंड स्तरीय अंडर-14 (छात्र) टूर्नामेंट के समापन समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस मौके पर उन्होंने इस टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कृत किया और अपने बचपन के अनुभव सांझा किया। अंडर-14 टूर्नामेंट में 25 स्कूलों 359 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए खेलों का बड़ा महत्व है। खेलों से बच्चे स्वस्थ, धैर्य शील, अनुशासन और दृढ़ता,बेहतर टीमवर्क, सहयोग करना और सामाजिक बनना सीखता है।

उन्होंने उपस्थित छात्रों को ओलंपिक खेलों में बेहतर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मनुभाकर और विनेश फोगाट की उपलब्धियों के बारे बताया। उन्होंने कहा कि इन लड़कियों ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने विशेष तौर पर बल देते हुए कहा कि हमारे देश में जो प्रणाली विकसित हुई है, उसमें अच्छे प्रतिभागियों को पीछे किया जाता है आज हर क्षेत्र में सिफारिश चलता है। सिफारिशवादी तंत्र को बढ़ावा न देकर अच्छे प्रतिभागियों को आगे पहुंचाने की आवश्यकता है। बच्चों में सिफारिशवादी तंत्र का जन्म स्कूल स्तर से होता है। ऐसे तंत्र को रोकने की आवश्यकता है और हुनरबाज बच्चों को आगे ले जाने का प्रयास करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस प्रतियोगिता में बालीबाल में मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं विजेता, जबकि शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं उपविजेता रहा। कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर विजेता और रावमापा छात्र घुमारवीं उपविजेता, खो खो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनथर विजेता और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अमरपुर उपविजेता, बैडमिंटन में शिवा इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं विजेता और मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल उपविजेता। इस मौके पर प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

दस्त, पीलिया, टायफस व हेपेटाइटस के लक्षण दिखें तो आएं अस्पताल

# बचानी है जान तो जलजनित रोगों से बरसात में रहें सावधान

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

▶ **स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के लिए जारी की एडवाजरी**



इन दिनों बरसात के दिनों में जलजनित रोगों ने भी पांव पसारने शुरू कर दिए है। ऐसे में लोगों को सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।

आजकल बरसात में पानी के जरिए होने वाले रोगों जिसमें दस्त, आंत्रशोशथ, पीलिया, टायफस तथा हेपेटाइटस प्रमुख है, जिसके प्रति सावधानी बरतना अतिआवश्यक है। इन समस्याओं से बचने के लिए लोग साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, तथा पानी को उबाल कर पीयें, गले-कटे फल सब्जियों व बासी भोजन का इस्तेमाल न करें, शरीर की सफाई का ध्यान रखे तथा हाथों को खाना खाने से पहले व शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह से धोएं और खुले में शौच न करें। साथ ही इस मौसम में पुरे प्रदेश में स्क्रब टायफस के मरीज भी बढ़ जाते हैं तथा विशेष कर जिला शिमला में इसके अधिक मरीज पाए जाते हैं। सीएमओ शिमला सुरेखा चोपड़ा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यदि तेज बुखार हो, उसका कारण स्क्रब टायफस भी हो सकता है। यह रोग एक जीवाणु विशेष रिकटेशिया से संक्रमित पिस्सु माईट के काटने से फैलता है। जो खेतों झाड़ियों व घास में रहने वाले चुहों में पनपता है। यह जीवाणु चमड़ी के माध्यम से शरीर में फैलता है और स्क्रब टायफस बुखार पैदा करता है।

इस बीमारी में तेज बुखार कमप्कंपी के साथ जो 104 से 105 डिग्री तक आ सकता है, इससे शरीर में ऐंठन अकड़न या शरीर टूटा हुआ लगना प्रतीत होता है। सीएमओ ने कहा कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए खेतो व झाड़ियों में काम करते समय पूरा शरीर खास कर टांगे पांव और बाजू ढककर रखें, शरीर की सफाई का ध्यान रखे, घर के चारों और घास खरपवतवार नहीं उगने दें व घर के अंदर और आसपास कीटनाशक दवाओं का छिडाकाव करें। जिला शिमला में स्क्रब टायफस की जांच व उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क किया जाता है।(अनंत ज्ञान)

## नगर निगम के तहत बनने वाले भवनों के नक्शे में अब एक पौधा लगाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, शिमला**

▶ **लोग अब ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं नक्शे**

नगर निगम के तहत बनने वाले भवनों के नक्शे में अब एक पौधा लगाना अनिवार्य है। महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शिमला कंक्रीट का जंगल बनता जा रहा है। ऐसे में ग्रीन इनिशिएटिव लेना बेहद जरूरी है। प्रदेश सरकार ग्रीन हिमाचल की पहल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है।

इसी कड़ी में नगर निगम शिमला ने खास पहल की है। ग्रीन शिमला और क्लीन शिमला पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही नगर निगम ने नक्शों को ऑनलाइन कर दिया है। नक्शे ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं।

वहीं इसी कड़ी में भवनों के नक्शें के साथ एक पौधे को भी शामिल किया जाएगा। लाखों की कीमत से बने भवन के सामने एक पौधा लगाना और उसका पूरी तरह से ख्याल रखना, 'ग्रीन शिमला और ग्रीन हिमाचल' की पहल को बढ़ावा दे सकता है। ग्रीन हिमाचल की पहल को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम शिमला विभिन्न कदम उठा रहा है।

इसी कड़ी में 5 जून (पर्यावरण दिवस) के बाद अभी तक नगर निगम शिमला लगभग 2 हज़ार पौधे लगा चुका है। यह सभी पौधे शिमला और शिमला के आसपास के क्षेत्रों में लगाए गए हैं। इनमें 800 से 900 पौधों को एक ही दिन में लगाया गया है, जिनमें विभिन्न संस्थाओं ने भाग लिया।

## विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, सुन्नी ।** राजकीय महाविद्यालय धामी बीए, बीकाम, बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग संबंधी संपूर्ण जानकारी से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने की। मंच संचालन डॉ दिनेश शर्मा ने किया कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. दिनेश शर्मा ने विद्यार्थियो को महाविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षक वर्ग से परिचित करवाया। प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने अपने संबोधन में कहा विद्यार्थी भविष्य की निधि होता है। शिक्षक वैदिक काल से ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित करते आ रहे हैं। शिक्षक न केवल केरियर चुनने बल्कि अच्छा इंसान बनाने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## श्री नयना देवी में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन




श्री नयना देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़ तथा (इनसेट) महंत बिजली भी टीम के साथ पहुंची मंदिर।



**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में नवरात्रों के दौरान अब तक लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालू मां के दर्शन कर चुके हैं। बुधवार को तीसरे नवरात्रि के दिन अर्द्ध-नागेश्वर संस्था बिलासपुर की महंत बिजली महंत ने भी अपनी पूरी टीम के साथ माता जी के दर्शन किए और दरबार में खूब धमाल किया।

हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी हैं। तीसरे नवरात्र के दौरान भी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल और मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

मेला पुलिस अधिकारी शिव चौधरी भी मेला में कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहे और उनके साथ डीएसपी विक्रांत भी मौजूद रहे। हालांकि मुख्य रूप से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रही। विपिन ने पत्रकारों को बताया कि अभी तक तीन नवरात्रों के दौरान लगभग एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु माता जी के दर्शन कर चुके हैं और अभी भी श्रद्धालुओं का क्रमबद्ध पहुंचना जारी है। मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कुलदीप पठानिया ने की खेल मंत्री से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यालय कक्ष में आयुष तथा युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा के साथ बैठक की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पठानियां ने जिला चंबा में बनने वाले खेल स्टेडियम पर गोमा के साथ विस्तृत चर्चा की। पठानिया ने कहा कि उन्होंने खेल मंत्री से स्टेडियम के निर्माण में तेजी लाने तथा विशेषकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने का आग्रह किया।

इसके अतिरिक्त पठानिया ने आयुष तथा खेल विभाग द्वारा जिला चंबा में की जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों तथा कार्यों पर भी चर्चा की।



खेलमंत्री से मुलाकात करते पठानिया।

पटवारी-कानूनगो महासंघ का सुक्खू सरकार को अल्टीमेटम

## स्टेट कैडर की अधिसूचना जारी की तो होगी कलमछोड़ हड़ताल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पटवारी-कानूनगो महासंघ ने सुक्खू सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि अगर स्टेट कैडर की अधिसूचना जारी की तो कलमछोड़ हड़ताल होगी। पटवारी-कानूनगो महासंघ का अभी भी संघर्ष जारी है। बता दें कि प्रदेश मंत्रिमंडल की 12 जुलाई को सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में पटवारियों और कानूनगो को स्टेट कैडर में बदले जाने का फैसला लिया गया था। जिस पर विरोध जताते हुए संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ ने 15 जुलाई से ऑनलाइन सर्टिफिकेट की सेवाएं न देने का फैसला लिया था।

सुक्खू सरकार को महासंघ का अल्टीमेटमऐसे में पिछले 23 दिनों से ऑनलाइन सर्टिफिकेट न बनने से आम जनता परेशान है। हालांकि महासंघ ने आपदा के कार्य को इस फैसले से बाहर रखा है। वहीं मानवीय पहलुओं को देखते हुए महासंघ मंडी, कुल्लू और शिमला जिले में बादल फटने की घटनाओं के बाद 6 और 7 अगस्त को मास कैजुअल लीव पर जाने का अपना फैसला भी स्थगित कर दिया, इसके साथ ही महासंघ ने सुक्खू सरकार को स्टेट कैडर की अधिसूचना जारी न करने का अल्टीमेटम दे दिया है। इसके बाद भी अगर अधिसूचना जारी होती है तो प्रदेश भर में सभी 3350 पटवारी और कानूनगो कलमछोड़ हड़ताल शुरू देंगे।

### राजस्व मंत्री के साथ हुई बैठक रही बेनतीजा

**हिमाचल** प्रदेश संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ की स्टेट कैडर पर फैसला लेने को लेकर 29 जुलाई को प्रदेश सचिवालय में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ आयोजित हुए बैठक भी बेनतीजा रही थी। हिमाचल प्रदेश संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ के अध्यक्ष सतीश चौधरी का कहना है, प्रदेश के तीन जिलों में बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए जनहित में मास कैजुअल लीव पर जाने के फैसले को स्थगित किया गया है।

## सुन्नी बांध परियोजना स्थल खैरा में धरना दूसरे दिन भी जारी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी बांध जलविधुत परियोजना के खिलाफ प्रभावित पंचायतों द्वारा मांगों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। शिमला ग्रामीण के सुन्नी एवं करसोग क्षेत्र में सतलुज नदी पर निर्माणाधीन 382 मेगावाट की सुन्नी बांध परियोजना की प्रभावित पंचायतों ने मांगों के लिए खैरा में प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सुन्नी व करसोग के प्रभावितों ने मांगों को अनदेखा करने के लिए परियोजना प्रबंधन एवं कंपनी अधिकारियों पर आरोप लगाए। प्रदर्शन में चेबड़ी, ओगली, भराड़ा, बाग, बिंदला, सरत्योला, परलोग तथा अन्य प्रभावित पंचायतों के लोगों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बांध स्थल खैरा में धरना-प्रदर्शन। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को मान नहीं लिया जाता प्रदर्शन जारी रहेगा। हालांकि बुधवार को करसोग के विधायक दीप राज अपने समर्थकों के भी साथ धरनास्थल पर पँहुचे तथा प्रभवितो की मांगों का समर्थन करते हुए परियोजना प्रवंधन को पूरा करने के निर्देश दिए।

परियोजना निर्माण के लिए जहां एक ओर प्रभावितों की ओर से उपजाऊ भूमि न्योछावर की जा रही है, वहीं निर्माण के कारण होने वाले प्रदूषण के साथ बेरोजगारी का दंश भी प्रभावितों को झेलना पड़ेगा।

परियोजना प्रबंधन की ओर से प्रभावित पंचायतों के लोगों को रोजगार मुहैया नहीं करवाया गया है। स्थानीय युवाओं को प्रोजेक्ट में रोजगार की मांग प्रभावितों की मुख्य मांग में शामिल है। नदी में किए जा रहे अवैध डम्पिंग तथा पर्यावरण से होने वाले नुकसान को तुरन्त प्रभाव से रोक लगाने की भी मांग लंबे अरसे से चल रही है। (अनंत ज्ञान)

## कंगना बयान देने से पहले करवाएं दिमाग का इलाज : कौशल

**दशमी रावत, जुब्बल।** प्रवक्ता हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा ने मंडी से सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के पिछले कल के बयान पर तीखी टिप्पणी की है।



कंगना के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेस पर किए गए हमले के जवाब में मुंगटा ने कहा कि कंगना राजनीति में आने के बाद और भी घटिया बयानबाजी कर रही है। कौशल का कहना है कि जिस कांग्रेस सरकार की कार्यशैली की भाजपा के नेता शांता कुमार व पूरा देश तारीफ कर रहा है उन्हें कंगना से सर्टिफिकेट नहीं लेना है। मुंगटा ने कहा कि कंगना को सीएम पर बयान देने से पहले अपने दिमाग का इलाज करवाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिमला-हमीरपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर कंदरौर पुल के पास एक 88 वर्षीय बुजुर्ग कांशी राम निवासी रोहिण जिला बिलासपुर राहगीर मोटरसाइकिल से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुजुर्ग को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि आरोपी मोटरसाइकिल सवार आशीष कुमार निवासी बिनौली डाकघर हरिपुर तहसील देहरा जिला कांगड़ा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है।

## एसडीएम करतार चंद ने दो टीबी मरीजों को लिया गोद

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शाहपुर ब्लॉक में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी शाहपुर करतार चंद द्वारा की गई। मीटिंग का संचालन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स डॉक्टर हरिंद्रपाल सिंह द्वारा किया गया। इसमें ब्लॉक स्तर की अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस मीटिंग में ब्लॉक स्तर पर टीबी रोक की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया कि हर वर्ष शाहपुर ब्लॉक से लगभग 350 रोगी टीबी के पाए जाते हैं। टीवी रोग के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए नय विचारों और रणनीतियां पर विचार विमर्श किया गया। इसी कड़ी में उपमंडलाधिकारी शाहपुर करतार चंद ने शाहपुर ब्लॉक में दो टीबी मरीजों को गोद लिया। उन्होंने शाहपुर की जनता से भी निवेदन किया की इस बीमारी से घबराएं नहीं। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे बड़ी व्यापक संस्कृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आध्यात्मिक एवं समग्र शिक्षा मंच के अंतर्गत गायत्री परिवार के सहयोग से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चिंतन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल के दिशा-निर्देश पर हुआ। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे व्यापक संस्कृति है और इसमें प्रेम, सद्भाव, सहिष्णुता और भाईचारा इसके मुख्य अंग है।

आज के दौर में शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को अपने जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति एडिशनल डायरेक्टर डॉ. राकेश भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षा नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देती है और जीवन को संवारने में इस शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी कड़ी में गायत्री परिवार के जिला संयोजक सेवानिवृत्त आरके टंडन ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पर विस्तार से बच्चों के बीच अपने विचार रखें।



बिलासपुर कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टूडेंट्स व शिक्षक।

**सौगात** मंत्री राजेश धर्माणी ने तड़ोन पंचायत में सब डिपो का किया उद्घाटन

## सहकारी समितियों में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने का होगा प्रयास

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार के टीसीपी, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को तडोन पंचायत में शिव शक्ति कृषि सेवा सहकारी समिति द्वारा चलाए जाने वाले सब डिपो का उद्घाटन कर कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सभी को घर द्वार पर ही सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं के कारण देश और प्रदेश में बहुत विकास कि नई गाथा लिखी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी सहकारी समितियां के कामकाज में पारदर्शिता लाई जाए और वित्तीय अनियमितताओं को रोकने पर बल दिया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास की भाग्य रेखा कहीं जाने वाली सड़कों का जाल विधानसभा क्षेत्र में फैलाया जा रहा है और कई सड़कों को अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन पर कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कई कड़े फैसले भी लिए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने महिला मंडल की मांग पर भवन के लिए फर्नीचर, हाई स्कूल भवन में बोरवेल और स्थानीय युवाओं के लिए बैडमिंटन ग्राउंड बनाने की मांग को जल्द पूरा करने किया जाएगा। इस अवसर पर एआरसीएस भास्कर कालिया, डीएफएससी विजेंद्र पठानिया, पंचायत प्रधान मनोज धीमान आदि उपस्थित रहे।

### धर्माणी ने गाहर स्कूल में 4 कमरों के भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



प्रदेश सरकार में टीसीपी, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण तकनीकी शिक्षा, मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को गाहर पंचायत के अंतर्गत हाई स्कूल गाहर में लगभग 43 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 4 कमरों के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि जल्द ही स्कूल के लिए एक अच्छा भवन का निर्माण किया जाएगा और इसका लाभ स्थानीय बच्चों को मिलेगा। पिछले एक दशक में हिमाचल सरकार ने शैक्षणिक संस्थाओं का बहुत अधिक विस्तार किया है। पूरे प्रदेश में स्कूलों की संख्या लगभग दोगनी हो गई है, लेकिन इन स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या में भारी गिरावट दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या कम है उन स्कूलों को नजदीक के स्कूलों के साथ मिलाया जाएगा ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### मंत्री धर्माणी का सांसद कंगना पर पलटवार

**घुमारवीं।** सांसद कंगना रनौत ने बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा को लेकर केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 1800 करोड़ का पैकेज दिए जाने की बात कही है। जिस पर कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा को लेकर नियमों के तहत 9 हजार करोड़ का क्लेम केंद्र सरकार के समक्ष रखा था, लेकिन आज तक उसमें से कुछ भी राहत राशि केंद्र द्वारा नहीं दी गई है, जिसका प्रमाण केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजटीय भाषण से साफ होता है। उन्होंने कंगना को नसीहत देते हुए कहा कि आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करते समय वह इस तरह के बयानबाजी करने के बजाय अपने संपर्कों का इस्तेमाल प्रदेश को केंद्र से विशेष राहत पैकेज दिलवाने में करे तो ज्यादा बेहतर होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बज्रेश्वरी मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** श्री ब्रजेश्वरी मंदिर कांगड़ा में श्रावण माह के नवरात्रे के तीसरे दिन भी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। शहर के मुख्य तहसील चौक से लेकर मंदिर तक बारिश में भी सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु टोलियो बनाकर मां के दर्शनों को मंदिर में पहुंचे। मंदिर अधिकारी ब तहसीलदार कांगड़ा मोहित रत्न ने बताया की श्रावण नवरात्र के दूसरे दिन मंदिर में 1 लाख 13 हजार 46 रुपए श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में चढ़ाएं गए।

### खाई में गिरी बोलेरो कैंपर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देर रात एक बोलेरो कैम्पर दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरिपुरधार नाहन मार्ग पर हेलिपैड के पास एक बोलेरो कैम्पर एच पी 79- 9488 अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। गाड़ी में सवार कमल ठाकुर पुत्र कुम्भीया राम गांव खड़ाह निवासी की दर्दनाक मौत हो गई। मामले की छानबीन में जुटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय पुलिस हरिपुरधार छानबीन में जुट गई है।

### पुलिस ने ढूंढा 24 घंटे के भीतर खोया बेटा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी की टीम ने लापता चल रहे बच्चे को तलाश कर परिजनों के हवाले किया। घनश्याम झा पुत्र हरिकृष्ण समस्तीपुर बिहार ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उसका बेटा शाम चार बजे के आसपास कहीं चला गया जिसे आसपास के एरिया में सभी दोस्तों मित्रों और रिश्तेदारी में पता किया, लेकिन कहीं नहीं मिला। इस पर बद्दी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए उसे 24 घंटे के भीतर ही ढूंढ कर परिजनों को सौंपा। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली पुलिस ने तुरंत करवाई करते हुए उसे 24 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला, जिसे बाद में परिजनों को सौंप दिया।

### जान से मारने की धमकी देने पर मामला दर्ज

**अर्की ।** पुलिस स्टेशन अर्की में एक अल्पसंख्यक समुदाय के युवक द्वारा दूसरे युवक को जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर 4 के निवासी नितिश भारद्वाज पुत्र भरत भूषण भारद्वाज ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह शाम को अर्की चौगान में टहल रहा था। उसी समय वहां पर इमरान खान, जिसने शराब पी हुई थी वह अपने दोस्त विनोद व अपनी पत्नी के साथ आया एवं उस पर मिलकर हमला कर दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसे चोट भी आई है। डीएसपी संदीप शर्मा ने मामला दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आगामी जांच शुरू कर दी है।

### मंडी-पंडोह के मध्य दो पुलिस चौकियां स्थापित

**अनंत ज्ञान,पंडोह।** मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट पर मंडी पुलिस भी अलर्ट हो गई है। आम लोगों के जानमाल की सुरक्षा और यातायात के जाम से निपटने के लिए चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी-पंडोह के बीच दो अस्थायी चौकियां खोलने का निर्णय लिया गया है। ये चौकियां मंडी की ओर से बिंद्रावणी और पंडोह की तरफ से आर्मी ट्रांजिट कैंप के बाहर अस्थायी रूप से स्थापित कर दी गई है। ये वीरवार से क्रियाशील होंगी। अतिरिक्त एसपी सागर चंद्र ने बताया कि इन दिनों मंडी से पंडोह सड़क मार्ग पर के कई जगह भूस्खलन हो रहे हैं। जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। सड़क जाम भी हो रहा है। ये 24 घंटे क्रियाशील रहेंगी। यहां हर वक्त दो पुलिस जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने मौसम विभाग के अलर्ट पर लोगों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि ब्यास नदी या किसी अन्य नदी नालों में जाने से बचें।

### बाघ के नाखून और गीदड़सिंगी समेत नेपाली गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला ।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। एक नेपाली मूल के व्यक्ति से बाघ के चार नाखून तथा 8 गीदड़ सिंगिया बरामद की गई हैं। पुलिस थाना धर्मशाला के अंतर्गत जब पुलिस टीम गश्त पर थी तो एक व्यक्ति एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम के गेट नंबर-5 के पास स्थित वर्षाशालिका में बैठा मिला। पुलिस टीम को देखकर ये व्यक्ति घबरा गया। शक के आधार पर जब उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास से बाघ के 4 नाखून तथा 8 गीदड़सिंगियां बरामद की गई। आरोपी की पहचान नेपाली मूल के 36 वर्षीय जंग वहादुर पुत्र डली वहादुर निवासी वैरीकर, डाकघर दापा, जिला जुमला, नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस थाना धर्मशाला में आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51 मे मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

# विधानसभा : मानसून सत्र में बरसात में नुकसान पर हंगामे के आसार

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा सत्र में प्रकृति के कहर से नुकसान पर हंगामे के आसार है। 27 अगस्त से मानसून सत्र शुरू हो रहा है। राज्यपाल द्वारा सत्र को मंजूरी भी दे दी गई है है। सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी।

मानसून सत्र में इस बार बादल फटने की घटना और प्राकृतिक आपदा की वजह से हुए नुकसान को लेकर व्यापक चर्चा होने की उम्मीद है। हिमाचल में मानसून की वजह से अभी तक करीब 700 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया जा चुका है और मुख्यमंत्री समेत सत्तादल के तमाम नेता केंद्र सरकार से मदद न मिलने के गंभीर आरोप लगाते रहे हैं। इतना ही नहीं, राज्य सरकार ने पिछले साल हुई आपदा में भीषण नुकसान की केंद्र से भरपाई न होने की भी बात कही है। अब इस बार बादल फटने की घटना से तीन जिलों में भारी नुकसान हुआ है। मंडी, शिमला और कुल्लू में 39 लोगों समेत प्रदेश भर में 40 से ज्यादा लोग अलग-अलग हादसों की वजह से अब भी लापता हैं।

मानसून सत्र में आपदा पर बहस होना तय है। इसके अलावा हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव के बाद राजनीतिक माहौल पर भी बहस होने की संभावना है। बता दें कि पिछले साल विधानसभा के मानसून सत्र में ही हिमाचल को आपदा प्रभावित राज्य घोषित करने और विशेष पैकेज देने का विधेयक लाया गया था। इस दौरान चली लंबी बहस में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपना-अपना पक्ष रखा था, लेकिन विधेयक पारित होने के समय विपक्ष के खामोश रहने पर सत्ता पक्ष ने गंभीर आरोप लगाए थे। सरकार ने 12 हजार करोड़ की आर्थिक मदद का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। बीते साल आपदा में 441 लोगों की मौत हो गई थी, 2621 घर नष्ट हो गए थे। 540 घराट और 5917 गोशालाएं नष्ट हो गई थी। राज्य सरकार का आरोप है कि केंद्र ने एक साल बीत जाने के बावजूद राज्य की मदद को हाथ नहीं बढ़ाए, जबकि केंद्र सरकार के सांसद और प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष समेत तमाम पदाधिकारी केंद्र से मिलने वाली मदद के दुरुपयोग का आरोप लगाती रही हैं। इस बार भी आपदा से काफी नुकसान हो चुका है।

### राज्यसभा सांसद इंदु को बताया

# गुणवत्ता के लिए 83,476 पेयजल सैंपल भेजे : सोमन्ना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में एक प्रश्न के उतर में बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान छह अगस्त 2024 तक हिमाचल प्रदेश की 76 प्रयोगशालाओं में 83,476 पेयजल सैंपल गुणवत्ता के लिए भेजे गए, जिसमें से 83,421 पेयजल सैंपल गुणवत्ता के लिए टेस्ट किए गए।

इनमें से 15 पेयजल सैंपल दूषित पाए गए और इनमे से 6 मामलों में कारवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया की राज्य में पानी की गुणवत्ता को मापने के लिए 62 एनएवीएल प्रमाणित प्रयोगशालाएं हैं।

उन्होंने बताया की हिमाचल प्रदेश के 17,938 गांवों में से 17,573 गांवों की 71,320 महिलाओं को पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए फील्ड टेस्टिंग किट उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया की हिमाचल प्रदेश में पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए राज्य स्तर पर एक प्रयोगशाला, जिला स्तर पर 14 प्रयोगशालाएं , उपमंडल स्तर पर 56 प्रयोगशालाएं तथा 5 मोबाइल बैन प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं तथा कुल 76 प्रयोगशालाओं में से 62 एनएवीएल प्रमाणित प्रयोगशालाएं हैं।

### आउटसोर्स कर्मियों के लंबित वेतन का जल्दी भुगतान करे सरकार

# हर दिन परीक्षा परिणाम जारी करने के आ रहे बयान, परिणाम नहीं : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार बयानबाजी से ही काम चलाना चाहती है। हर दिन बयान आते हैं कि जल्दी ही भर्ती के परिणाम घोषित होंगे। नई नौकरियां निकाली जाएगी, लेकिन यह बातें सिर्फ जुबानी जमा खर्च से आगे नहीं बढ़ पाते हैं।

हर रोज मुख्यमंत्री या किसी न किसी मंत्री द्वारा भर्ती परिणामों के जल्दी से जल्दी जारी होने, नई भर्तियां निकाले जाने की खबरें ही आती हैं, लेकिन कभी परिणाम आने की खबर नहीं आई।

सरकार बयानबाजी के आगे नहीं बढ़ पाई है। डेढ़ साल से युवा सड़कों पर इंतजार कर रहे हैं। आश्वासनों से थककर युवा कर्मचारी चयन आयोग के दफ्तर के बाहर क्रमिक अनशन पर बैठे हैं। इतने लंबे समय तक सिर्फ आश्वासनों से काम नहीं चल सकता है। अब कोरी बयानबाजी करने के बजाय सरकार को परिणाम जारी करना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि कई विभागों में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिल रहा है। बहुत से लोग फोन करके बताते हैं कि वेतन नहीं मिल रहा है। जवाबदेह अधिकारी बजट न होने का हवाला देकर टरका देते हैं। कब तक मिलेगा यह भी पता नहीं। घर से बाहर रह कर काम कर रहे लोगों को हर महीनें रहने-खाने का खर्च भी वहन करना पड़ता है। इसके अलावा और भी पारिवारिक जिम्मेदारियां होती है। ऐसे में लोगों को यदि 4-4, 6-6 माह तक वेतन नहीं मिलेगा तो कैसे काम चलेगा। इस तरह से लंबे समय तक वेतन लटका कर रखना संवेदनहीनता है। सरकार लोगों से जुड़े मुद्दों को संवेदनशील होकर सुलझाए।

आउटसोर्स कर्मियों के बकाया वेतना के भुगतान के साथ समय पर वेतन देने का प्रावधान करे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि डेढ़ साल से सरकार सिर्फ आश्वासन के सहारे चल रही है। अब बयानबाजी से काम नहीं चल सकता है। सरकार अब काम करे और लोगों की समस्याओं का हल निकाले। डेढ़ साल से एक दो हफ्ते में परीक्षा परिणाम जारी होंगे, जैसे बयान सुन-सुनकर सब थक गए हैं। अब प्रदेश के युवाओं को आश्वासन नहीं भर्ती का परिणाम चाहिए। सरकार जल्दी से जल्दी लंबित पड़ी परीक्षाओं के परिणाम निकाले और नई भर्तियों की घोषणा करे।

# सीएम के नेतृत्व में मजबूती से चल रही प्रदेश में सरकार : हर्षवर्धन चौहान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

प्रदेश में इस समय मजबूती के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार चल रही है। भाजपा का मिशन लोटस पूरी तरह फेल हो गया है। हिमाचल में उपचुनाव के बाद एक बार फिर प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देकर सरकार को पांच साल के लिए पक्का कर दिया है।



केबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान का स्वागत करते मेला कमेटी के सदस्य।

यह बाद प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राजगढ़ विकास खंड की ग्राम पंचायत नेईनेटी तीन दिवसीय शनोल मेले के समापन अवसर पर कहीं। चौहान ने कहा हिमाचल देवभूमि है जहां अधिकांश मेले देवी-देवताओं के नाम पर लगते है व प्राचीन परम्पराओं से जुड़े होते है। मेले जहां आपसी एकता-अखंडता एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते है। वहीं इस तरह के मेलों में आयोजित होने वाली खेलकुद प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मनोरंजन होने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने में भी अहम भूमिका अदा करते है।

उन्होंने लोगों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विकास निरंतर होता रहना चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश को ऊंचाइयों पर ले जाने का जो लक्ष्य रखा है, हमें उसमें अपना भरपूर सहयोग देना है।

भाजपा ने सरकार गिराने का पूर्ण प्रयास किया, लेकिन प्रदेश की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया है। कर्मचारियों के डीए व एरियर के भुगतान की देनदारी हमें पूर्व सरकार से विरासत में मिली है। इस मौका पर उद्योग मंत्री ने मेला ग्राउंड के लिए 3 लाख रुपए, शनोल मंच निर्माण हेतु 2 लाख, मंदिर प्रांगण निर्माण के लिए एक लाख, देवी नगरकोटी प्रांगण निर्माण हेतु 2 लाख तथा मेला कमेटी के लिए 25 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आनंद परमार तथा चैयरमेन मंडी समिति सीता राम शर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। इससे पूर्व मेला कमेटी प्रधान कंवर प्रदीप सिंह तथा प्रधान नेईनेटी तारा दत्त ने मुख्य अतिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# 44 हजार डेस्कों की खरीद के 20 करोड़ के टेंडर पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश स्मॉल स्केल फर्नीचर मैन्यूफैक्चरर यूनियन ने राज्य सरकार के जीआईसी उपक्रम की ओर से गई 44 हजार डेस्कों की खरीद के 20 करोड़ रुपए राशि के किए गए टेंडर पर सवाल उठाए हैं। यूनियन ने इस खरीद में बडे घोटाला का अंदेशा जताते हुए इस टैंडर को रद्द करने की मांग की है।



प्रेस वार्ता के दौरान हिमाचल प्रदेश स्मॉल स्केल फर्नीचर मैन्यूफैक्चरर यूनियन के पदाधिकारी।

यूनियन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा को भी ज्ञापन भेज प्रेषित कर केंद्र सरकार इस मामले की जांच करवाने की मांग की है। यहां पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रमेश धीमान, राज्य महासचिव रामलाल व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में गत 13 मार्च को आदर्श चुनाव आचार संहिता लगी व सरकार के एक अधिकारी ने 16 मार्च को टेंडर लगा दिए। सरकार के अधिकारियों द्वारा दो उद्योगों को कार्य देने के लिए बार-बार शर्तों व नियमों में बदलाव किया गया व आनन-फानन में ही आचार संहिता के दौरान ही गत 9 मई को 2 फर्मों को 44 हजार डेस्कों के आर्डर दे दिए गए।

बहाना यह लिया गया कि डैस्क जल्दी चाहिए लेकिन दोनों फर्मों को इन डैस्कों की सप्लाई देने के लिए एक वर्ष का समय दिया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि जल्दी डैस्कों की नही, अपितु आर्डर देने की थी। वहीं स्कूलों से डैस्कों की कोई डिमांड नहीं ली गई तथा ऐसे स्कूलों को ये डैस्क भेजे जा रहे हैं जहां इनकी जरूरत ही नहीं है व ये डैस्क वहां बरामदों में धूल फांक रहे हैं। इन पदाधिकारियों ने कहा कि एक तरफ सरकार द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की बात करती है वहीं दूसरी ओर सीधा बड़ी फर्मों को ये आर्डर देकर लघु उद्योगों का गला घोंटने का कार्य सरकार ने किया है।

ऐसे में अनेकों लघु उद्योग बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल में खरीद के लिए रेट कंट्रोलर स्टोर है लेकिन उसे भी दरकिनार किया गया। यहां तक कि उसकी एनओसी भी नहीं ली गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से गलत तरीके से दो फर्मों को दिए गए आर्डर को रद्द करने की मांग की है।

# विधायक ने द्रंग में रिक्त पदों को लेकर सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान, पधर**

द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर द्रंग विधानसभा क्षेत्र के राजबन, द्रगढ़, गढ़गांव, समालंग, दयोरी में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान और सरकारी संस्थानों में रिक्त चल रहे सैंकड़ों पदों को लेकर सरकार के व्यवस्था परिवर्तन को खूब लताड़ लगाई है। पधर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन स्थानों में नुकसान हुआ है, वहां सरकार सड़कों की हालत को शीघ्र सुधारे। गढ़गांव, द्रगढ़ में अभी तक प्रशासन नहीं पहुंच पाया है। जबकि पिछले एक सप्ताह से प्रशासन राजबन से बाहर नहीं निकल पाया है।

उन्होंने कहा कि द्रंग में इतनी आपदा आई लेकिन न तो सरकार का कोई भी मंत्री राजबन नहीं पहुंचा, जबकि द्रंग के पूर्व मंत्री ने भी लोगों की सुध नहीं ली। वहीं उन्होंने प्रशासन का धन्यवाद किया है कि उन्होंने राजबन में सिर्फ 5 दिनों में मशीनरी पहुंचाकर राहत कार्य को अंजाम दिया लेकिन उन्होंने प्रशासन को कहा कि वे दूसरी तरफ तरसवान पंचायत का दौरा कर वहां के लोगों को भी राहत पहुंचाएं।

द्रंग में 3 सीएचसी हैं। पधर में 2, नगवाई में 4, कटौला में 2, बरोट में डॉक्टरों के 2 पद खाली चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में अन्य 101 पदों में 48 पद खाली चले हुए हैं। 43 हेल्थ सेंटरों में 42 पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पड़े हुए हैं। महिला और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के 86 में से 64 पद खाली चले हुए हैं।

**हिम सिने** — हिमाचल अपने नैसर्गिक सौंदर्य के लिए जाना जाता : प्रो. बंसल

# हिम फिल्मोत्सव के पोस्टर का अनावरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार और नवमीडिया विभाग ने हिम सिने सोसायटी हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में 19 और 20 अक्तूबर को धर्मशाला में होने जा रहे हिम फिल्मोत्सव के पोस्टर का अनावरण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल उपस्थित रहे।




हिम फिल्मोत्सव के पोस्टर का अनावरण करते कुलपति प्रो. बंसल व अन्य।

कुलपति प्रो. बंसल और हिम सिने सोसायटी के सदस्यों ने हिम फिल्मोत्सव के पोस्टर का अनावरण किया। प्रो. बंसल ने कहा कि सोसायटी की ओर से युवाओं को एक मंच प्रदान करने की पहल काफी सराहनीय है। इससे छुपी हुई प्रतिभाएं उजागर होंगी। हिमाचल अपने नैसगिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। विदेशों में भी हिमाचल की खूबसूरती का बखान होता है। यहां पर फिल्मों के निर्माण के लिए अच्छी लोकेशन्स हैं। विदेशों की तुलना में यहां पर काफी कम बजट में फिल्मों का निर्माण हो सकता है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस दिशा में अग्रसर हों, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

विवि का मीडिया विभाग काफी सक्रिय है। आने वाले समय में विभाग में कुछ फिल्म मेकिंग से संबंधित कोर्स शुरू किए जाने पर विचार चल रहा है। ताकि युवाओं को प्रशिक्षण मिल सके।

उन्होंने बताया कि इस उत्सव में 5 लाख तक के पुरुस्कार रहेंगे। फिल्मों में फूहड़ता से अलग हिम सिने सोसायटी अच्छी फिल्म निर्माण की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में भारतीय चित्र साधना में प्रथम पुरुस्कार हासिल करने वाले अश्वनी को सम्मानित किया। उन्हें 'नेक्सट स्पाट फोक म्यूजिक' डाक्यूमेंट्री के लिए पुरस्कार मिला था। कार्यक्रम में अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, प्रो. विशाल सूद, स्कूल के अधिष्ठाता डॉ. राम प्रवेश राय, पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना कटोच, निदेशक शोध प्रो. प्रदीप नायर और मीडिया विभाग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### सिद्धार्थ खेरा का मिला शव

**अनंत ज्ञान,कांगड़ा।** रामपुर में हाइड्रो ग्रीन प्रोजेक्ट में कार्यरत कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के नंदरूल गांव के सिद्धार्थ खेरा का सात दिन बाद शव मिल गया है। 31 जुलाई रात को आई प्रलयकारी बाढ़ के बाद सिद्धार्थ का संपर्क घर वालों से नहीं हुआ था। सिद्धार्थ अपने घर में इकलौता ही नौकरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। उसके पिता दिहाड़ीदार है और भाई छोटा है।



सिद्धार्थ पिछले चार वर्षो से हाइड्रो प्रोजेक्ट में कार्यरत था। वहीं सिद्धार्थ के छोटे भाई सोरब ने बताया उसके पिता अपना डीएनए देने रामपुर गए थे, जोकि वापस आ गए है इसकी रिपोर्ट कुछ दिन बाद आएगी। उन्होंने बताया की उनकी माता का भी डीएनए कांगड़ा अस्पताल में दिया गया है। उनके पिता को वहां पर जो भी डैड बॉडी दिखाई गई, उनमें से सबके चेहरे बिगड़ चुके है। सिद्धार्थ के शव की जानकारी मिलने के बाद गांव में शोक की लहर है।

# तकनीकी विश्वविद्यालय बी फार्मेसी की काउंसिलिंग में 199 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की 5वें चरण की ऑफलाइन काउंसलिंग में 199 सीटें आवंटित की गई। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि छह व सात अगस्त बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसलिंग आयोजित की गई।

पहले दिन एचपीसीईटी की मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी सहित ऑल इंडिया कोटा, बेटी है अनमोल, ईडब्ल्यूएस कश्मीरी विस्थापित व टीएफडब्ल्यू कोटे के तहत 134 अभ्यर्थियों और दूसरे दिन ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उप श्रेणियों के 65 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित गई है, उन्हें नौ अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में सायं चार बजे तक रिपोर्ट करनी होगी। जो अभ्यर्थी आवंटित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट नहीं करेगा, वह सीट खाली मानी जाएगी।



काउंसलिंग के लिए आए हुए स्टूडेंट्स

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रैस्ट फीडिंग बारे महिलाओं को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला के मैटरनिटी वार्ड में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डालना था। इस कार्यक्रम का आयोजन इन्नरव्हील क्लब, धर्मशाला सिविल लाइंस द्वारा किया गया। क्लब की अध्यक्षा निष्ठा वासन और सचिव स्नेह महाजन ने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को स्तनपान के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए प्राकृतिक और सर्वोत्तम आहार है, जो न केवल पोषण प्रदान करता है बल्कि शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। सेमिनार में स्तनपान की सही तकनीक, इसके लाभ, और इससे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा की गई। साथ ही कामकाजी माताओं के लिए स्तनपान को कैसे प्रबंधित किया जाए, इस पर भी मार्गदर्शन दिया गया।

### हिमाचल पेंशनर्स संघ की बैठक में कई प्रस्ताव पारित



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल पेंशनर्स संघ ब्लॉक बैजनाथ की मासिक बैठक बुधवार को ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चड्डा की अध्यक्षता में विश्राम गृह बैजनाथ में हुई, जिसमें जिला प्रधान प्रीतम भारती विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित कर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बैजनाथ के माध्यम से सरकार को भेजने का निर्णय किया गया। एक प्रस्ताव में 2016 से पूर्व व बाद के पेंशनर्स को देय लाभ यथाशीघ्र दिए जाए, मेडिकल बिल का भुगतान यथाशीघ्र किया जाए तथा आयुर्वैदिक चिकित्सालय पपरोला, बैंकों आदि में अलग लाइन का प्रावधान, हिम केयर सुविधा के बंद होने के कारण पेंशनर्स को कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। बैठक में जोगिंद्र सोनी, प्रीतम भारती, त्रिलोकानंद, दुर्गादास आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के दिए टिप्स



**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत बणी कार्यलय में बुधबार का दिन हथकरघा दिवस के रूप में मनाया गया। पंचायत प्रधान बिंदू ठाकुर की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस समारोह मे क्षेत्र भर के विभिन्न आठ स्वयं सहायता समूह के प्रधानों, सचिवों आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान ने स्वयं सहायता समूहों के प्रधान और सचिव सम्मानित भी किए। बिंदू ने महिलाओं को अधिक से अधिक पौधे लगवाने के लिए जागरुक किया। (अनंत ज्ञान)

## बच्चों को 9 को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के उपलक्ष्य पर 9 अगस्त को कांगड़ा जिला के एक से 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी, जबकि एक से पांच वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल के साथ विटामिन-ए की गोली भी खिलाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि नौ अगस्त को एल्बेंडाजोल तथा विटामिन की खुराक से वंचित रहने वाले बच्चों के लिए 16 अगस्त को कवर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के लगभग 2835 सरकारी तथा प्राइवेट स्कूलों तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों कोको इस अभियान के तहत कवर किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि नौ अगस्त को बच्चों को स्कूल तथा आंगनबाड़ी अवश्य भेजें, ताकि बच्चों को देख-रेख में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस वर्ष में दो बार मनाया जाता है। यह दिवस आंत में होने वाले कृमियों से बचाव के लिए मनाया जाता है। इसके लक्षण भूख का कम लगना, कमजोरी, मल में रक्त का आना, पेट में दर्द एवम उल्टी होना है। उन्होंने कहा कि आंत में कृमि के कारण बच्चो में एनीमिया, कुपोषण एवम रोग प्रतिरोध क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आंत कृमि के बचाव के लिए स्वच्छ जल, भोजन का सेवन, खाना खाने से पहले हाथ धोना, खुले में शौच ना करना , शौच के बाद हाथ धोना एवम एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन करना है।

# बदलाव : अपनी जरूरत अनुसार डिपो से तेल व रिफाइंड ले सकेंगे उपभोक्ता

## खाद्य आपूर्ति विभाग ने जारी किया बैकलॉग कोटा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के करीब 20 लाख डिपो उपभोक्ता अब खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से मिलने वाले राशन में सरसों के तेल तथा रिफाइंड ऑयल अपनी जरूरत के हिसाब से ले पाएंगे। विभाग के दिशा निर्देशों के बाद अब डिपो तेल का इस तरह वितरण कर पाएंगे। इससे पहले एक या दो लीटर रिफाइंड व सरसों का तेल ही उपभोक्ताओं को मिलता था। उधर, विभाग ने लाखों उपभोक्ताओं को बैकलोग कोटा जारी कर राहत दी है।

वहीं चने की दाल भी अब डिपुओं में वितरित की जाएगी। सर्वर में दिक्कत, अंगूठा न लगने तथा कुछ खाद्य सामग्री की सप्लाई न आने की वजह से अपना कोटा न ले पाए लाखों उपभोक्ताओं को इस माह पिछले माह का बैकलॉग स्टॉक मिल पाएगा। प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा के 1121 सहकारी डिपुओं को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार सर्वर प्रोब्लम, अंगूठा न लगने तथा समय पर सामान न पहुंचने समेत अन्य कारणों से कई उपभोक्ताओं को गत माह का दालों, तेल व चीनी समेत अन्य कुछ उत्पादों का कोटा नहीं मिल पाया था। ऐसे में विभाग ने लोगों को राहत देते हुए अपना पैंडिंग कोटा जुलाई माह के कोटे के साथ लेने के निर्देश देकर लाखों लोगों को राहत दी है। हालांकि, विभागीय अधिकारियों की मानें प्रदेश के विभाग ने उन्हें राहत देते हुए बैकलॉग स्टॉक देकर राहत दी है। (अनंत ज्ञान)

### इस बार डिपुओं में फिर मिलेगी चने की दाल



### क्या कहते हैं जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक



**उधर,** इस बारे में जब जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अब उपभोक्ता अपनी जरूरत के अनुसार सरसों का तेल तथा रिफाइंड ले सकते हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बताया कि अन्य सामान का गत माह में विभिन्न कारणों के चलते कोटा न ले सके लोग अपना कोटा अगस्त माह में ले सकेंगे। ज्यादातर उपभोक्ताओं को पिछले को ज्यादातर सामान मिल चुका है। उन्होंने बताया कि जून में चीनी तथा तेल की सप्लाई के न आने के कारण काफी उपभोक्ताओं को तेल की आपूर्ति नहीं मिल पाई थी। इसके चलते तेल की आपूर्ति न आने तथा बीच-बीच सर्वर में आने वाली दिक्कत के कारण कुछ लोगों को उनका कोटा नहीं मिल पाया था तथा बैकलॉग कोटा लेने के निर्देशों से उन उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

## धीरा स्कूल में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस



**अनंत ज्ञान, डरोह।** 78वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने हेतु बुधवार को सुबह 11.30 बजे राकेश शर्मा एसडीएम धीरा की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सदस्यों का स्वागत किया गया। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों के ध्यान में लाया गया कि वर्ष 2024 का 78वां स्वतंत्रता दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा के मैदान में मनाया जाएगा।

चर्चा के उपरांत स्वतंत्रता दिवस को उपमंडल धीरा में धूमधाम से मनाने हेतु प्रात: 10.55 बजे मुख्यातिथि का आगमन होगा, 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, 11.05 बजे परेड का निरीक्षण व मुख्यातिथि का संदेश होगा। 11.15 पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और 11.50 पर पारितोषिक वितरण समारोह होगा। इस बैठक में तहसीलदार थुरल सुनील चौहान, धीरा स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, पुलिस चौकी धीरा से मोहिंद्र सिंह, अग्निशमन विभाग धीरा से मदन सिंह, सुभाष कुमार व लोकेश पठानिया, लोक निर्माण विभाग से शशि कांत, कार्यालय बाल विकास अधिकारी विक्रांत कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत नौरा विकास धीमान, प्रधान गगलखोली,उप प्रधान धीरा, गुरदेव, भुट्टू सिंह, नरेश राणा लेक्चर अर्थशास्त्र, गगन सूद आदि उपस्थित रहे।

## हटाए गए रेहड़ी-फड़ी वालों को मिलेंगी स्टेडियम की दुकानें

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर में शनिवार को बस स्टैंड से हटाए गए रेहड़ी-फड़ी वालों को अब जयसिंहपुर स्टेडियम की दुकानें आबंटित की जा रही हैं। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि दुकानों के आवंटन में जरूरतमंद व स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।

एसडीएम ने बताया कि यह 12 दुकानें हैं जो विस्थापित हुए रेहड़ी फडी वालों को दी जा रही हैं। एसडीएम ने बताया कि इन दुकानों का किराया न्यूनतम रखा गया है जो रेहड़ी-फड़ी वालों से चर्चा के बाद ही तय किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि जो भी दुकान लेगा उसके साथ एक एग्रीमेंट होगा। जिसमें उसे तीन महीने का किराया एडवांस में चेक के माध्यम से देना होगा।

दुकानदार प्रशासन की अनुमति के बिना दुकान में कोई तोड़-फोड़ या आगे नहीं बढ़ा पाएगा। अगर वह ऐसा करेगा तो उसका एग्रीमेंट कैंसिल हो जाएगा और उसे तुरंत दुकान खाली करनी होगी। एसडीएम ने बताया कि कुछ कागजी औपचारिकताओं के बाद शीघ्र ही यह दुकानें विस्थापित रेहड़ी-फड़ी वालों को आबंटित कर दी जाएंगी। एसडीएम ने बताया कि स्टेडियम की पुरानी दुकानों के लिए भी प्रशासन व खेल विभाग शीघ्र फैसला लेगा। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा की घटनाएं निंदनीय

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिन्दुओं पर हो रही हिंसा, लूटपाट और हिन्दू मंदिरों की तोडफोड़ घोर निंदनीय हैं। भारत गठबंधन के संयोजक मंडल के प्रमुखों सर्वश्री स्वाभिमान पार्टी राष्ट्रीय



कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद, समग्र विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल,अखिल भारतीय हिंद क्रांतिदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश त्रिपाठी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के त्याग पत्र देने तथा भारत आने के बाद उपद्रवियों द्वारा बांग्लादेश में एक होटल में 24 लोगों को जिंदा जलाने, हिंदुओं के मंदिरों, घरों और दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ से विश्व भर के हिन्दु जनमानस की भावनाओं गहरा अघात पहुंचा है। उन्होनें प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पर दबाव बनाकर बांग्लादेश में हिंदू जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## भोडा स्कूल में पौधरोपण पर बच्चों को दी विशेष जानकारी

**राकेश डोगरा, डरोह**



बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोड़ा में ईको क्लब भोडा के बैनर तले पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल, स्कूल ईको क्लब अधिकारी राजीव शर्मा व महिला अधिकारी रुचिका राणा ने बच्चों संग विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने के लिए जमीन तैयार की।

मंच संचालन राजन सूद द्वारा किया गया और बच्चों को पौधरोपण हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को अपने संबोधन में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौधों की भूमिका तथा जीवन संरक्षण हेतु जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल परिसर में अमरूद का पौधा भी लगाया गया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार, रूबी, संदीप, संजय कटोच, राकेश चंद्रकिशोर, विजय आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सिने जगत



## मल्लिका शेरावत के लिए उम्र महज एक संख्या

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत बेशक फिल्मों से दूर है, लेकिन आज भी उनके हजारों दीवाने हैं। वह अपनी फिटनेस के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी खूबसूरती को देखकर ऐसा लगता है कि उनके लिए उम्र महज एक नंबर है। मल्लिका ने हाल ही में अपनी फिटनेस का राज खोला है। उन्होंने फिट और ग्लोइंग रहने के लिए अपने फेवरेट ड्रिंक का खुलासा किया। मल्लिका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक हेल्दी ग्रीन जूस पीती नजर आ रही हैं। यह जूस हरे पत्तेदार सब्जियों, खीरे, हरे सेब और नींबू से बना है। उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'ग्रीन जूस मेरा फेवरेट ड्रिंक है'। मल्लिका हाल ही में पेरिस में छुट्टियां मनाने के बाद कैलिफोर्निया लौटी हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें घर वापस आकर कैसा लग रहा है। मल्लिका ने अपने पालतू डॉगी के साथ खेलते हुए एक वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, 'घर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है, लॉस एंजिल्स, मुझे तुम्हारी बहुत याद आ रही थी।'

## बालों की चोटी घुमाकर सनी लियोनी ने की मस्ती





**बॉलीवुड** की हॉट एंड बोल्ड एक्ट्रेस सनी लियोनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे अपनी फोटो और वीडियो के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। सनी का हर एक पोस्ट इंटरनेट पर वायरल होता है। अब सनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे व्हिप माई हेयर सॉन्ग पर झूमती नजर आ रही हैं। बता दें कि व्हिप माई हेयर एक इंग्लिश सॉन्ग है, जिसे अमेरिकी एक्ट्रेस व सिंगर विलो स्मिथ ने गाया है। यह गाना 2010 में रिलीज हुआ था और यह उनका डेब्यू सिंगल था। गाने के लिरिक्स और म्यूजिक आत्मविश्वास की भावना को बढ़ावा देते हैं। सनी लियोनी ने इस गाने पर एक रील शेयर की। वह येलो शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं, उन्होंने बालों की पोनीटेल बनाई हुई है। वह इस गाने पर अपनी पोनीटेल को घूमाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक फैन ने मजाकिया अंदाज में लिखा- नौटंकी गर्ल। वहीं, दूसरे फैन ने लिखा, आप हर किसी के दिल की [ीन हैं। एक अन्य फैन ने लिखा, ब्यूटीफुल डॉल। इस रील को शेयर करते हुए सनी लियोनी ने कैप्शन में लिखा, व्हिप इट बेबी। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सनी ने हाल ही में तमिल फिल्म कोटेशन गैंग का फर्स्ट लुक जारी किया, इसमें ग्लैमरस अवतार को छोड़ वह एक ग्रामीण माफिया सदस्य की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस पोस्टर में उन्होंने एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन पकड़ी हुई है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ के अलावा द फैमिली मैन फेम प्रियामणि भी लीड रोल में हैं। इसके अलावा, सनी के पास लेखक अनुराग कश्यप की कैनेडी भी है। इस फिल्म का प्रीमियर पिछले साल कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और जल्द ही इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा, वह हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा के साथ एक और फिल्म पर काम कर रही हैं। उनके अपकमिंग मलयालम प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

## सुरेश वाडेकर... संगीत का वह जादूगर जिसने लाखों दिलों को मोहा



**महाराष्ट्र** के कोल्हापुर में जन्मे सुरेश वाडेकर ने भारतीय संगीत जगत में एक ऐसा मुकाम हासिल किया जिसके लिए लाखों लोग तरसते हैं। उनकी आवाज में एक ऐसी जादुई ताकत है जो सुनने वालों को मंत्रमुग्ध कर देती है। उनका बचपन से ही संगीत के प्रति गहरा लगाव रहा है। अपने पिता की चाहत को जीवंत बनाने के लिए उन्होंने संगीत की शिक्षा ली। उन्होंने हिंदी के साथ-साथ मराठी फिल्मों में भी कई गाने गाए हैं। उनकी आवाज में एक खास बात यह है कि वह किसी भी गाने को अपनी आवाज से और भी खूबसूरत बना देते हैं। उन्होंने अपनी शानदार गायन कला से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले कई लोकप्रिय गानों को जीवंत बना दिया। उनके कुछ लोकप्रिय गानों में 'सीने में जलन आंखों में तूफान सा क्यों है' (गमन 1978), 'मेरी किस्मत में तू नहीं शायद' (प्रेम रोग 1982), 'ए जिन्दगी गले लगा ले' (सदमा 1983), 'तुमसे मिलके ऐसा लगा तुमसे मिलके' (परिंदा 1989), 'सपने में मिलती है' (सत्या 1998) आदि शामिल हैं। इन गानों ने लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। सुरेश वाडेकर ने न सिर्फ हिंदी फिल्मों में बल्कि कई भजनों के लिए भी अपनी आवाज दी है। उनकी आवाज में एक ऐसी गहराई है जो सीधे दिल तक पहुंचती है। उनकी आवाज में एक खास तरह का भाव होता है जो सुनने वालों को भावुक कर देता है। वह अपनी आवाज से एक जादू पैदा करते हैं जो लोगों को उनकी तरफ आकर्षित करती है। उन्होंने संगीत की दुनिया में कई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। संगीत के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को लोग सहेज कर रखते हैं। यह संगीत के क्षेत्र में एक ऐसी विरासत है जिसे सहेज कर रखने की जरूरत है। उन्होंने एक संगीत स्कूल भी खोला है जहां वह युवा गायकों को प्रशिक्षण देते हैं। वह व्यक्ति त्व से बहुत ही विनम्र और सरल हैं।



## 'मुंज्या' की 'बेला' उर्फ शरवरी वाघ बनीं आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार

**बॉक्स** ऑफिस पर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' को जबरदस्त रिस्पांस मिला है। इस मूवी में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने बेला का किरदार अदा कर फैंस का दिल जीत लिया। अब उन्हें आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर अवॉर्ड मिला है। बता दें कि मैडॉक फिल्म्स के सुपरनैचुरल यूनिवर्स से संबंधित 'मुंज्या' 2024 की ब्लॉकबस्टर हिट बन गई, और सिनेमाघरों में जमकर धमाल मचाया। ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर अवार्ड मिलने पर शरवरी ने कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद, आईएमडीबी। मैं इस अवार्ड को पाकर बहुत खुश हूं। यह अविश्वसनीय है। मैं उन सभी फैंस और ऑडियंस की आभारी हूं, जिन्होंने मेरे हर काम को पसंद किया और मुझ पर प्यार बरसाया। यह अवॉर्ड उन स्टार्स को मान्यता देता है जो आईएमडीबी ऐप पर पॉपुलर इंडियन सेलिब्रिटीज लिस्ट में स्ट्रांग परफॉर्मर हैं। यह लिस्ट दुनिया भर में आईएमडीबी पर 250 मिलियन से ज्यादा मंथली विजिटर्स के पेज व्यू को दर्शाती है। शरवरी स्ट्रीमिंग फिल्म 'महाराज' में भी स्पेशल अपीयरेंस में नजर आई। इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद ने डेब्यू किया। इसमें जयदीप अहलावत भी लीड रोल में नजर आए।






## 'कल्कि 2898 एडी' चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

**'कल्कि 2898 एडी'** भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फिल्म कल्कि 2898 एडी जवान को पछाड़ते हुए भारत की की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म कल्कि 2898 एडी ने भारत में नेट 640.60 करो रुपए की कमाई कर ली है। कल्कि 2898 एडी ने फिल्म 'जवान' का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। जवान ने भारतीय बाजार में नेट 640.25 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कल्कि 2898 एडी से आगे इस लिस्ट में 'बाहुबली 2' ,केजीएफ 2 और आरआरआर शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### चौहान ने बारिश में हुए नुकसान का लिया जायजा



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने डरोह, गढ़ बसदी तथा केदारा के क्षेत्रों में बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान सिंचाई एवं पेयजल विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उनके साथ उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तुरंत मरम्मत का कार्य शुरू करवाने के लिए कहा। चौहान ने कहा कि वह पूरी विधानसभा का खुद निरीक्षण कर रहे हैं तथा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कहीं भी कोई ऐसा कोना न बचे, जहां पिछले साल की तरह कोई तबाही हो। उन्होंने युवाओं और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे कठिन घड़ी में विभागों और जनता का पूर्ण साथ दें। (अनंत ज्ञान)

### कोसरी में वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा



**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव कोसरी के आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोसरी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। अतः निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में लाभार्थियों को योग के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में जागरूक किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शिवाका मन्हास, योगा गाइड भारती, आशा वर्कर कंचन और हिमाल सिंह ने सेवाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### बिना टेंडर काम करवाने का आरोप लगाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने प्रेस वार्ता में कहा कि उपायुक्त कार्यालय तथा उपायुक्त आवास में लगभग 20 लाख के कार्य बिना टेंडर प्रक्रिया को अपनाए ही किए जा चुके हैं। इन कार्यों को करवाने के लिए 10 लाख की धनराशि लोक निर्माण विभाग धर्मशाला को जारी की जा चुकी थी, लेकिन ने बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए ठेकेदार से मौके पर कार्य करवा लिया, जिसके बाद में 2 बार टैंडर लगाने का असफल प्रयास अधिकारियों द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों ने बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए कार्य को करवा लिया है जिससे सरकार को भी आर्थिक रूप से हानि हुई है तथा टैक्स देने वाले नागरिकों के धन का दुरपयोग किया गया है।

### थपकौर में 9.53 ग्राम हेरोइन सहित 2 काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत 9.53 ग्राम हेरोइन सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। यह सफलता एएसआई सुरेश कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी रॉकी कुमार, मानद मुख्य आरक्षी मनोहर लाल, संजय व आरक्षी अमित कश्यप की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम को नाकाबंदी के दौरान भदरोया स्थित थपकौर में मिली। एडिशनल एसपी राजेंद्र जसवाल ने बताया कि उक्त टीम कंडवाल के पास टिप्परी में थी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति भदरोया से डमटाल की तरफ एक हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल ( पीबी 35 एएच 7833 ) पर आ रहे हैं और उनके पास कुछ वर्जित पदार्थ हो सकता है। जिस पर उक्त टीम ने नाके के दौरान उस मोटरसाइकिल को पकड़ा जिस पर 30 वर्षीय राहुल पुत्र तरसेम लाल, घरथौली मोहल्ला, तथा 33 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र कमल कुमार, निवासी चार मरला, जिला पठानकोट की तलाशी के दौरान उनके पास से उक्त मात्रा में हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ। पुलिस ने हेरोइन व मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विधायक मलेंद्र ने खेल मैदान का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसंतपुर के 15 लाख की लागत से बनने जा रहे खेल के मैदान का शिलान्यास किया। स्कूल में



पहुचने पर उनका ग्रामीणों व स्कूल स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर उनके साथ तमाम विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। विधाय के कहा कि यह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। जल्द ही यह मैदान बनकर तैयार होगा, जिसका क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और हल भी किया। स्कूली बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति पर उन्होंने अपनी ओर से 11000 देने की घोषणा की।

### नूरपुर में लगाए जाएंगे आठ हजार पौधे : अमित

**संजीव महाजन, नूरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए वन महोत्सव अभियान के तहत नूरपुर वन अधिकारी अमित शर्मा की अध्यक्षता में नूरपुर वन मंडल में 75वां वन महोत्सव मनाया।



इस मौके पर पुलिस जिला नूरपुर एसपी अशोक रतन मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा नूरपुर एसडीएम गुरसिमर सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। इस महोत्सव का थीम एक पौधा मां के नाम रहा। अमित ने बताया कि कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए आज हमने वन महोत्सव किया है क्योंकि वे सरकारी स्कीमों को लोगों तक पहुंचाने काफी सहयोग करते हैं। इस क्षेत्र में आठ हजार पौधे लगाएंगे। यह वन महोत्सव सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार विभिन्न मंडलों में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह, तहसीलदार राधिका, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# लग वलियाणा स्कूल में अध्यापक की नियुक्ति के लिए सड़कों पर उतरेंगे अभिभावक

## शिक्षा विभाग व सरकार के खिलाफ रोष, डेढ़ वर्ष से शास्त्री शिक्षक का पद खाली

**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से गुणात्मक शिक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल स्तर पर यह सब शून्य ही है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लग वलियाणा का भी आजकल यही हाल है। एक तरफ सरकार जहां बेहतर शिक्षा की बात करती है, दूसरी ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है, तो वहीं, इस नारे की साफ तौर पर धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं, जिसका ताजा उदाहरण इन दिनों लग बलियाणा स्कूल में आम देखा जा सकता है। छात्रों के अविभावकों को अपने अधिकार के लिए अब सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

हैरानी की बात तो यह है कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खू के यह सुसराल का क्षेत्र है और उनके सुसराल के कई शिक्षण संस्थान बिना टीचरों के चले हुए हैं जो कि किसी दुर्भाग्य से कम नहीं है।




बुधवार को पीटीए प्रधान तरसेम सिंह के नेतृत्व में यहां जमा हुए अविभावकों का अरोप है कि अगामी 20 दिनों के भीतर यहां शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे तो मजबूरन धरना-प्रदर्शन या चक्का जाम करने पर विवश होना पड़ेगा।

अविभावकों का अरोप है कि गत 4 अप्रैल 2023 यानी डेढ़ साल से यहां लगातार शास्त्री अध्यापक का पद रिक्त चला हुआ है। प्रवक्ता इतिहास का पद 12 फरवरी 2024 से खाली है, इतना ही नहीं राजनीतिक शास्त्र का पद 31 जुलाई से रिक्त हो गया है, क्लर्क का पद एक वर्ष से खाली है और पीटीए टीचर का पद शुरू से ही नहीं खाली चला हुआ है। उसके बाद आज दिन तक इन खाली पदों को नहीं भरा गया, जिससे अब यहा शिक्षा ग्रहण करने वाले तमाम स्कूली छात्रों के भविष्य पर अब तलवार लटकना शुरू हो गई है। हैरानी की बात तो यह है कि अगर किसी स्कूल में एसएमसी कमेटी के तहत टीचर रखे भी हुए थे तो उन टीचरों पर सरकार ने अब रोक लगा दी है जिससे अब समस्या और बढ़ने लगी है। वहीं, अविभावकों का अरोप है कि इस बारे कई बार स्कूल प्रशासन ब विभागीय अधिकारियों से भी बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं प्रधानाचार्य**

**जब** इस बारे स्कूल प्रधानाचार्य गोविंद सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को यहां टीचरों की कमी के बारे मे मांग पत्र दिया गया है, जैसे भी वहां से टीचरों की तैनाती होती है तो खाली पद भर दिए जाएंगे।

# राज्यपाल ने अरनी विवि में मेधावी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को सम्मानित करते चांसलर, डॉ. विवेक सिंह।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी यूनिवर्सिटी में 'द शाइनिंग स्टार रिवॉर्ड्स' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्टता को मान्यता देने और उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिरकत की।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण अरनी विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित करना रहा। राज्यपाल के द्वारा चांसलर, डॉ. विवेक सिंह के उनके शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में योगदान को सराहा गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद् और छात्र उपस्थित थे।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्नी के छात्रों अभिषेक ठाकुर, दिलावर शेख, अरिषा, स्नेह राठौर आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें प्रेरित किया कि वे निरंतर परिश्रम और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहें। इस कार्यक्रम ने छात्रों को प्रोत्साहित करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)



### बालकरूपी स्कूल में मनाया 'एक पौधा मां के नाम' वनमहोत्सव

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालकरूपी स्कूल के प्रांगण में एनएसएस और ईको क्लब ग्रीन ड्राइव ने वनमहोत्सव 'एक पौधा मां के नाम' मनाया। जिसमें लगभग 50 बच्चों ने फलदार पौधे, औषधीय पौधे और अन्य लगभग 100 पौधे लगाए। प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार ने भी पौधरोपण किया। उनके साथ ईको क्लब इंचार्ज तिलक राणा, एनएसएस इंचार्ज रिंकल धीमान ने भी पौधे लगाए। (अनंत ज्ञान)

## सलिहार में हुआ 75वें वन महोत्सव का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के सलिहार में बुधवार को विधायक संजय रतन की अध्यक्षता में 75वें वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर आंवले का पौधा रोपित कर सबको पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विधायक ने लोगों को हर वर्ष एक-एक पेड़ लगाने और उसके संरक्षण की बात कही। उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए वनों के संवर्धन और संरक्षण पर बल दिया।

वन मंडल देहरा में 300 हेक्टेयर भूमि पर 2 लाख 50 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में स्थानीय लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों का भावात्मक जुड़ाव उस पौधे से हो। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने उपस्थितजनों का आह्वान करते हुए कहा कि वे न केवल पौधों का रोपण करें, बल्कि एक पेड़ बनने तक इनकी निरंतर देखभाल भी करें। संजय रतन ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में कई पहल कर रही है। इसके लिए खाली पड़े सूखे पहाड़ों पर एक समग्र अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। वन संपदा के संरक्षण एवं उचित दोहन के लिए भी प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस कार्यक्रम में डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा, असिस्टेंट कमांडेंट एसएसबी सपड़ी जिया लाल, तहसीलदार ज्वालामुखी मनोहर लाल, तहसील कल्याण अधिकारी ज्वालामुखी आदर्श शर्मा, करणवीर पटियाल, धर्मेंद्र शर्मा व विद्यार्थी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## न्यूगल खड्डु में अवैध खनन कर रहे 4 ट्रैक्टर पकड़े



**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के अक्षैणा में न्यूगल खड्डु में हो रहे अवैध खनन को लेकर धीरा प्रशासन करवाई कर रहा है। बुधवार को एसडीएम धीरा राकेश शर्मा ने कार्यालय अधीक्षक अमित राणा एवं धीरा पुलिस चौकी के मदन लाल और राकेश शर्मा सहित खनन क्षेत्र पर पहुंचकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसडीएम ने अवैध खनन करते चार ट्रैक्टरों को मौके पर पकड़ा और जुर्माना किया।

## क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र में रिक्त सीटों को भरने के लिए काउंसिलिंग 12 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विवि क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र खनियारा में शिक्षा सत्र 2024-25 में विभिन्न संकायों में रिक्त सब्सिडाइज तथा नॉन सब्सिडाइज सीटों को भरने के लिए 12 अगस्त को क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र में काउंसलिंग रखी गई है।

यह जानकारी क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रो. डीपी वर्मा ने देते हुए बताया कि हिमाचल विवि द्वारा एमए संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, एम कॉम, एमएससी गणित, एमसीए तथा एमएससी ज्यूलॉजी में रिक्त सब्सिडाइज तथा नॉन सब्सिडाइज सीटों के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 12 अगस्त को दस बजे आवेदन फार्म तथा 200 रुपए के आईपीओ तथा डिमांड डाफ्ट सहित काउंसिलिंग में भाग ले सकते हैं। मेरिट के आधार पर ही सीटें भरी जाएंगी। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों ने विवि में पहले आवेदन नहीं किया है उनको सामान्य वर्ग के 700 रुपए का डाफ्ट तथा एससीएसटी वर्ग के अभ्यर्थी 350 का डाफ्ट संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा देने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## भवारना में महिलाओं को स्तनपान के बताए लाभ

**डरोह।** बुधवार को स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एमएमयू 3 भवारना ने सिविल अस्पताल भवारना के मीटिंग हॉल में स्तनपान जागरूकता और तकनीकों पर आधारित एक घंटे का इंटर एक्टिव सत्र आयोजित किया। इस सत्र में 'द हंस फाउंडेशन' के डॉ. विकास कंठवाल, एसपीओ बनीता चौहान और लैब तकनीशियन कमल कुमार, सिविल अस्पताल भवारना की स्वास्थ्य शिक्षिका दया, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अंकुश मिन्हास, आशा कार्यकर्ता, स्तनपान कराने वाली माताएं और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। सत्र के दौरान स्तनपान के अन्य लाभों जैसे आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करना, रोग प्रतिरोधक सुरक्षा, मां-बच्चे के बीच बंधन को मजबूत करना और माताओं के स्वास्थ्य जोखिम को कम करना आदि पर प्रकाश डाला गया। एसपीओ ने हंस फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में दर्शकों को जागरूक किया।

## 146 ग्राम चरस समेत युवक गिरफ्तार



जमानाबाद में चरस के साथ पकड़े गए आरोपी के साथ कांगड़ा पुलिस।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

नशा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस आए दिन बड़ी कार्रवाई करती नजर आ रही है। कांगड़ा पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को कांगड़ा पुलिस रोजाना की तरह गश्त पर निकली हुई थी। इसी दौरान कांगड़ा के साथ लगते गांव जमानाबाद में पुल के पास एक युवक की गाड़ी को पुलिस ने रोका और उस गाड़ी में चरस बरामद की गई।

मामले की जानकारी देते हुए कांगड़ा डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि कांगड़ा पुलिस रोजाना की तरह गश्त पर थी जैसे ही कांगड़ा पुलिस ने इस युवक की गाड़ी रोकी तो इस युवक ने हड़बड़ाहट में एक पार्सल नीचे फैंक दिया, जिसमें की 146 ग्राम चरस थी। उन्होंने बताया कि युवक संजीव कुमार मनाली के एक निजी होटल में कार्यरत है जो कि मनाली से आ रहा था।

**आरोपी पार्सल में छुपाकर लाया था चरस**

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने टांडा अस्पताल का किया दौरा

**आशीष दमीर , कांगड़ा**

बुधवार को राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने टांडा का दौरा किया। दरंग विधानसभा क्षेत्र मंडी के गांव राजवन में बादल फटने से एक ही परिवार के 9 लोगों की डेड बॉडी मिल गई है और एक डेड बॉडी की तलाश जारी है, इसी परिवार के राम सिंह रामू जो कि टांडा हॉस्पिटल में उपचाराधीन है।

इस घटना को सुनते ही पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ठाकुर कॉल सिंह टांडा में पहुंचे और जो राम सिंह रामू टांडा हॉस्पिटल में उपचाराधीन है, उनका हालचाल पूछा और उन्हें और वहां पर आए उनके रिश्तेदारों को हौसला दिया और फौरी राहत दी। डॉक्टर को हिदायत दी कि इनका पूरा ख्याल रखा जाए। अकेला यह ही परिवार में बचा है यह बहुत ही दर्दनाक हादसा इस परिवार के साथ हुआ है।

इस मौके पर उनके साथ प्रदेश के प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पंडित अशोक हिमाचली, प्रदेश सचिव राजेश राजा, कांग्रेस नेता अश्वनी काला एवं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता इस दुख की घड़ी में टांडा हॉस्पिटल में शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)






**प्रस्तुति** | अगली रिहर्सल 9 अगस्त को होगी, जिला बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम लमीनी में बच्चों ने दी प्रस्तुति

# सहायक आयुक्त ने की स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

डिप्टी कमिश्नर पठानकोट आदित्यन उप्पल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी (सै) राजेश कुमार और जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार की देख-रेख में मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स स्टेडियम लमीनी में जिला स्तर पर स्वतंत्रता दिवस मनाने की रिहर्सल की गई, जिसमें विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों द्वारा प्रस्तुति दी गई।





असिस्टेंट कमिश्नर जनरल अभिषेक शर्मा मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए तथा (दाएं) कार्यक्रम प्रस्तुत करते एनसीसी कैडेट्स।

रिहर्सल के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर जनरल अभिषेक शर्मा मुख्य तौर पर पहुंचे और रिहर्सल का जायजा लिया। सबसे पहले एनसीसी कैडेट्स और नॉन एनसीसी कैडेटों ने मार्च पास्ट कर असिस्टेंट कमिश्नर जनरल अभिषेक शर्मा को सलामी दी। इसके बाद एवलॉन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य, जवाहर नवोदय विद्यालय ने समूह नृत्य, महाराणा प्रताप स्कूल, क्राइस्ट द किंग कॉन्वेंट स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल जंडवाल और प्रताप वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया।

अंत में विद्यार्थियों द्वारा पंजाब के लोक नृत्य गिद्दा एवं भांगड़ा प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि असिस्टेंट कमिश्नर जनरल अभिषेक शर्मा ने कार्यक्रम की समीक्षा की तथा विभिन्न कार्यक्रम प्रभारियों को आवश्यक टिप्स दिए। जिला शिक्षा अधिकारी (सै) राजेश कुमार और जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार ने बताया कि अगली रिहर्सल 9 अगस्त शुक्रवार को जिला बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम लमीनी में होगी। इस मौके पर डीपीआरओ राम लभाया, डीएसओ जगजीवन सिंह, हरसिमरनजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, नीरज पराशर, सीमा देवी, संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### शांति निकेतन स्कूल भरेड़ी के विजेताओं का सम्मान



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** शिक्षा खंड भोरंज में मुख्यमंत्री आदर्श भोरंज स्कूल में अंडर-14 लड़कों की तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैडमिंटन में उपविजेता रहा। वहीं, स्कूल का चेस प्लेयर तृतीय स्थान पर रहा। इस मौके पर शांति निकेतन स्कूल की प्रधानाचार्य दीपा शर्मा, प्रबंधक पंकज भारद्वाज व स्कूल स्टाफ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। स्कूल परिसर में विजेता खिलाड़ियों के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाई गई। प्रधानाचार्य दीपा शर्मा ने बताया संयम व रिशी ठाकुर जिला स्तरीय वॉलीबाल टीम के लिए चयनित हुए और रोबिन का चयन जिला स्तरीय चेस के लिए हुआ है।

### भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के गीता भवन नादौन में अतुला बस्सी द्वारा अपने पति काली दास बस्सी की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। इससे पहले भागवताचार्य पंडित अंकुश शर्मा के नेतृत्व में नादौन शहर में बैंडबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सुभाष बस्सी, संगीता बस्सी, सुभम बस्सी, राज कुमार सौंधी, उषा सौंधी, कपिल बस्सी, विनोद बस्सी, रिथम बस्सी, प्रमोद कपिल, शमा कपिल, पवन संग्राय, अशोक कपिल, राकेश कपिल, रमेश नैयर, अजय सेठी, अरविंद सरीन, निशु, मनु, बंदना, शिखा, मंजू सौंधी, किरण सौंधी के अलावा महिला मंडल सहित धार्मिक मंडल की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कथा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए भागवताचार्य पंडित अंकुश शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की महिला का गुणगान करते हुए कहा कि हमें श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा बड़े सौभाग्य और पुण्य से प्राप्त होती है। इस लिए जहां कहीं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो, वहां जरूर प्रभु की महिमा का गुणगान सुनना चाहिए।

### डीडीएम लॉ कॉलेज में बीएएलएलबी का प्रथम सत्र शुरू



**नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज, कल्लर जलाड़ी में 2024-29 के बीएएलएलबी प्रथम सत्र का साईं वंदना के साथ आगाज किया गया। इस दौरान ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से उन्हें पांच वर्षीय बीएएलएलबी पाठ्यक्रम की जानकारी दी। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में छात्रों को उनके भविष्य संबंधी अवसरों के बारे में भी जागरूक किया गया और साथ में लॉ की पढ़ाई से उनको भविष्य में होने वाले नौकरीपेशा संबंधित अवसरों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश व प्रधानाचार्य डॉ. नंदाचिरंजीवी राव ने कॉलेज प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस मौके पर सहायक प्राचार्य विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को कॉलेज नियमों के बारे में बताया। इस मौके पर कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहा।

### कर्नल रावत ने हिम अकादमी स्कूल का किया दौरा



**हमीरपुर।** कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस रावत ने विकास नगर, हमीरपुर में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्नल रावत ने स्कूल के एनसीसी कैडेटों से मुलाकात की। उन्हें गहन चर्चाओं में शामिल किया और अपने मूल्यवान अनुभव साझा किए। बातचीत का उद्देश्य युवा कैडेट्स को उनकी भूमिकाओं में अनुशासन और समर्पण के महत्व पर जोर देते हुए प्रेरित करना था। यह दौरा स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण घटना साबित हुआ, जिसने अपने छात्रों के बीच उत्कृष्टता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

### भोरंज में विकास को देखकर बौखलाए भाजपाई : बन्याल



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भाजपा के कुछ छुटभैया नेता भोरंज में हो रहे विकास कार्यों को नहीं पचा पा रहे हैं और आकारहीन व तथ्यहीन बयानबाजी विकास कार्यों को लेकर कर रहे है। भाजपा के छुटभैया नेता भोरंज में हो रहे सड़क निर्माण कार्यों व अन्य कार्यों को अपने कार्यकाल के स्वीकृत हुआ बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भोरंज ब्लॉक कांग्रेस ने प्रेसवार्ता करके विकास कार्यों का विवरण दिया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह बन्याल ने कहा कि भाजपा ने पिछले 35 वर्षों में भोरंज में कुछ नहीं किया है और अब जब कार्य होने शुरु हुए हैं और तो जनता इस बात को समझ रही है तो भ्रामक तथ्य लेकर जनता में विलाप कर रहे है। उन्होंने कहा कि फिर भाजपा के लोग भोरंज के विकास पर भ्रम हो तो किसी उचित मंच पर तथ्यों सहित बहस के लिए आगे आएं। भाजपा का कार्य मात्र शोसावजी और लोगों को गुमराह करना है। इनके पास भोरंज के विकास पर कहने के लिए कोई बात नहीं है। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजीव लाल मेहर, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गोल्डी, मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर आदि मौजूद थे।

### रोपा की कनुप्रिया बनी बैंक मैनेजर



**हमीरपुर।** रोपा गांव की कनुप्रिया ने बैंक में मैनेजर की नौकरी हासिल कर इलाके का नाम रोशन किया है। कनुप्रिया ने अपनी शुरू की पढ़ाई राजकीय मिडिल स्कूल रोपा(काले अंब) से की और फिर सरकारी डिग्री कॉलेज हमीरपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। कनुप्रिया ठाकुर का स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में मैनेजर के पद पर चयनित होना इलाके के लिए गर्व की बात है। उसके पिता राजकुमार सरकारी स्कूल में हेडमास्टर तथा माता मीना कुमारी भी सरकारी स्कूल में हेडमिस्ट्रेस के पद पर तैनात हैं। कनुप्रिया ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय मां-बाप, ग्रामीणों तथा स्कूल टीचर्स को दिया है। रोपा स्कूल की एसएमसी ने भी कनुप्रिया को बधाई दी है।

### गो हत्यारों को मिले कड़ी सजा : मनकोटिया

**हमीरपुर।** हिमाचल गो सेवा समिति प्रदेश कार्य समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष तहसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में जमलीधाम में हुई। बैठक में चैल चौक मंडी से स्वामी अभिषेक गिरि व वैद्य राजेश कपूर मौजूद रहे। मनकोटिया ने कहा कि कुल्लू में गाय की हत्या करने के दोषियों को सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि फिर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर विनय कुमार, रोशन शर्मा, केशव शर्मा, पुरुषोत्तम चंद, ओम प्रकाश, भूमि देव शास्त्री, सुरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, रतन शर्मा, वीरेंद्र कुमार, बालक राम और राजेश शर्मा भी मौजूद थे।

### 181 नंबर पर शिकायत कर सकती हैं महिलाएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत बुधवार को गांव बदारन में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर महिलाओं को उनके अधिकारों की रक्षा से संबंधित विभिन्न अधिनियमों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान गांव की बेटियों के नाम पर पौधरोपण भी किया गया। मिशन शक्ति की जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने बताया कि किसी भी तरह की हिंसा एवं अत्याचार की शिकार महिलाओं की त्वरित मदद के लिए हमीरपुर में 'सखी-वन स्टॉप सेंटर' की स्थापना की गई है। पीड़ित महिला को इस सेंटर में 5 दिन तक आश्रय दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के अत्याचार की शिकार महिला टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर किसी भी समय शिकायत कर सकती है।

# सुक्खू सरकार पर बरसे सेवानिवृत्त कर्मचारी, निकाली रैली

## एचआरटीसी पेंशनर्स कल्याण संगठन का हमीरपुर में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, वित्तीय लाभ नहीं देने पर किया रोष प्रकट




एचआरटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बुधवार को हमीरपुर शहर में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

एचआरटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बुधवार को हमीरपुर शहर में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आर्थिक लाभ नहीं देने पर सरकार की कड़ी आलोचना की। शहर में जुलूस निकाला और गांधी चौक पर सरकार के खिलाफ जमकर गुब्बार निकाला। हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारी बाजार में स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास इकट्ठे हुए और वहां से जुलूस की शक्ल में उन्होंने गांधी चौक तक जोरदार नारेबाजी की।

इन कर्मचारियों ने अपने हाथों में सरकार के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियां ली हुई थीं। बैनर भी उठाए हुए थे। अपनी छाती पर भी ऐसे ही स्लोगन नुमा बैनर चिपकाए हुए थे।, लेकिन एक बात खास यह थी कि कर्मचारी बेहद गुस्से में दिखे। उनका कहना था कि बुढ़ापे में जब उन्हें पैसे की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, प्रदेश सरकार उनकी नहीं सुन रही है, लेकिन कर्मचारी संगठित हो चुके हैं और अब किसी भी स्तर पर आगे तक जाने के लिए भी तैयार बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि यदि सुक्खू सरकार उनकी बात को सुनती है, उनकी मांगें मानती है, उनके हक उन्हें मुहैया करवाती है, तो इस सरकार का वे शुक्रगुजार करेंगे, लेकिन हकों के लिए वह किसी भी हद तक जाने के लिए अब तैयार हो चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के अलावा परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री के खिलाफ भी जोरदार नारेबाजी की। रोष रैली को ठाकुर अजमेर सिंह के अलावा कई प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया।

**लंबे समय से चला था बैठकों का दौर:** दरअसल में पिछले लंबे समय से ये सेवानिवृत्त कर्मचारी बैठकों के आयोजन के जरिए सरकार को बार-बार चेता रहे थे, वह 70 साल के बाद पेंशनर्स को मिलने वाले अलग-अलग लबों का भी जिक्र कर रहे थे। पेंडिंग मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं होने पर भी नाराज हैं।

उनका कहना था कि यदि इस अवस्था में मेडिकल बिल क्लियर नहीं होंगे, तो फिर कब और कौन करेगा? क्या बुढ़ापे में उन्हें दर-दर भटकने के लिए सरकार छोड़ना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

### बैठक में लिया था फैसला

कर्मचारियों ने कुछ दिन पहले हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि सरकार व निगम प्रबंधन पेंशनरों के वित्तीय लाभ नहीं दे रही है और न ही पेंशन समय पर दी जा रही है, इसलिए हमीरपुर के सभी परिवहन पेंशनर 7 अगस्त को हमीरपुर में रोष मार्च निकाल कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## विधायक से मिले पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला और मंडल पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश परमार की अगुवाई में सभी पूर्व सैनिकों ने विधायक को दूसरी बार विधायक बनने पर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश परमार ने कहा कि सभी पूर्व सैनिकों ने बीते उपचुनाव में दिन-रात एक कर भाजपा को जीत दिलवाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है। सभी पूर्व सैनिकों का इस जीत में अहम योगदान रहा है।

उन्होंने प्रकोष्ठ की ओर से सभी सैनिकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अब सभी सैनिक 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए आज से ही तैयारी शुरू कर दें और भाजपा को भारी बहुमत से हमीरपुर विधानसभा से विजय दिलाने के लिए कार्य करेंगे। उधर, विधायक आशीष ने सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों के चरणों में प्रणाम कर उन्हें आशीर्वाद देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि वीर भूमि हमीरपुर में पूर्व सैनिकों का योगदान हर क्षेत्र में रहता है। सैनिक कभी भूतपूर्व नहीं होता, बल्कि वह सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज में अपना योगदान देता रहता है। उन्होंने कहा कि चुनाव में विधायक ने कहा कि वह खुद भी पूर्व सैनिक परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने कहा कि देश रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारों और को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा और वीर नारियों की मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर जिला सहसंयोजक कैप्टन तिलक शर्मा, मंडल संयोजक मनोहर लाल जसवाल, कैप्टन अश्विनी कटोच, जिला सह संयोजक सूबेदार दया सिंह पठानिया, कैप्टन बलदेव, कैप्टन मिलाप चंद चौहान, कैप्टन देशराज, कैप्टन ओमप्रकाश धीमान, कमल देव शर्मा, रमेश सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



भूतपूर्व सैनिकों से मिलते हुए विधायक आशीष शर्मा।

## कांगू ग्लू की अनीता बाला को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किया मनोनित

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

संत श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ 23 राज्यों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हो गया। इसमें सभी राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को 23 राज्यों का अलग अलग प्रभार दिया गया। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जिला हमीरपुर के भोरंज के कांगू ग्लू से अनीता बाला को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। इस उपलब्धि के लिए अनीता ने सभी राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष नेताओं का दिल से आभार व्यक्त किया धन्यवाद किया।



इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनीता ने बताया कि इस बहुत बड़ी उपलब्धि से वह बहुत खुश है और बहुत बड़ी जिम्मेवारी को बखूबी निभाएगी। इससे पहले अनीता बाला भारत मजदूर किसान संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है।

## भोरंज कॉलेज में कक्षाओं की तिथि 15 तक बढ़ी

**जाहू।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय महाविद्यालय भोरंज में एमए अंग्रेजी, राजनीतिक शास्त्र और हिंदी की कक्षाओं तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। युवा महाविद्यालय में आकर ऑफलाइन मोड में एमए की कक्षाओं में प्रवेश ले सकते हैं। राजकीय महाविद्यालय भोरंज में अभिभावक शिक्षक संघ की आमसभा का आयोजन दस अगस्त को दोपहर एक बजे किया जा रहा है। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे आम सभा में भाग लें।

## युवा कांग्रेस के नए ढांचे के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

युवा कांग्रेस ने प्रदेश में ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक की कार्यकारिणियों को भंग कर चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके चलते अब युवा कांग्रेस का नया ढांचा तैयार होगा। यह जानकारी बुधवार को युवा कांग्रेस के हमीरपुर जोन के प्रभारी दलीप सिंह तोमर ने दी।

उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस की सारी कार्यकारिणी पूरी तरह से भंग कर दी है और अब नई कार्यकारिणी की चुनावी प्रक्रिया आरंभ कर दी है। ब्लॉक, विधानसभा, जिला और प्रदेश सहित 6 स्तर की कार्यकारिणी का चुनाव करवाया जा रहा है।



जानकारी देते हुए जो कांग्रेस के नेता।

**ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक ब्लॉक कांग्रेस की सारी कार्यकारिणियां भंग**

इसमें अध्यक्ष और महासचिव के लिए यह चुनावी पेटर्न अपनाया जा रहा है। इसके बाद अलग-अलग स्तर पर अध्यक्ष और महासचिव अपनी-अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे, लिहाजा इसके लिए 5 अगस्त से नोमिनेशन प्रक्रिया आरंभ कर दी है, जो 15 अगस्त तक चलेगी और उसके बाद सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है।

युवा कांग्रेस के 18 से 35 वर्ष के युवाओं को सदस्य बनाया जाएगा और ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर की कार्यकारिणी के लिए एक सदस्य 6 मतदान कर सकेगा। इस मौके पर उनके साथ रिशु धीमान, अभिषेक पठानिया, दिनेश कुमार, रजत मेहरा मौजूद रहे।

## झंझियाणी में उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन 28 तक

**हमीरपुर।** बड़सर की ग्राम पंचायत झंझियाणी के वार्ड नंबर-4 गांव झंझियाणी में उचित मूल्य की दुकान खोली जाएगी। इसके लिए 28 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि इस दुकान के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं वेबसाइट emerginghimachal.hp.gov.in (सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम) पर 28 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। जिला नियंत्रक ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए पहली प्राथमिकता सार्वजनिक संस्थाएं जैसे-स्थानीय पंचायत या शहरी निकाय, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा, महिलाओं तथा उनके समूह को दी जाएगी। अगर एक वार्ड में एक से अधिक संस्थाएं आवेदन करती हैं तो पंजीकृत संस्था को अधिमान दिया जाएगा। दुकान आवंटन के लिए दूसरी प्राथमिकता विधवा या एकल नारी, दिव्यांग व्यक्ति जो कि दुकान चलाने में सक्षम हो, भूतपूर्व सैनिक या बेरोजगार व्यक्ति को दी जाएगी, जबकि, हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को तीसरी प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास रखी गई है। आवेदन के साथ मैट्रिक का प्रमाण पत्र, उच्च शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र, वित्तीय स्थिति, दुकान की उपलब्धता और भंडारण क्षमता से संबंधित सत्यापित दस्तावेज अपलोड किए जाने चाहिए।

## दियोटसिद्ध को जाने वाले नेशनल हाईवे का शीघ्र हो कार्य शुरू : डॉ. सिंकदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

दियोटसिद्ध में बाबा बालकनाथ का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है, जहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शनों के लिए आते हैं। आजादी के बाद से लेकर यह सड़क सिंगल लेन ही है। इस नेशनल हाईवे का कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए। यह मांग सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजे एक पत्र में की है।



केंद्रीय परिवहन मंत्री को भेजा पत्र।

उनका कहना है कि हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य होने के नाते यहां पर सड़क निर्माण का कार्य किसी चुनौती से कम नहीं है, परंतु केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय जिस प्रकार से फोरलेन व हाईवे का निर्माण कर दूरियों को पाटने काम कर रहा है, वह सराहनीय है। उनका कहना है कि ऊना से हमीरपुर वाया बंगाणा, धनेटा, कांगू, हमीरपुर सड़क के मध्य बंगाणा से धनेटा के बीच टनल का निर्माण होने से ऊना से हमीरपुर के बीच की दूरी लगभग 13-15 किलोमीटर तक कम हो जाएगी। इन स्थानों में लोग दूर-दूर से बाबा बालकनाथ मंदिर, हिमाचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता ज्वालाजी मंदिर व बाबा बालकरूपी दर्शनों के लिए आते हैं। इस टनल के निर्माण से श्रद्धालु एवं आम जनमानस कम समय में बेहतर यातायात सुविधा का लाभ उठा सकेगा। वर्तमान समय में केंद्र द्वारा फोरलेन बनाए जा रहे हैं, जिनके बनने से दूरी तो कम होगी ही, साथ ही पर्यटन कारोबार को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि इस फोरलेन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दें।

### बड़सर पुलिस ने एक व्यक्ति से 4 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर पुलिस ने हमीरपुर-ऊना सीमा पर गल्लू के पास एक व्यक्ति से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार राजीव कुमार पुत्र जशपाल सिंह निवासी गांव मक्कड़ जो कि स्कूटी पर जा रहा था, को नाके के दौरान रोका और चेकिंग की उसके पास 4 ग्राम चिट्टा बरामद गया। एसडीपीओ बड़सर सचिन हरिमठ ने बताया किबड़सर पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## पुतडियाल को-ऑपरेटिव सोसायटी की नई कमेटी का किया गठन



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपंडल नादौन की बलडूहक को-ऑपरेटिव सोसायटी ऐट पुतड़ियाल की आज नई कार्यकारिणी कमेटी का चयन किया गया। इस सोसायटी की नई कमेटी का चुनाव सहकारी सभा समिति के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार और सोसायटी के चेयरपर्सन ऑफ दी डे एवं ग्राम पंचायत पुतडियाल के उपप्रधान संजीव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुए। सोसायटी की कमेटी का अध्यक्ष रमेश शर्मा एवं उपाध्यक्ष सुभाष संधू को चुना गया। इसके अतिरिक्त कमेटी के सदस्य के रूप में शक्ति चंद, तिलक चंद, सुरिंद्र कुमार, प्रभदियाल सिंह और महिंद्र सिंह को चुना गया। इस दौरान नवनिर्वाचित कमेटी ने कहा कि वे अपने कार्यकाल में सोसायटी के उत्थान के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत रहेंगे।

## केसों के त्वरित निपटारे के लिए 14 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 14 सितंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर हमीरपुर और उपमंडल स्तर के न्यायिक परिसरों नादौन तथा बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव असलम बेग ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट के मामले, धन वसूली के मामले और भूमि विवाद आदि पर सुनवाई करके निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, मोटर व्हीकल अधिनियम, श्रम विवाद के मामले, बिजली पानी और टेलीफोन के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, वेतन और भत्तों और सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों का भी निपटारा होगा। एकअसलम ने बताया कि लोक अदालत में उन मामलों का निपटारा भी करवाया जा सकता है, जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपने मामलों का निपटारा करवाने के इच्छुक लोग 10 सितंबर से पहले जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय हमीरपुर या संबंधित न्यायालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। लोक अदालत से पहले प्री-लोक अदालत सीटिंग में भी इन मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर करवाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए 01972-224399 पर संपर्क किया जा सकता है।

## धर्मशाला से शिमला वाया रैल बड़ा बस रूट बहाल करने की मुख्यमंत्री से मांग

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से धर्मशाला से शिमला बाया रैल बड़ा होकर शिमला जाने बाली बस के रूट को दोबारा फिर बहाल करने की क्षेत्रवासियों ने जोरदार मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस बस के रूट को बंद हुए लगभग एक दशक से भी ऊपर समय हो गया है। क्षेत्रवासियों द्वारा इस बस के रूट को बहाल करने की कई बार मांग की गई, लेकिन उनकी मांग को आज दिन तक पूरा नहीं किया गया। गोर है कि कस्बा बड़ा रैल से काफी संख्या में कर्मचारी शिमला एवं आसपास के क्षेत्रों में नौकरी करते हैं, यही नहीं युवा वर्ग को भी कई बार अपने शैक्षिक सबंधी कार्यों के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला को जाना पड़ता हैं, लेकिन इस क्षेत्र से शिमला के लिए कोई भी सीधी बस न होने के कारण उन्हें आने-जाने के लिए बड़ी परेशानी हो रही है। क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से हिमाचल पथ परिवहन निगम के काफी वर्षों से शिमला से धर्मशाला बाया रैल बड़ा होकर चलने वाले बस रुट क़ो बहाल करने की जोरदार मांग की है।

## जिप बैठक: मेडिकल कॉलेज पर्ची काउंटर हो शिफ्ट, मीटिंग में विधायक कै. रंजीत बोले

# फील्ड में जाकर समस्याओं की वास्तविकता समझें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला परिषद की बुधवार को हुई बैठक में जनता से जुड़ी हुई कई समस्याओं को जोर-शोर से उठाया गया। इस बार अधिकारी इस बैठक में बराबर पहुंचे हुए थे। कारण यह था कि पिछली मर्तबा इनकी गैरहाजिरी पर मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत करने की बात कही गई थी, इसलिए हाउस के इस डर से अलग-अलग विभागों के मुख्य अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में एक बात यह भी खास रही कि सूजानपुर के कांग्रेस विधायक कैप्टन रंजीत सिंह भी पहुंचे हुए थे। परिषद की अध्यक्ष बबली देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न सदस्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। जिला परिषद के सदस्य पवन कुमार का कहना था कि मेडिकल कॉलेज में पर्ची सिस्टम को ऐसी जगह पर शिफ्ट किया जाए, जहां पर आने वाले तमाम मरीज और लोगों को फायदा हो सके, क्योंकि मौजूदा जगह ठीक नहीं है पर्ची काउंटर शुरू में ही हो जाना चाहिए। जिला परिषद के अध्यक्ष बबली देवी की शिकायत थी की टौणी देवी क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था पिछले कुछ समय से ठीक नहीं है। इसके अलावा जो नई पाइपलाइन पानी के लिए बिछाई गई है, ओपन ही हैं, जिससे भी दिक्कत रहती है। इन दोनों पर अलग-अलग विभागों ने शीघ्र अमलीजामा पहनाने का फायदा किया है



जिला परिषद की बैठक में विधायक कै. रंजीत सिंह को सम्मानित करते अध्यक्ष और अन्य सदस्य।

**अध्यक्ष भी टौणी देवी क्षेत्र में बिजली की आंख-मिचौनी पर नाराज**

इस अवसर पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि जिला परिषद का एक सदस्य 15 से 18 ग्राम पंचायतों का जनप्रतिनिधि होता है और उसके द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर आम जनता से जुड़े होते हैं। सभी अधिकारियों को इन मुद्दों को गंभीरता के साथ लेना चाहिए तथा इनके निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर ही जनसमस्याओं की वास्तविकता का पता चलता है तथा उसका निवारण बेहतर ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील भी की। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि आचार संहिता की अवधि की समाप्ति के बाद प्रदेश सरकार विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को तेजी से क्रियान्वित कर रही है। इसमें पंचायत जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी बहुत जरूरी है।

उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी ने इस बात पर ऐतराज बताया कि रंगस इलाके में खनन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी गड़बड़ झाला कर रहे हैं। वे सभी के चालान नहीं कर रहे। उन्होंने अपने ट्रैक्टर के चालान कभी जिक्र किया और कहा कि या तो सभी के चालान हों या फिर किसी के ना हो पिक एंड चूज नहीं चलेगी।

एडीएम एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल चौहान ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि बैठक में उठाए गए मुद्दों के संबंध में विभागीय अधिकारी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने इस दिशा में सभी अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अधिकारी एवं जिला परिषद की सचिव शशिबाला ने बैठक का संचालन किया तथा परिषद के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों के बारे में विभिन्न विभागों की ओर से प्राप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे पहले, सभी सदस्यों ने कैप्टन रणजीत सिंह को विधायक निर्वाचित होने पर बधाई दी तथा उन्हें परिषद की ओर से सम्मानित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे के खिलाफ बनाया जाएगा व्यापक मंच



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के जन स्वास्थ्य केंद्र का पांचवा सत्र राज्य कार्यालय शिमला में आयोजित किया गया। सत्र की अध्यक्षता सेवनिवृत संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ. बीडी शर्मा ने की। डॉ. बीडी शर्मा ने बताया कि सप्लाई चेन को रोकने से पहले जरूरी है कि आंतरिक व्यवस्था को मजबूत करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि समिति नशे के खिलाफ अभियान को जारी रखते हुए विभिन्न संस्थाओं को एक मंच पर लाने के प्रयास करेगी। समिति के राज्य उपाध्यक्ष जीयानंद शर्मा ने '12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' पर युवाओं के साथ सम्वाद करने की अपील की।

### तेरंग हादसे में लापता हरदेव की तलाश जारी

**कविता, पधर।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि तेरंग हादसे में लापता हुए हरदेव (30) पुत्र भगत राम की तलाश लगातार जारी है। बादल फटने से आए मलबे को पोकलेन मशीन द्वारा एक बार पलट कर देख लिया गया है लेकिन लापता हरदेव का कोई सुराग नहीं मिला है। इसलिए हरदेव को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। खोजी कुत्तों की मदद भी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में लापता 10 में से 9 लोगों को ढूंढ लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और होमगार्ड के जवान लगातार कार्य कर रहे हैं।

### करसोग-मंडी सड़क मार्ग यातायात के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग के कार्यवाहक एसडीएम कैलाश कौंडल ने बताया कि मंडी करसोग सड़क मार्ग, जो चारकुफरी और पांगना के बीच आश्रम के पास यातायात के लिए बंद हो गया था, उसे बहाल कर दिया गया है। सड़क मार्ग पर आवाजाही सुचारू रूप से चल रही हैं। उन्होंने क्षेत्र में हो रही भारी बरसात के दृष्टिगत लोगों से आग्रह किया है कि अपने आप को सुरक्षित रखे और आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकले। आपदा के समय में शीघ्र प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्रभावितों को समय रहते राहत और सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

### बीड़ फीडर में 9 को बिजली रहेगी बंद

**मंडी।** आगामी 9 अगस्त को बीड़ फीडर में पुरानी बिजली की तारों के बदलने और नए बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने बताया कि कार्य के दृष्टिगत 9 अगस्त को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक गांव तरनोह, भलेड़, खपरेहड़ा, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भड़काऊ बयान देना कंगना की आदत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मंडी से सांसद कंगना रनौत के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भड़काऊ बयान देना कंगना रनौत की पुरानी आदत है। मंत्री ने कहा है कि मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने में पूर्व भाजपा सरकार ने हिमाचल के हितों का ध्यान में नहीं रखा। पूर्व सरकार ने एक रुपए प्रति मीटर पर जमीन और तीन रुपए प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध कराने का करार किया था। प्रदेश को इससे लाभ नहीं होगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार 30 प्रतिशत भाग पर मेडिकल डिवाइस पार्क बनाएगी बाकी जमीन को बाजार के दामों पर बेचकर ग्रीन इंडस्ट्री और जेनेरिक मेडिसिन को प्रोत्साहन देगी। वहीं प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में अवैध खनन को लेकर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में अवैध खान रोकने के लिए सरकार गंभीर है। विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि 27 अगस्त से प्रदेश में मानसून सत्र शुरू होगा। पहली बार मानसून सत्र में 10 बैठकें होगी। अब तक सभी सरकारों के कार्यकाल में 5 से 6 बैठकें होती थी।

### जोगिंद्रनगर अस्पताल में 12 सदस्यों का एक दल तैनात

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में पीलिया संक्रमण को लेकर शिमला आईजीएमसी की सर्विलांस टीम 12 सदस्यों का एक दल बुधवार सायं जागिन्द्रनगर अस्पताल पहुंचा जहां दल ने पीलिया संक्रमण को लेकर अपनी प्रारंभिक जांच शुरू कर दी। टीम की हैड डा. मैडम गंजू की नेतृत्व में शामिल इस दल ने अस्पताल में दाखिल मरीजों से बातचीत की तथा उनसे पीलिया रोग से संबंधित सारी जानकारी हासिल की। टीम द्वारा मरीजों से उनका पता, किस सोर्स से पानी पिया कब उन्हें इसकी शिकायत हुई क्या क्या उपचार किया इत्यादि बारे जानकारी हासिल की।

अस्पताल के एसएमओ रोशन लाल कौण्डल ने बताया कि शिमला के 12 सदस्यों के अलावा टीम में स्थानीय अस्पताल सहित,पधर के भी 8 कर्मी शामिल किये गये है। टीम यह जानकारी जुटाएगी कि यह रोग कहां से शुरू हुआ। हो सकता है कि टीम द्वारा मरीजों के खून तथा मल के सैंपल एकत्रित किये जायें। टीम द्वारा इलाके के चारों और के पानी के सेम्पल एकत्रित किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की लोग झाड फूक के चक्कर में न पड़े। कहा कि विभाग की एंबुलेंस लोगों को जागरूक कर रही है जिसमें कम से कम 20 मिनट तक पानी उबालकर पीएं। गौर हो कि जोगिंद्रनगर में जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में शुरू हुए पीलिया से अब तक 4 युवकों की मौत हो गई थी, जबकि अब भी करीब 28 रोगी अस्पताल में भर्ती है।



## मणिमहेश यात्रा 26 अगस्त से होगी शुरू, हेलि टैक्सी का जिम्मा दो कंपनियों को सौंपा

# भरमौर से गौरीकुंड का हवाई सफर हुआ सस्ता

**ओपी शर्मा, चंबा**

इस बार 3895 रुपए में होगा हेलि टैक्सी का सफर



उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा में इस बार ऑनलाइन बुकिंग मणिमहेश न्यास की बेवसाइट से ही होगी। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार भरमौर से गौरीकुंड के लिए हवाई किराया भी प्रति व्यक्ति कम हुआ है। न्यास की ओर से इस मर्तबा भरमौर से गौरीकुंड का एक तरफ का 3895 रुपए किराया प्रति यात्री निर्धारित किया है, जबकि पिछले वर्ष भरमौर से गौरीकुंड का एक तरफ का किराया साढ़े चार हजार था। यात्रा के दौरान दो हेलि टैक्सी कंपनियां यहां पर अपनी सेवाएं प्रदान करेगा।

खबर की पुष्टि कार्यवाहक एडीएम भरमौर एवं मणिमहेश मंदिर न्यास के सदस्य सचिव कुलवीर सिंह राणा ने की है। इस वर्ष उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा का शुभारंभ 26 अगस्त से हो रहा है और 11 सितंबर तक यह यात्रा अधिकारिक तौर पर चलेगी। मणिमहेश न्यास की ओर से हेलि टैक्सी सेवा हेतू टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके तहत इस वर्ष भरमौर से गौरीकुंड के लिए एक तरफ का किराया 3895 रुपए निर्धारित किया गया है।

हेलि टैक्सी सेवाएं प्रदान करने का जिम्मा दो कंपनियों को सौंपा गया है। मणिमहेश मंदिर न्यास की वेबसाइट को अपग्रेड किया गया है, जिसके बाद फैसला लिया गया है कि इस वर्ष ऑनलाइन बुकिंग मणिमहेश मंदिर न्यास की अधिकारिक वेबसाइट के जरिए ही की जाएगी। कंपनियों से बातचीत कर तय किया जाएगा कि डेली कोटा के तहत 75 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन और 25 फीसदी चैकिंग विंडों के दौरान यात्रियों को मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर यात्रियों को यहां पर सेवाएं प्रदान की जाएगी। हेलि टैक्सी सेवा में पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता व्यवस्था भी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### 11 सितंबर तक यात्रा में मिलेगी हेलि टैक्सी सेवा : एसडीएम

**कार्यवाहक** एडीएम भरमौर एवं मणिमहेश मंदिर न्यास के सदस्य सचिव कुलवीर सिंह राणा ने बताया कि चंबा से भरमौर के लिए भी यात्रा के दौरान हेलि टैक्सी सेवा प्रदान की जाएगी। 22 अगस्त से भरमौर से गौरीकुंड के लिए हेलि टैक्सी सेवा आरंभ करने के निर्देश संबंधित कंपनियों को दिए गए है। 11 सितंबर तक यात्रा में हेलि टैक्सी सेवा मिलेगी।

# चंबा के स्कूलों में विद्यार्थियों को परोसा जाएगा तिथि भोज

**अनंत ज्ञान, चंबा**



सरकारी स्कूलों से पलायन कर रहे बच्चों को फिर से सरकारी स्कूलों में पहुंचाकर उनकी हाजरी सुनिश्चित करवाने के लिए विभाग ने कवायद शुरू कर दी है।

केंद्र सरकार और शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को तिथि भोज को आरंभ किया गया है। इस योजना के जरिये विद्यार्थियों को कुपोषण से मुक्ति दिलवाना और पूर्ण रूप से न्यूट्रीशियन युक्त भोजन करवाना है। तिथि भोज के तहत किसी भी विशेष तिथि पर कोई भी समाजसेवी, समाजसेवी संस्था, पंचायत प्रतिनिधि, अन्नदाता, स्कूल अध्यापक या समाज का कोई भी व्यक्ति जो पुण्य कमाना चाहता है, वह इस तिथि भोजन के तहत अपना योगदान से सकता है।

बशर्ते कि उसे एक या दो दिन पहले संस्थान के मुखिया से संपर्क कर तिथि निर्धारित करनी होगी। साथ ही विद्यालय में खाद्य सामग्री उपलब्ध करवानी होगी। इसके बाद निर्धारित तिथि पर यह कार्यक्रम विद्यालय के मुखिया की देखरेख में होगा। जिले में कुल 1668 सरकारी विद्यालय हैं। इनमें 1181 प्राथमिक विद्यालय, 288 माध्यमिक विद्यालय, 95 उच्च और 165 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं।

यहां पर हजारों की संख्या में विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या को लेकर शिक्षा विभाग की चिंताएं बढ़ चुकी हैं। ऐसे में विद्यालयों से पलायन करने वाले विद्यार्थियों को पुन: विद्यालय पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत तिथि भोज स्कीम को आरंभ किया गया है। इसके तहत विद्यालयों में कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से जन्मोत्सव, वैवाहिक उत्सव, किसी भी पर्व, त्योहार या अन्य प्रकार के समारोह के तहत विद्यार्थियों के लिए न्यूट्रीशियन युक्त भोजन करवा सकता है।

## होली-फटाहर रात्रि बस सेवा लोगों के लिए बनी आफत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली-बैजनाथ-फटाहर रात्रि बस सेवा लोगों के लिए आफत बन गई है। आए दिन इस रूट पर पुरानी व खटारा बसें भेजने से सवारियों को बीच रास्ते में ही परेशान होना पड़ रहा है। यही नहीं इस रूट पर एक के बाद एक बसों की अदला बदली जा रही है।

जानकारी के अनुसार इतने पुराने बस रूट पर इस तरह की पुरानी वह खटारा बस से भेजने से निगम की साख भी दांव पर लग रही है। हालांकि जानकारों की माने तो यह बस रूट बहुत ही फायदे में चल रहा है, लेकिन लगातार इस रूट पर पुरानी व खटारा बस भेजने के चलते कई बार सवारियां बारिश में अंदर पानी से भीग रही है तो कई बार अलग-अलग स्टेशनों से बस खराब होने के बाद दूसरी बस को भेजा जा रहा है। जिसके कारण इसमें सवार यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है होली क्षेत्र के अधिकांश लोग बैजनाथ व पालमपुर में रहते हैं। लिहाजा इस बस में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए अधिकतर लोग इसी बस के जरिए सफर करते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से इस रूट पर लगातार पुरानी वह खटारा बसें भेजी जा रही है। बस में सफर कर रहे लोगों में अशोक कुमार प्रवीण कुमार अजय कुमार शिव शर्मा ने कहा है कि पिछले दिनों उन्होंने इस बस में सफर किया था। जबकि इस बस को एक बार लाहडू में बदल दिया गया उसके बाद चंबा से एक और बस भेजी जिसके बाद यह बस होली से पीछे ही खराब हो गई और सवारीयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## भालू ने व्यक्ति पर हमला कर किया घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** फाट गांव में भालू ने एक व्यक्ति पर हमला करके उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा ले जाया गया है जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार भालू के हमले में घायल युवक बालकू राम पुत्र हंसराज गांव फाट सुबह निजी काम से अपने घर से बाहर निकाला था। घर से थोड़ी ही दूर दूर पर पहुंचने में जंगल से एक भालू आया और उसने बालकू राम पर हमला कर दिया। हमले में बालकू राम को भालू ने बुरी तरह से नोंच डाला। लोगों ने वहां से उसे निकाल कर चंबा मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए पहुंचा दिया है। जहां पर उसकी उपचार चल रहा है। वन विभाग में घायल व्यक्ति को मुआवजा देने का ऐलान भी किया है।

## अधिकारी प्रभावित भूमिहीन लोगों को प्रदान करें भूमि का मालिकाना हक : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बैठक के दौरान मौजूद जगत सिंह नेगी व साथ हैं अधिकारी।

एसजेवीएनएल जल विद्युत परियोजना नाथपा झाकड़ी व बसपा जल विद्युत परियोजना पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन सलाहकार समिति की राज्य स्तरीय बैठक राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में एसजेवीएनएल झाकडी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई।

बैठक में अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश 7वां राज्य वित्त आयोग एवं विधायक रामपुर नंद लाल भी उपस्थित रहे। इस दौरान पिछली बैठक के 48 मदों की कार्यवाही व निष्पादन पर विस्तृत चर्चा की गई। जल विद्युत परियोजना के अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि झाकड़ी परियोजना क्षेत्र में 480 परिवार प्रभावित हुए है और इनमें से 141 परिवार लैंड लैस व 67 परिवार हाऊस लैस घोषित किए गए हैं। 141 लैंड लैस परिवारों में से 61 परिवारों को विद्युत परियोजना में रोजगार दिया गया है और शेष बचे लोगों को रोजगार के बदले वित्तीय सहायता प्रदान की गई जब इन लोगों को परियोजना में रोजगार दिया जाएगा तो यह राशि प्रभावित परिवार को वापस करनी होगी।

राजस्व मंत्री ने परियोजना के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाथपा-झाकड़ी विद्युत परियोजना से प्रभावित 141 भूमिहीन लोगों को एक माह के भीतर 5 बीघा तक भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया जाए। बैठक में 19 नए मदो पर भी चर्चा की गई, जिनमे विस्थापित के परिवारों को स्थाई नौकरी देना, परियोजना के कुल उत्पादन का एक प्रतिशत रॉयल्टी के रूप में दिए जाने, परियोजना क्षेत्र मे नए पौधे स्थानीय लोगों के साथ मिल कर प्रति वर्ष रोपित करने व सिंचाई तथा पेयजल की व्यवस्था की व्यवस्था करने बारे मुख्य मद शामिल रहे।

## शिक्षा मंत्री होंगे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्यातिथि : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। मुकेश रेपसवाल ने आयोजन से जुड़े सभी जिला अधिकारियों को समारोह की गरिमा के अनुरूप प्रबंध-व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को निर्देशित किया।

उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। चंबा के ऐतिहासिक चौगान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा । उपायुक्त ने समारोह के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद को चौगान की साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जाए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस तथा वन विभाग की टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी।

इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## जल शक्ति मंडल चंबा में भरे जाएंगे विभिन्न वर्गों के 40 पद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जल शक्ति विभाग के जल शक्ति मंडल चंबा में विभिन्न वर्गों से संबंधित 40 पद भरे जाएंगे जिनमें पैरा पंप ऑपरेटर के 11 पद, पैरा फिटर के 4 पद तथा बहुउद्देशीय कार्यकर्ताओं के 25 पद शामिल हैं। यह जानकारी जतिंद्र शर्मा अधिशासी अभियंता जल शक्ति मंडल चंबा द्वारा दी गई।

उन्होंने बताया कि भरे जाने वाले पदों के लिए अंतिम तिथि 21 अगस्त 2024 को सायं 5:00 बजे तक है। इन पदों के लिए प्रार्थी की आयु 21 अगस्त 2024 तक 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। जतिंद्र शर्मा ने बताया कि उपरोक्त पदों के लिए इससे पूर्व 29 जनवरी 2024 के विज्ञापन के तहत जिन उम्मीदवारों ने अपने आवेदन दिए हैं उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है परंतु यदि वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से संबंधित वर्गों का लाभ लेना चाहते हैं तो वह संबंधित दस्तावेज इस अवधि के दौरान जमा करवा सकते हैं।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि पैरा फिटर पद के लिए प्रार्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं तथा मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से फिटर या प्लंबर या प्लंबिंग एंड सैनिटेशन व्यवसाय में प्रमाण पत्र अथवा इन व्यवसायों में से किसी एक विषय में सरकार की कौशल विकास योजना के तहत विस्तृत अंक विवरण सहित प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

पैरा पंप ऑपरेटर पद के लिए प्रार्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं के साथ इलेक्ट्रीशियन या वायरमैन या डीजल मैकेनिक या पंप मैकेनिक या मोटर मैकेनिक या पंप ऑपरेटर कम मैकेनिक या मैकेनिक मोटर व्हीकल व्यवसाय में मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रमाण पत्र अथवा इन व्यवसायों में से किसी एक विषय में सरकार की कौशल विकास योजना के तहत विस्तृत अंक विवरण सहित प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

बहुउद्देशीय कार्यकर्ता पद के लिए प्रार्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास तथा विस्तृत अंक विवरण सहित प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है। प्रार्थी को आवेदन के साथ आयु से संबंधित दस्तावेज, बीपीएल परिवार से संबंधित प्रमाण पत्र, शैक्षणिक व तकनीकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज, बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र, प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण पत्र आदि लगाना आवश्यक है।

### सूडोकु 0020 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## ग्रामीण विकास मंत्री ने हिम ईरा हाट का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**



लोगों का अभिभावद स्वीकार करते विकास मंत्री।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के तहत नालदेहरा में 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए गए हिम ईरा हाट के भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिम ईरा हाट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार स्थानीय व्यंजनों को परोसना तथा जैविक खाद से तैयार किए गए उत्पादों को बेचने के लिए एक प्लेटफार्म देना सरकार की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस हिम ईरा हाट में पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिला के उत्पाद बेचने के लिए रखे जाएंगे जो कि पूर्ण रूप से जैविक होंगे।

मशोबरा खंड की स्वयं सहायता समूह फेडरेशन को इस हाट को चलाने का जिम्मा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस हिम ईरा हाट भवन की भूतल में बैठक एवं प्रशिक्षण, प्रथम तल में पारंपरिक हिमाचली व्यंजन तथा तीसरी मंजिल में जिला शिमला के सभी ब्लॉकों के हस्त निर्मित उत्पाद के बिक्री आउटलेट होंगे।

इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री ने छोटा शिमला में भी हिम ईरा हाट एवं प्रीमियम स्टोर का शुभारंभ किया। वहीं लिफ्ट के नजदीक नगर निगम पार्किंग में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से 2 करोड़ रूपए की लागत से एक बडे स्तर का विक्रय केन्द्र बनाया जा रहा है जो अगले 6 महिने में बनकर तैयार हो जाएगा।

## बुनकरों को बताई मुद्रा योजनाएं



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग व अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य पर नाबार्ड द्वारा सरोआ हैंडलूम कंपनी व मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सहयोग से नाण्डी विकास खंड गोहर में बुनकरों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि मनोहर लाल उपमहाप्रबंधक। वहीं जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड राकेश वर्मा, जिला अग्रणी बैंक विकास प्रबंधक संजय कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक ग्रामीण बैंक, अनुराग जोशी, एनएसआईसी प्रबंधक लोकेश भाटिया आदि सहित 200 बुनकरों ने भाग लिया। जिला अग्रणी विकास प्रबंधक के द्वारा बुनकर मुद्रा योजना के बारे बताया गया।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

8 अगस्त, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** चतुर्थी : (00:38) : **नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी (11:34), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** शिव (12:38) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59 - 12:53), **राहुकाल** (02:06 -03:46)।

**विशेष दिन**

- 8 अगस्त 2024 : बूढ़ी तीज का मेला आज।
- 8 अगस्त 2024 : वरद विनायक चतुर्थी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**वृषभ:** आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे।

**मिथुन:** आपने पहले से ही जो उम्मीदें संजो रखी हैं या फिर आप जैसा चाह रहे होंगे, उनके पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं।

**कर्क:** युवाओं की तरह ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है।

**सिंह:**कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे।

**कन्या:** परिवेश में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। विचारों को खुलकर अभिव्यक्त करने का वक्त आ गया है।

**तुला:** एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे।

**वृश्चिक:** शख्सियतों के बीच आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनु :** जिंदगी जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराधबोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकर:**असमंजस के बादल छटेंगे। पुराने तौर-तरीकों में सुधार करेंगे और आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं।

**कुंभ:** अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। अगर आप सचेत नहीं रहे, तो आपके हाथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है।

**मीन:** व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। निजी व व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे।

## विकासात्मक परियोजनाओं की डीपीआर जल्द करवाई जाए उपलब्ध : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया । उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास को बढ़ावा देना है।

मुकेश रेपसवाल ने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति तथा विद्युत बोर्ड को ज़िला में विभिन्न 25 प्रतिशत से अधिक अल्पसंख्यक समुदाय वाले क्षेत्रों के लिए विकासात्मक परियोजनाओं की डीपीआर जल्द उपलब्ध करवाने को कहा साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अल्पसंख्यक समुदाय वाले क्षेत्रों के लिए भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर विकासात्मक कार्यों की डीपीआर तैयार की जाए। उपायुक्त यह निर्देश भी दिए की डीपीआर तैयार करते समय यह भी सुनिश्चित बनाया जाए कि संबंधित विभाग के पास परियोजना निर्माण के लिए उचित भूमि उपलब्ध हो । बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा आदि मौजूद थे।

## स्तनपान को लेकर किया जागरूक

**शिमला।** स्तनपान सप्ताह के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत, खंड मशोबरा द्वारा हरी देवी बीएड इंस्टिट्यूट घनहाटी में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के आरंभ में डॉक्टर मोनिका के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह के तहत स्तनपान बारे एक मार्गदर्शिका के माध्यम से विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता से बच्चे के जन्म से लेकर छ: माह तक केवल स्तनपान करवाने के लिए जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने भी जानकारी साझा की।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में डॉक्टर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में जीएमआर कंपनी द्वारा डाक्टर नियुक्त किए जाने से होली क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। गत दिनों यहां तैनात एक मात्र डाक्टर का तबादला हो जाने से यहां डाक्टरों के सभी पद रिक्त हो गए थे, जिसे लेकर होली क्षेत्र की लगभग बारह पंचायतों के स्वास्थ्य की जांच करने बाला कोई नही रहा था। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों के अतिरिक्त फार्मासिस्टों, नर्सों तथा अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ के भी पद खाली हैं, जिस कारण लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच हेतु भरमौर या चंबा का रुख करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की इस समस्या को देखते हुए भरमौर व जिला प्रशासन ने क्षेत्र में कार्य कर रही जी एम आर जल विद्युत परियोजना को डाक्टर उपलब्ध करवाने के आदेश दिए जिस पर कम्पनी ने एक एमबीबीएस डाक्टर की तैनाती होली में कर दी है, जिससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

एडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने पुष्टि करते हुए बताया कि बजोली होली जल विद्युत परियोजना की कंपनी जीएमआर ने उक्त डॉक्टर की नियुक्ति की है। वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रुचिका ठाकुर ने बताया कि नियुक्त डाक्टर ने कार्यभार संभाल कर अपनी ड्यूटी शुरू कर दी है।

अपनी क्षमता के एहसास और अपनी क्षमता में आत्मविश्वास के साथ, कोई एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकता है। — दलाई लामा

## संपादकीय

# देश का सपना चकनाचूर

हरियाणा की रेसलर विनेश फोगाट का पेरिस ओलंपिक में ओवरवेट की वजह से अयोग्य घोषित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। महज 100 ग्राम अधिक वजन ने 140 करोड़ भारतीयों के गोल्ड मेडल के सपने को चकनाचूर कर दिया है। इस घटना से हर भारतीय स्तब्ध है, मायूस है। विनेश के फाइनल में एंट्री मारते ही हर कोई खुशी से झूम रहा था। विनेश ने तमाम अनुमानों के उलट दो दमदार प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर पेरिस ओलंपिक्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली थी। पिछली दो ओलंपिक की निराशा और पिछले दिनों रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से लंबे विवाद से उभरी मानसिक परेशानी को पीछे छोड़ते हुए विनेश ने पहले राउंड में पिछली टोक्यो ओलंपिक्स चैंपियन जापान की रेसलर वाई सुसाकी को पहले ही राउंड में चित कर दिया। दूसरे मुकाबले में क्वार्टर फाइनल में विनेश का सामना यूक्रेन की ओक्साना लिवाच से हुआ। विनेश ने उसे भी हरा दिया। विनेश को अपना वजन बढ़ने का पता पहले ही पता चल गया था, इसीलिए उसने बाउट के बाद स्कीपिंग की। ऐसे हालातों में बढ़ते वजन का ध्यान रखना सिर्फ विनेश का ही काम नहीं था, बल्कि इसके लिए टीम कोच और सपोर्ट स्टाफ भी जिम्मेदार है। उनको इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए था। आखिर यह गलती हो कैसे गई, यह सवाल हर भारतीय के मन में कौंध रहा है। दरअसल, विनेश फोगाट का वजन 100 ग्राम ज्यादा नहीं था, बल्कि करीब दो किलो ज्यादा हो गया था। उस दो किलो को घटाने के लिए उन्होंने इतनी मेहनत की कि वह पूरी रात सोई नहीं और कसरत करती रही। सवाल यह उठता है कि विनेश 6 अगस्त को अपने पहले मुकाबले से पहले 50 किलोग्राम से कम वजन की थी, फिर 7-8 घंटे के भीतर करीब 53 किलो की कैसे हो गईं जबकि विनेश ने इस दौरान 6-6 मिनट के तीन मुकाबले लड़े। यानी कुल 18 मिनट वो मैट पर रहीं।

निश्चित रूप से दो मुकाबलों के बीच विनेश फोगाट ने जो कुछ खाया होगा उसी की वजह से वजन बढ़ा होगा। उसने क्या खाया, यह सब जिम्मेदारी कोच और सपोर्ट स्टाफ की थी। कुश्ती, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों में खिलाड़ियों के लिए वजन का बड़ा महत्व होता है। विनेश का वजन आमतौर पर 50 किलो से ज्यादा ही रहता है। ऐसे में अगर वह थोड़ा सा कुछ खा लेती हैं तो उस वक्त सपोर्ट स्टाफ को इस बात का ध्यान रखना चाहिए था कि इस खाने से ताकत देनी है, लेकिन वजन नहीं बढ़ने देना है। सपोर्ट स्टाफ के लोग इसी काम में माहिर होते हैं। पेरिस ओलंपिक में भारत के छह पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। इनमें विनेश फोगाट इकलौती महिला पहलवान हैं जिनके कोच और फिजियो गेम्स विलेज में उनके साथ थे वरना बाकी सभी पहलवानों के कोच और शेष सपोर्ट स्टाफ को होटलों में ठहराया गया है। जहां से वह रोजाना पास बनवाकर गेम्स विलेज में आते हैं। इसलिए यह संभावना भी खत्म हो जाती है कि विनेश फोगाट ने कोच और फिजियो की जानकारी के बिना कुछ खा लिया। उन्होंने जो भी खाया, जो भी पीया इसका पूरा ब्यौरा कोच और फिजियो के पास होता है। विनेश के कोच हंगरी के जाने माने वॉलर आकोस हैं।

मंगलवार को जब विनेश ने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी, तो वॉलर आकोस की आंखों में आंसू थे, तब किसी ने नहीं सोचा था कि अगले कुछ घंटे में खुशी के आंसू गम के आंसू में तब्दील हो जाएंगे। आज नहीं तो कल इस चूक की जिम्मेदारी कोच पर और सपोर्ट स्टाफ पर अवश्य पड़ेगी। इन्हें इसी बात का पैसा मिलता है और जवाबदेही भी उन्हीं की है। शरीर के वजन का विज्ञान रखना भी अपने आप में एक विज्ञान है। कड़वा सच यह है कि इसी विज्ञान को समझने में भूल हो गई। बहरहाल, सारी मेहनत करने के बाद भी विनेश का वजन कम नहीं हो पाया। विनेश का सपना टूट गया। यानी करोड़ों खेल प्रेमियों का सपना टूट गया। भविष्य में गोल्ड मेडल जीतने का इतना सुनहरी अवसर न जाने कब मिलेगा। इस घटनाक्रम से सारा देश मन मसोस कर रह गया है, लेकिन खेल तो खेल है और नियम तो नियम ही होते हैं, जिनका पालन करना सबका दायित्व होता है। इस मसले पर अब सियासत भी खूब हो रही है। विपक्षी दल तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। अब फिर वही होगा, जो अक्सर होता है। जांच कमेटी बनेगी। थोड़े दिनों बाद रिपोर्ट आएगी। फिर थोड़े दिन बाद इस घटनाक्रम को सारे भारतीय भूल जाएंगे, लेकिन यह प्रथा खत्म करनी होगी और इस घटनाक्रम से सबक लेना होगा वरना भविष्य में और भी झटके लग सकते हैं। ■

# इंद्रधनुष की दिशा से लग सकता है बारिश का अनुमान

इंद्रधनुष की आकृति आजकल वर्षाकाल में देखने को मिलती है, जो मेघों में अर्द्ध-वृत्ताकार कई रंगों (7 रंग) का विलय दिखता है, उसे इंद्रधनुष कहते हैं। सूर्य किरण मेघ के जल बिंदुओं में प्रवेश कर अपवर्तित और परावर्तित होकर बाहर निकलती है। आने वाली किरणें एक ही दिशा से हैं, पर उनका अपवर्तन उनके रंग या तरंग-दैर्य के अनुसार कम या अधिक होता है। अत: अलग क्षेत्रों में अलग रंग दिखते हैं। यह सूर्य के पूर्व या पश्चिम क्षितिज के निकट रहने पर जब उस दिशा में आकाश स्वच्छ हो तथा विपरीत दिशा में हल्के मेघ हों तभी दिखता है। इंद्रधनुष की दिशा आदि से भावी वर्षा के लक्षणों का अनुमान हो सकता है। वराहमिहिर ने बृह-संहिता के 35 वें अध्याय में इन लक्षणों का वर्णन किया है, जो नीचे दिए जा रहे हैं। इसमें वर्षा, उसके कारण शस्य, व्याधि तथा राजाओं के भविष्य का भी उल्लेख है। महाभारत में भी महाभारत के पूर्व आकाशीय लक्षणों द्वारा महा-विनाश की आशंका की गई थी।

इंद्र तथा इंद्रधनु- पंडित मधुसूदन ओझा ने अपनी कादंबिनी पुस्तक में इंद्रायुद्ध द्वारा मुख्यत: वर्षा तथा अन्य प्रभावों की चर्चा की है, जो अनुवाद के साथ दी जा रही है। यहां उन्होंने इंद्र के वैदिक और वैज्ञानिक अर्थों का समन्वय किया है। आकाश के शून्य स्थान में भी जो शक्ति है उसे इंद्र कहते हैं। सूर्य से तेज का विकिरण इंद्र है जिसकी ऊर्जा (प्राण) से जीवन चल रहा है। पृथ्वी पर देवताओं के राजा को इंद्र कहते थे। जिनमें 14 प्रमुख का नाम पुराणों में है, जिन्होंने 100-100 वर्ष शासन किया था अर्थात् शत-क्रतु थे। क्रतु का अर्थ यज्ञ है, जो संवत्सर चक्र में होता है। राजा रूप में इंद्र पूर्व दिशा (भारत के केंद्र से) के लोकपाल थे। वायुमंडल में सूर्य किरणों के जल बिंदुओं द्वारा परावर्तन से इंद्रधनुष का आकार दिखाई देता है। उसके अतिरिक्त मत्स्य या दंड आकार भी दिखते हैं जिनका प्रभाव इंद्रधनुष जैसा ही है। इसके अनुवाद के बाद किसी अन्य स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। इंद्रायुद्ध 2 प्रकार का है-धनुष और ऐरावत। सूर्य की किरणों में स्थित प्राण, जो प्रकाश करता है, वही इंद्र कहलाता है। नीरान्तरा: करा भानो: पवनेन विघट्टिता:। सप्तवर्णा धनु:संस्था दृष्टा इन्द्रधनुर्मतम्॥175॥ पवन से टकराई हुई सूर्य की किरणें, जो जल के अंदर प्रविष्ट हो जाती हैं, उससे 7 वर्ण वाले धनुष की स्थिति होती है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यही इंद्रधनुष कहलाता है। आच्छिन्नं द्युतिमत् स्निग्धं भूगाढं द्वि:कृतं धनु:। अनुलोमं प्रशस्तं स्याज्जलं तधि प्रयच्छति॥176॥ कुछ कटा हुआ, प्रकाश वाला, स्निग्ध, भूमि पर गाढ़ा, (कुछ जोशदार), दूसरी जिसकी परछायी भी हो और जो अनुलोम भी हो, वह धनुष अच्छा होता है।

इससे जल आता है। अवनि-गाढ-मच्छिन्नं प्रतिकूलं धनुर्द्वयम्। कदाचिदपि दृश्येत न प्रशस्तं तदिष्यते॥177॥ पृथ्वी पर गाढ़े रंग के, न टूटे हुए प्रतिकूल 2 धनुष यदि कभी भी हों, तो वे शुभ नहीं हैं। अवृष्टि-कृज्जलोद्भूतं भूमिजं सस्य-नाशकृत्। वल्मीकजं संगरकृद् वृक्षजं व्याधि-कृद्-धनु:॥178॥ किसी जल के साथ उठा हुआ धनुष अवृष्टि करता है, भूमि से उठा हुआ धान्य-नाश करता है, सांप की बंबी से उठा हुआ युद्ध करने वाला और किसी वृक्ष से उठा हुआ धनुष व्याधि पैदा करता है। अवृष्ट्यां कारयेद् वृष्टिं वृष्टिं वृष्ट्यां निवारयेत्। पूर्वस्यां पश्चिमायां तु दृष्टं वृष्ट्यै सदा अवेत॥179॥ वर्षा न होते हुए पूर्व में धनुष दिखे तो वृष्टि होती है और यदि वर्षा होते हुए धनुष दिखे तो वृष्टि का नाश होता है। पश्चिम में धनुष होने से सदा वृष्टि होती है। सूर्यास्त-समये प्राच्यां भवे-दिन्द्र-धनु-र्यदि। द्वादशे प्रहरे तत्र पूर्ण वर्षा भविष्यति॥180॥ सूर्य के अस्त समय में पश्चिम दिशा के अंदर इंद्रधनुष के होने से 12वें प्रहर में वहां पूर्ण वृष्टि होती है। प्रभाते पश्चिमं यत्र दृष्यते वासवं धनु:। वारुणे सति नक्षत्रे शीघ्रं वर्षति वासव:॥181॥ जहां प्रात:काल पश्चिम दिशा के अंदर इंद्रधनुष हो और वारुण (जल बरसाने वाले) नक्षत्र हों, तो वहां शीघ्र ही वर्षा होती है। यद्युत्तरा-दिन्द्र-धनु-स्तदाऽकस्मात् प्रवर्षति। दक्षिणाऽवग्रहं कुर्याद् वर्षं वा बहुवासरम्॥182॥ उत्तर में इंद्रधनुष के होने से अचानक वर्षा होती है और दक्षिण में इंद्रधनुष होने से वर्षा में रुकावट होती है, अथवा कई दिन तक वर्षा होती रहती है। अर्द्ध-बिम्बं यदाकाशे धनुरैन्द्रं प्रदृश्यते। तदाऽत्यन्तं सुवृष्ट्: स्यादत्यन्तं च समर्घता॥183॥ आकाश में आधे इंद्रधनुष के होने से अत्यंत शुभ वर्षा और समग्रता होती है। बुध-सूर्या-तिरिक्तेषु वारे-ष्विन्द्र-धनु-र्यदि। तदा वर्षति पर्जन्य-श्चतुर्थे पञ्चमेऽहनि॥184॥

बुध और सूर्य को छोड़ कर अन्य वारों में इंद्रधनुष के होने से 4वें, 5वें दिन वर्षा होती है। एतदिन्द्र-धनु-र्वक्रं तदेव ऋजु-रोहितम्। ऐरावतं च तत् प्रोक्तं फलमस्य धनु:समम्॥185॥ ऊपर कहा हुआ इंद्रधनुष टेढ़ा होता है। यही यदि सीधा और लाल हो तो ऐरावत कहलाता है। इसका भी फल इंद्रधनुष के समान ही समझना चाहिए। दण्ड:, त्रिशूलं, मत्स्य:, अमोघा:- सूर्यात् समुत्थिता रेखाऽमोघ इत्यभिधीयते। साऽग्रेण खण्डिता दण्ड-स्तिस्रो रेखा-त्रिशूलकम्॥186॥ सूर्य से उठी हुई रेखा अमोघ कहलाती है। वह अग्र भाग से खंडित हो तो उसी का नाम दंड हो जाता है। ऐसी यदि 3 रेखाएं हों, तो उसका नाम त्रिशूल है। द्वाभ्या-ममोघ-रेखाभ्यां भिन्न-दिग्भ्यां तु मत्स्यक:। सत-स्वप्येवं विशेषेषु सांकर्य्येणोच्यते फलम्॥187॥

विभिन्न दिशाओं से उठी हुई 2 अमोघ रेखा से मत्स्य होता है। इस प्रकार की विशेषता होने पर भी संकरता से फल कहा जाता है। रवे: करा: सिता: स्निग्धा आदि-मध्यान्त-गामिन:। अव्युच्छिन्ना अमोघाख्या ऋज्वो वृष्टि-हेतव:॥188॥ अमोघ नाम की सूर्य किरणें यदि श्वेत, स्निग्ध, पूर्ण और आकाश में आदि-मध्य-अंत तक जाने वाली हों, तो वृष्टि होती है। अमोघा दक्षिणावर्ता दीर्घा उद्योतिनोऽमला:। सरला विरले व्योम्नि दृष्टा: श्रेयस्करा मता:॥189॥ साफ आकाश में अमोघ यदि दक्षिण की ओर घूमे हुए लंबे, चमकीले, साफ और सरल दिखाई देते हों, तो वे श्रेष्ठ होते हैं। अमोघा: कलुषा ह्रस्वा: कुटिला विकृता अपि। विच्छिन्ना विषमा ध्वस्ता वामावर्ता अवृष्टिदा:॥190॥ जो अमोघ मैले, छोटे, टेढ़े, विकृत, कटे हुए, विषम, नष्ट से हुए, और बाईं ओर घूमे हुए होते हैं, वे वृष्टि बरसाने वाले नहीं होते। बभ्रु-कल्माश-कपिला: शवला हरितोऽरुणा:। विचित्रा अपि सप्ताहा-दमोघा वृष्टि-कारिण:॥191॥ अमोघ यदि भूरे, नाना वर्ण, कपिल, हरित-रक्त, अथवा विचित्र रंग के हों, तो उन्हें वृष्टि करने वाले समझने चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# बिना पंख उड़ने का ख्वाब होती है 'मित्रता'

मित्रता का रिश्ता आम रिश्ते से बहुत अलग होता है। यह रिश्ता दो पवित्र आत्माओं के बीच पनपता है, जो आगे चलकर अमर हो जाता है। किसी को मित्र कह लेने से वह मित्र नहीं हो जाता। मित्रता का आयाम वहीं छू सकते हैं, जिनकी मित्रता में रूहानी आलम होता है। सच्ची मित्रता की अपनी सीमाएं होती हैं, अपने नियम और मानक होते हैं और कुछ अमूल्य भावनाएं होती हैं, जिनको शब्दों से परिभाषित नहीं किया जा सकता, केवल हृदय से महसूस किया जा सकता है। यदि हम मित्रता के बिना सारे रिश्ते नाते जोड़ दें, तो भी जीवन की परिभाषा अधूरी ही रहेगी।



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, हिप्र

दरअसल भगवान जिन लोगों को खून के रिश्तों में बांधना भूल जाते हैं, उनको मित्र बना कर धरती पर भेज देते हैं। मित्रता खट्टी-मीठी, नोंक-झोंक, गुस्सा, लड़ाई , हंसी-मजाक आदि भावनाओं का समावेश है। जिसमें दो लोग नि:स्वार्थ भाव से जुड़ते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख में बराबर शामिल होते हैं। एक सच्चे मित्र का जीवन में साकारात्मक प्रभाव पड़ता है और सबसे बुरे दौर में एक मित्र ही दूसरे मित्र का सहारा बनता है। एक मित्र को कभी बताने की जरूरत नहीं पड़ती कि दूसरा मित्र किस दौर से गुजर रहा हैं, क्योंकि उन दोनों का आत्मिक जुड़ाव हैं, वो एक दूसरे को भली-भांति महसूस कर सकते हैं। अच्छे वक्त में भी और बुरे वक्त में भी। मित्रता बिना पंख उड़ने का ख्वाब होती है, मित्रता लाजवाब होती है। मित्रता तो अनादि काल से चली आ रही है। जैसे त्रेता में भगवान श्री राम चंद्र जी और निशादराज की, श्री राम चंद्र जी और सुग्रीव की। द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण जी और सुदामा की, जिस मित्रता ने गरीबी-अमीरी, ऊंच-नीच, यहां तक कि भक्त और भगवान का भेद मिटा दिया था। द्वापर में ही श्री कृष्ण जी और द्रौपदी की, जो मित्रता एक आदर्श और मिसाल बनी युगों-युगों तक।

मित्रता तो दुर्योधन और कर्ण की भी बेमिसाल थी, लेकिन एक अच्छा और सच्चा मित्र वही होता है जो अपने मित्र धर्म का पालन करें, अपने मित्र को नीति-अनीति का पाठ पढ़ाए, गलत मार्ग पर चलने से रोकें , अधर्म करने से रोकें, लेकिन कर्ण ने आंख मूंद कर अपने मित्र दुर्योधन का अंहकार भाव तृप्त करने के लिए मरने और मारने की प्रतिज्ञा ले रखी थी। इसलिए इन दोनों की मित्रता अमर तो हुई, मगर धर्म परायण नहीं रही। आज के दौर में मित्रता शब्द बेमानी सा लगता है, क्योंकि कोई ईमानदारी से निभाता नहीं है। सबके मन में छल कपट भरा पड़ा है, लोग हालात समझने के बजाय परखना ज्यादा उचित समझते हैं। वैसे भी अब मित्रता नफा-नुकसान का खेल हो गया है। जहां से जितना ज्यादा फायदा वहां पर उतनी गहरी मित्रता। जहां से कोई फायदा होने की गुंजाइश न हो वहां पर मित्रता शब्द सिर्फ शब्द बनकर ही रह जाता है। मित्रता तो ऐसी होनी चाहिए, जो लेन-देन, नफा-नुकसान, अमीरी-गरीबी से कहीं ऊपर हो। वहीं मित्रता, सच्ची मित्रता कहलातीं है बाकी सब तो दुनियादारी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

दोहे



## बंधन माया मोह के

शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

*बंधन माया मोह के, जीवन के जंजाल।*
*अपने फंदे में फंसा, ज्यूं मकड़ी का जाल।*
*बंधन माया मोह का, सब कुछ लेते लूट।*
*माया-माया जोड़ते, सांसे जाती छूट।।*
*बंधन माया मोह का, कैसा हैं अनुबंध।*
*माया के इस फेर में, टूट रहे संबंध।।*
*बंधन माया मोह का, जब तक घट में जान।*
*माया प्यारी हो गई, भूल गया भगवान।।*
*बंधन माया मोह का, छोड़ो मेरे यार।*
*जाना खाली हाथ है, सब ने इस संसार।*

# वृक्ष पूजन की परंपरा में 'एक पेड़ मां के नाम'

शैली डालिए तू किहां बढणी इक तेरा पाप लगदा' अर्थात वृक्ष की हरी टहनी को काटने से पाप लगता है। सूर्यास्त के बाद पौधे को नहीं छूना, यह पौधों के सोने का समय है, फूल पत्ती नहीं तोड़ना, यह हमारी संस्कृति रही है। देवभूमि हिमाचल में हर चौराहे पर चबूतरे के बीच में सजा पीपल और बड़ का पेड़ असंख्य लोगों को छाया देता है और दिन-रात ऑक्सीजन देकर सबके जीवन की रक्षा भी करता है। तभी तो लोग धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा में पीपल के पेड़ को पवित्र धागों से बांधते हैं। उसकी परिक्रमा करते हैं, जल चढ़ाते हैं हर रोज। यह हमारी परंपरा का एक हिस्सा रहा है और जीवन का एक नित्य कर्म भी। हिमाचल में अनेक देवी-देवताओं का निवास पेड़ों पर हैं। कहीं-कहीं पेड़ भी देवता के रूप में पूजे जाते हैं। असंख्य मंदिर, स्थानीय देवी-देवता, मूर्तियां पेड़ों के नीचे रखकर आस्था और श्रद्धा से पूजी जाती हैं।

अब बरसात आने पर हर वर्ष एक दो सप्ताह के लिए पौधरोपण किया जाता है। वन विभाग और विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा भी पौधरोपण किया जाता है। अखबारों और सोशल मीडिया पर पौधरोपण की सूचनाओं से उत्साह बनता है, लगता है कि अब चारों तरफ ही पेड़ पौधे और हरियाली होगी, पर्यावरण संतुलन बनेगा, परंतु अगले वर्ष तक न फिर पौधे दिखते हैं, न हरियाली। हां, सैकड़ों वर्षों पुराने पेड़ मकानों, सड़कों और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए काट लिए जाते हैं और नए पौधे लगते नहीं हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि शिमला जैसे स्थान पर सैकड़ों वर्ष पुराने देवदार और बान के पेड़ मकान के लिए खतरा बता कर काट दिए गए हैं और उनके स्थान पर स्मार्ट सिटी के नाम पर सड़क के किनारों पर डंगों पर छोटे-छोटे गमलों में पौधे लगाए गए हैं, जिन पर करोड़ों रुपए खर्च किया गया है। स्मार्ट सिटी में कुछ पार्क भी बनाए गए, वहां भी पौधरोपण हुआ, लेकिन अब न पार्क दिखाई दे रहे हैं न पौधे।



लेखक : हितेंद्र शर्मा
गांव किंगल, कुमारसैन

इधर एक पेड़ मां के नाम यह नारा भी खूब चल निकला, कुछ लोग ईमानदारी से पौधरोपण भी कर रहे हैं। कई असंख्य चित्र तो ऐसे भी देखने में आ रहे हैं कि एक पौधा लगाने के लिए भारी भीड़ जमा हो जाती है। फोटो में पर्यावरण प्रेमी लोग ही दिखते हैं, पौधा कहीं नजर नहीं आता। जबकि होना यह चाहिए कि जो पौधा हम लगाएं उसका संरक्षण भी हम करें। बराबर उसकी देखभाल की जाती रहे। अगर मां के नाम पर पौधा लगाया गया है, तो मां की तरह उसकी सेवा भी होनी चाहिए। गर्मी, सर्दी, बरसात में उसकी पूरी तरह से देखभाल होती रहे, तो वह पौधा कुछ वर्षों में विशाल पेड़ का आकार ले सकता है और पर्यावरण संतुलन के लिए नए जंगल उगाए जा सकते हैं। यह भी पौधरोपण के नाम पर दुर्भाग्य ही है कि ऐसे पौधे लगाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण और जलवायु की दृष्टि से अधिक उपयोगी नहीं हैं। पौधरोपण में तीन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए, एक पौधा फल देने वाला हो, दूसरा उस पौधे से इंधन मिल सके, तीसरा उस पौधे की इमारती लकड़ी भी उपयोग में लाई जा सके। अन्यथा सड़कों के किनारे और जंगलों में छोटे-छोटे पौधे लगाकर पर्यावरण के साथ मजाक ही किया जा रहा है।

इन पौधों से किसी का कुछ भला होने वाला नहीं है। पीपल, बड़, आम, गिलोय, देवदार और बान के पेड़ ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए पहले इन पौधों को घरों के समीप और वनों में लगाया जाता था। अत: ऑक्सीजन देने वाले पौधों को लगाया जाना चाहिए। इन पौधों से ही भूमि की कटाव से भी सुरक्षा होती है। भूमि को संरक्षण से बचाया जा सकता है। चीड़ और सफेदा के पौधे पर्यावरण के लिए नुकसान देने वाले हैं। सफेदा के पौधे पानी को सुखाकर भूमि की नमी को कम कर देते हैं। चीड़ के पौधे पर्यावरण संतुलन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं तथा गर्मी पैदा करते हैं। जहां चीड़ के जंगल सरकार द्वारा उगाए गए हैं वहां नए पौधे नहीं पनपते। गर्मियों में आग लगने से चीड़ के जंगल जला दिए जाते हैं। जीव-जंतु और पक्षी जल कर मर जाते हैं और घास पत्ती, फूल पौधा वहां कुछ भी नहीं हो पाता है, जबकि देवदार और बान के जंगल में अन्य प्रजाति के पौधे भी खूब पनपते हैं। पहले सड़कों के किनारे आम के वृक्ष लगाए जाते थे, फल भी, छाया भी और इंधन की लकड़ी भी उनसे खूब मिलती थी।

आज भी मैदानी इलाकों में सड़कों के दोनों किनारे आम के बड़े-बड़े वृक्ष दिखाई देते हैं, जिन्हें सड़कों को चौड़ा करने के लिए बेरहमी से काट दिया गया है और उनके स्थान पर गमले में छोटे-छोटे पौधे उगाए जा रहे हैं, जो कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ है। अगर हम इसी तरह से प्रकृति के साथ खिलवाड़ करते रहे, विकास और भवन निर्माण के नाम पर पेड़ों को काटते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब पहाड़ों में भी दिल्ली जैसे महानगरों की तरह ऑक्सीजन बार खोलने की नौबत आ जाएगी और 5-10 मिनट तक ऑक्सीजन लेने के लिए हजारों रुपए चुकाने होंगे, इसलिए सोचा जाना चाहिए कि हम किस ओर बढ़ रहे हैं। क्या, प्रकृति का विनाश करके मनुष्य जी पाएगा, मानव संस्कृति जिंदा बच पाएगी, असंख्य पेड़-पौधों को काटने के साथ-साथ वन्य प्राणियों का जीवन समाप्त हो जाता है। पशुओं को चारा नहीं मिलता। पक्षियों को बैठने तथा घोंसला बनाने के लिए जगह नहीं मिलती और इन वर्षों में जहां पेड़ पौधों की असंख्य प्रजातियां खत्म हो गई हैं, वहां पक्षियों की भी बहुत सारी प्रजातियां अब देखने को नहीं मिलती हैं।

अब घर, गांव के आसपास सुबह के समय पक्षियों का कलरव नहीं सुनाई देता है। अब केवल सड़कों पर दिन-रात दौड़ती गाड़ियों की आवाजें सुनाई देती हैं, जिससे पर्यावरण प्रदूषिण होता है। प्रकृति का संतुलन नहीं बनता है, इसलिए अभी भी समय है कि मनुष्य को अपना जीवन बचाए रखने के लिए पेड़ पौधों को लगाना जरूरी है। खेत खलिहानों जंगलों निजी एवं सरकारी जमीनों में भी पौधरोपण किया जाना चाहिए, ताकि मनुष्य और अन्य सभी प्राणियों के जीवन को बचाए रखने के लिए पर्याप्त और शुद्ध मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके। तभी ये पौधरोपण के कार्यक्रम सफल होंगे और एक पेड़ मां के नाम का यह नारा भी सार्थक हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध गायिका

**सिद्धेश्वरी** देवी भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध गायिका थीं। तत्कालीन समय में जब नाचने व गानों वालों को अच्छी दृष्टि से नहीं देखा जाता था और महिला कलाकारों को तो वेश्या ही मान लिया जाता था, ऐसे समय में सिद्धेश्वरी देवी ने अपनी कला के माध्यम से भरपूर मान और सम्मान अर्जित किया। उन्हें निर्विवाद रूप से ठुमरी गायन की साम्राज्ञी मान लिया गया था। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सिद्धेश्वरी देवी का जन्म वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनके पिता श्री श्याम तथा माता श्रीमती चंदा उर्फ श्यामा थीं। जब यह डेढ़ वर्ष की थीं, तब उनकी माता का निधन हो गया। अत: उनका पालन उनकी नानी मैनाबाई ने किया, जो एक लोकप्रिय गायिका व नर्तकी थीं। सिद्धेश्वरी देवी का बचपन का नाम गोनो था। उन्हें सिद्धेश्वरी देवी नाम प्रख्यात विद्वान व ज्योतिषी पंडित महादेव प्रसाद मिश्र (बच्चा पंडित) ने दिया। सिद्धेश्वरी देवी को पहली बार 17 साल की अवस्था में सरगुजा के युवराज के विवाहोत्सव में गाने का अवसर मिला। उनके पास अच्छे वस्त्र नहीं थे। ऐसे में विद्याधरी देवी ने उन्हें वस्त्र दिए। वहां से सिद्धेश्वरी देवी का नाम सब ओर फैल गया। एक बार तो मुंबई के एक समारोह में वरिष्ठ गायिका केसरबाई उनके साथ ही उपस्थित थीं। जब उनसे ठुमरी गाने को कहा गया, तो उन्होंने कहा कि जहां ठुमरी साम्राज्ञी सिद्धेश्वरी देवी हों, वहां मैं कैसे गा सकती हूं। ■



सिद्धेश्वरी देवी
**जन्म :** 8 अगस्त, 1908
**मृत्यु :** 17 मार्च,1977

कविता



## लड़ाई ऐसी भी होती है

शेर सिंह, शमशी, कुल्लू

*लड़ाई केवल तलवार, बंदूक*
*बम से ही नहीं लड़ी जाती है ।*
*लड़ाई केवल मोर्चों पर*
*सड़क पर, संसद में ही*
*नहीं लड़ी जाती है ।*
*लड़ाई दुश्मनों, विरोधियों*
*स्थितियों से भी केवल*
*नहीं लड़ी जाती है ।*
*एक लड़ाई अपने से होती है*
*लड़ी जाती है अपनी*
*अंतरात्मा, अपने वजूद से ।*
*एक लड़ाई वह भी होती है*
*जिस में शरीर पर चोट*
*घाव दिखता नहीं है ।*
*लेकिन चलते हैं बाण*
*शब्दों के चुभते हैं*
*नजरों में भरी घृणा के*
*विष बुझे तीर और कसता है*
*चालाकी से रची*
*साजिश का फंदा ।*
*ऐसी लड़ाई से लहूलुहान*
*छलनी हो जाता है मन*
*और टूट जाती है*
*आत्मा की कमर ।*
*चोट पर चोट होती है*
*और जिंदा हो कर भी*
*मर जाता है आदमी*
*मर जाती है आदमीयता ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# राहुल ही नहीं, कोई भी अपनी जाति बताने में शर्मसार क्यों हो ?

हिंदुस्तान की राजनीति में क्या राहुल गांधी होना ही काफी है। वह जो सवाल सबसे पूछते हैं, वही सवाल जब उनसे कोई ओर पूछ लेता है, तो इसमें उनकी इनसर्ट कैसे हो जाती हैं। कहीं ऐसा तो नहीं वह अभी भी मध्यकालीन सामंतवादी सोच से बाहर नहीं निकल पाए हैं। यह सच है कि राहुल ऐसे परिवार से आते हैं, जिसने आजादी के बाद दशकों तक सामंतवादी सोच के साथ देश पर राज किया है, जिनकी ताकत इतनी हुआ करती थी कि देश में इनकी मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता था। इनके एक इशारे पर प्रदेश की सरकारों की तकदीर बनती बिगड़ती थी।

मुख्यमंत्री और सरकारें रातोंरात बदल और गिरा दी जाती थीं। इनके द्वारा राजशाही तरीके से देश को आपातकाल में झोंक दिया जाता था,जिनके द्वारा अपने हिसाब से देश की आजादी का इतिहास लिखवाया गया, जिसको चाहा अपमानित किया गया और जिसे चाहा सिर आंखों पर बैठा लिया गया। इसीलिए वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी को यह लोग अपमानित करते हैं। सुभाषचंद्र बोस को परेशान किया गया। कांग्रेस आज भी इसी सोच के साथ जी रही है कि जो वह कहें वही पत्थर की लकीर है,उसे कोई काट नहीं सकता है। इससे ज्यादा दुख की बात यह है कि विपक्षी गठबंधन के कुछ सहयोगी भी इससे इत्तेफाक रखते हैं, जिसमें आजकल समाजवादी पार्टी के दूसरी पीढ़ी के नेता पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का नाम भी शीर्ष पर मौजूद है। मुलायम सिंह यादव जो ताउम्र कांग्रेस के खिलाफ लड़ते रहे, आपातकाल में जेल गए, उन्हीं के बेटे अखिलेश यादव तब उतेजित हो जाते हैं, जब बीजेपी के नेता राहुल गांधी से उनकी जाति पूछ लेते हैं। वह सदन में चिल्लाने लगते हैं कि राहुल गांधी की जाति कैसे पूछी,जबकि राहुल-अखिलेश की जोड़ी अपनी राजनीति चमकाने के लिए समय-बेसमय किसी की भी जाति पूछकर उसका उपहास उड़ाने या उसके सहारे अपनी राजनीति चमकाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। बहुत दिन नहीं हुए, जब यह दोनों नेता लोगों और विशेषकर अधिकारियों एवं मीडिया वालों की जाति पूछते थे, लेकिन जब लोकसभा में बीजेपी के एक नेता ने गोलमोल शब्दों में उनकी जाति पूछ ली तो वह उछल पड़े, जबकि राहुल का नाम लिए बिना बीजेपी के पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में तंज कसा था कि जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं, वे जाति गणना की मांग कर रहे हैं।



लेखक : अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

यह बात राहुल और उनकी टीम के सदस्यों को इनती बुरी लगी कि इन्होंने हंगाम खड़ा कर दिया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेता संसद के भीतर और बाहर आपे से बाहर हो गए। इनमें कांग्रेस के वे नेता भी हैं, जो लोगों की जाति जानने की राहुल गांधी की अपरिपक्त राजनीति को उनका मास्टर स्ट्रोक बताया करते थे। सवाल यही है कि कोई अपरिक्त नेता जब हर तरफ घूम-घूमकर सबकी जाति जानने की कोशिश करेगा, तो फिर उसे अपनी भी जाति बताने के लिए तैयार रहना चाहिए, जैसा भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी की जाति के बारे में पूछा था। राहुल गांधी इस कटाक्ष को अपना अपमान बता रहे हैं।

यह वही राहुल हैं, जो चंद दिन पहले लोकसभा में भाजपा नेताओं को दुर्योधन, शकुनी आदि बताने में लगे हुए थे। इसके पहले वह एक जनसभा में यह कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी तो ओबीसी हैं ही नहीं,जबकि इसके उलट तमाम लोग राहुल गांधी को तो हिंदू ही नहीं मानते हैं। यह एक सामान्य बात है कि किसी को भी दूसरों के साथ वैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए, जैसा उसे अपने लिए पसंद न हो, लेकिन राहुल गांधी हों या फिर अन्य कुछ नेता इससे इत्तेफाक नहीं रखते हैं।

अनुराग ठाकुर के बयान पर संसद में जो हंगामा हुआ, वह केवल राहुल गांधी का अपनी खीझ मिटाने और जनता का इस मुद्दें से ध्यान हटाने के अलावा कुछ नहीं था। यह हास्यास्पद ही है कि अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन करने के कारण कांग्रेस प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने पर विचार ले आई, क्योंकि मोदी ने अनुराग के भाषण वाला वीडियो फारवर्ड कर दिया था। बहरहाल, संसद में आज जाति के नाम पर जो घमासान हो रहा है, उसकी नींव कांग्रेस ने बहुत पहले ही रख दी थी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रकृति को संजोए रखना सबकी जिम्मेदारी : राकेश



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत नगर परिषद के वार्ड नंबर एक सिंहारल में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक राकेश जम्वाल के साथ मंडल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश जिला महामंत्री उपस्थित रहे। विधायक राकेश जंवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत हरेक बूथ पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद नरेश वर्मा,कृष्णा, ललिता, अंजू, कल्पना वर्मा, अजय वर्मा,उप प्रधान कागू, हरीश युवा मोर्चा अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

### प्रदूषण की रोकथाम के लिए किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर के संयुक्त निदेशक सुभाष चंद पराशर ने बताया कि मिजोरम के एक पर्यावरण योद्धा वनलालावमजुआला वर्टे ने हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर के प्रशिक्षणार्थियों के साथ भेंट करके अपना अनुभव साझा किया तथा वातावरण के प्रदूषण की रोकथाम में सहयोग और आसपास के लोगों को प्रदूषण की रोकथाम के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। बता दें कि वनलालावमजुआला वर्टे, जिन्हें एलज वर्टे के नाम से भी जाना जाता है, मिजोरम के एक पर्यावरण योद्धा हैं जिन्होंने 'राइड टू क्लीन एयर' मिशन की शुरुआत की है। मिशन की शुरुआत 25 जनवरी, 2024 को आइजोल, मिजोरम से की गई थी जिसका लक्ष्य पूरे भारत में साइकिल पर घूमकर वायु प्रदूषण के बारे में जागरूकता फैलाना है।

### पधर में पौधरोपण अभियान का हुआ आगाज




अनंत ज्ञान, पधर। 'एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत द्रंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डलाह के बूथ नं. 41 के कलोन में पौधरोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने की और भेड़े का पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया। द्रंग विधायक ने कहा कि स्थानीय महिला मंडल व भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से पौधरोपण का सफल कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम पर समर्पित करना एक सुंदर और महत्वपूर्ण संदेश है।

### बगलामुखी मंदिर सेहली में खीर का भंडारा 11 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तुंगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के उपलक्ष्य में 11 अगस्त को खीर के भंडारे का आयोजन होगा। माता बगलामुखी मंदिर सेहली के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह 11 बजे मंदिर परिसर में पूर्णाहुति होगी। 11 अगस्त को मंदिर में हवन-पाठ के साथ-साथ कन्या पूजन भी होगा। हवन के बाद मंदिर में खीर के भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मां के मंदिर में पूर्णाहुति में भाग लेकर भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने सभी भक्त जनों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंदिर में आकर पूर्णाहुति में भाग ले व मां का प्रसाद व आशीर्वाद प्राप्त करें।

### रतन ज्वेलर्स ने आपदा प्रभावितों को दी सहायता राशि



**अनंत ज्ञान, मंडी ।** शहर के मोती बाजार स्थित रतन ज्वेलर्स ने राजबन गांव के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। रतन ज्वेलर्स के एमडी राजा सिंह मल्होत्रा ने आज डीसी मंडी अपूर्व देवगन को राजबन गांव के चार आपदा प्रभावितों को दो लाख की राहत राशि के चैक सौंपे। प्रत्येक परिवार को 51 हजार की आर्थिक मदद की गई है। जिन प्रभावितों को यह मदद दी गई है उनमें छिंजू राम, चंदन लाल, मोहन सिंह और राम सिंह का परिवार शामिल है। राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में रतन ज्वेलर्स मोती बाजार मंडी प्रभावितों के साथ खड़ा है और भविष्य में भी इन परिवारों को जिस भी प्रकार की मदद की जरूरत होगी, उसे करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### मंडी के खलियार में मिला हरियाणा के युवक का शव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी शहर के खलियार के समीप ब्यास नदी में मणिकर्ण से लापता हुए हरियाणा के 32 वर्षीय युवक की लाश बरामद हुई है। पुलिस थाना सदर मंडी की टीम ने शव का पोस्टमार्टम श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में करवा कर परिजनों को सौंप दी है।

इसके बाद पुलिस थाना सदर मंडी की टीम ने शव को ब्यास से बाहर निकाल कर जोनल अस्पताल मंडी में शिनाख्त के लिए डैड हाउस में रखा हुआ था। मृतक की पहचान त्रिलोकी राम(32) पुत्र जय भगवान वार्ड नंबर-3, गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना, तहसील जुलाना जिला जींद हरियाणा के तौर पर हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### सरकाघाट कॉलेज में एनएसएस शिविर का हुआ आयोजन




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषित विभिन्न युवा केंद्रित योजनाओं पर भी जानकारीपूर्ण सत्र शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को सरकारी कार्यक्रमों के बारे में ज्ञान से लैस करना। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने स्वयंसेवकों की सराहना की ।

### कीटनाशकों का पर्यावरण पर होता है नकारात्मक असर



**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में स्कूली बच्चों के लिए विज्ञान में नवाचार और प्रेरित अनुसंधान शिविर के दूसरे दिन विभिन्न वैज्ञानिक विषयों में छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए शैक्षिक और व्यावहारिक सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। प्रो. ललित कुमार अवस्थी कुलपति ने दिन के दो अतिथि वक्ताओं प्रो. सुनील कुमार डीन छात्र कल्याण और पशु विज्ञान विभाग के प्रमुख केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के प्रो. दीपक कुमार का स्वागत किया। प्रो. सुनील ठाकुर ने छात्रों के साथ पर्यावरण पर विशेष रूप से कीटों पर कीटनाशकों के व्यापक प्रभाव पर चर्चा की।

### पीलिया के कारण अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता रद्द

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा तथा द्रंग प्रथम तथा द्रंग द्वितीय की जोनल स्तरीय अंडर 14 छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रद्द कर दिया गया है। जिला के लिए होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अब खिलाड़ियों के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे जिनकी तिथि बाद में तय की जाएगी।

इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 10 से 16 अगस्त तक पधर व जोगिंद्रनगर उपमंडल में आयोजन किया जाना था। जिला के डिप्टी डायरेक्टर एलीमेंट्री अशोक शर्मा ने कहा कि उपायुक्त मंडी के आदेशों के तहत बच्चों के हितों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### 31 जुलाई को चौहार घाटी के गढगांव, समालंग व द्रगड़ में बादल फटने से हुई थी तबाही

# खौफ के साये में गढगांव-द्रगड़ के लोग

**अनिल शर्मा, मंडी**

कुदरत के कहर से चौहार घाटी के गढगांव, द्रगड़ व समालंग के लोग एक सप्ताह बाद भी खौफ में दिन बिता रहे हैं। गढगांव के लोगों को तो चारों ओर से मुसीबत से घेर रखा है। गांव के दोनों ओर भारी तबाही हुई है तो गांव के साथ बहने वाला नाला भी अब लोगों को डरा रहा है।

बादल फटने से हुई तबाही से लोग डरे हुए हैं, जिससे अब आराम की जिंदगी जी रहे लोग के दिमाग में दिन व रात को तबाही का मंजर भूले भी नहीं भुलाया जा रहा है। हालांकि गढगांव, समालंग व द्रगड़ गांव में बादल फटने से किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन जो तबाही हुई है वह दिल दहलाने वाली है।

एक ओर इन गांवों को जोड़ने वाली सड़क का बाढ़ में बहने से नामोनिशान मिट गया है, वहीं समालंग को जाने वाला संपर्क मार्ग अब गहरे नाले के रूप में तब्दील हो चुका है। वर्षों बाद लोगों को सड़क सुविधा नसीब हुई थी और लोगों ने अपनी सुख सुविधा के लिए जो गाड़ियां रखी थी, वे अब शोपीस बन रह गई हैं। कुछ गाड़ियां तो बाढ़ में समा गई हैं, लेकिन जो



बादल फटने से हुई तबाही का मंजर।

#### सड़क का नामोनिशान मिटने से अब गाड़ियों के पहिये हुए जाम

गाड़ियां बाढ़ की चपेट से बच गई हैं वे सड़क का नामोनिशान मिटने से अब पहिये जाम हो गए हैं।

सड़क के बाढ़ में बहने से गढगांव, समालग व द्रगड़ गांव के सैकड़ों को अब राशन व अन्य जरूरी सामान लाने की चिंता सताने लगी है। जल प्रलय से हुई तबाही के मंजर से लोगों का दिन का चैन व रात की नींद गायब हो चुकी है।

#### गांव के लोगों को सता रही राशन व अन्य जरूरी सामान की चिंता

#### बाढ़ की दिशा नहीं बदलती तो मिट जाता गढगांव का नामोनिशान

**गढ़गांव** के साथ जिस तरह से मलबा आया है अगर उसकी दिशा नहीं बदलती तो पूरा गांव चपेट में आ जाता और गांव का नामोनिशान मिट जाता, जिससे भारी जानमाल का नुकसान हो सकता था, लेकिन स्थानीय लोगों की मानें तो समालंग गांव स्थित मां नौणी की कृपा से ही गांव में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है और माता ने बाढ़ के रुख को गांव से दूसरी तरफ मोड़ दिया। हालांकि बाढ़ से लोगों की लाखों रुपए की राजमाह, आलू व मूली की फसल तबाह हो गई है।

#### गढ़गांव के चारों ओर भारी तबाही होने से नौनिहाल नहीं पहुंच पा रहे स्कूल

**गढ़गांव** के चारों ओर भारी तबाही होने से नौनिहाल स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। परिजन बाढ़ से इतने सहमे हुए हैं कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। पेयजल की पाइपें बाढ़ में बहने से स्कूल स्टाफ सहित ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ रहा है। अभिभावकों का प्रदेश सरकार व प्रशासन से कहना है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तब तक स्कूल में अवकाश कर देना चाहिए।

# जन कल्याणकारी योजनाओं पर करेंगे फोकस : वबनेश चड्ढा

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**



अनंत ज्ञान
विशेष बातचीत

विकास खंड बालीचौकी में जनकल्याणकारी योजनाओं पर ग्रामीण विकास विभाग का विशेष फोकस रहेगा। बालीचौकी विकास खंड के 6वें खंड विकास अधिकारी के रूप में अपना कार्यभार संभालने के उपरांत 'दैनिक अनंत ज्ञान' के साथ एक औपचारिक बातचीत मे बीडीओ बालीचौकी वबनेश चड्ढा ने यह बात कही। वबनेश ने कहा कि विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में धीमी गति से चल रहे विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बालीचौकी विकास खंड में मनरेगा कार्यों को लेकर लोगों में काफी उत्साह पाया जाता है और उनका लक्ष्य रहेगा कि कार्य गति बढ़ाने के साथ साथ पारदर्शिता और जमीनी कार्य भी हो।

विकास खंड अधिकारी से जब विकास खंड में स्टाफ की कमी को लेकर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि आम जनता परेशान न हो इसका ध्यान रख कर उपलब्ध कर्मियों से ही अतिरिक्त कार्य करवाने का प्रयास रहेगा। वबनेश चड्ढा ने कहा कि इस वर्ष विकास खंड में 40 करोड़ के विकास कार्यों को करवाने का लक्ष्य रखा गया है और हमारा विभाग का प्रयास रहेगा कि लक्ष्य से अधिक विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। खंड में कार्यरत कर्मियों और पंचायत प्रधानों की साझा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्ययोजना को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। विकास खंड में कार्यरत सभी कर्मचारियों से पारदर्शिता और जन कल्याण की भावना से कार्य करने की भी अपील की। (अनंत ज्ञान)

#### लोगों में कार्यप्रणाली को लेकर काफी जिज्ञासा

2018 बैच के एचएएस अधिकारी वबनेश चड्ढा की पहली नियुक्ति बीडीओ के रूप मे दुर्गम तीसा ब्लॉक में हुई था।

बिलासपुर जिला के विकास खंड घुमारवी के रहने वाले वबनेश चड्ढा इससे पूर्व आनी, करसोग, तीसा एवं केलांग में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में भी उनकी कार्यप्रणाली को लेकर काफी जिज्ञासा पाई जा रही है।

## ट्रक और कार की टक्कर में एक घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर बीएसएल पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत नरेश चौक पर मंगलवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक के साथ जा टकराई। इस कारण कार चालक घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार देर रात एक कार बीएसएनल कॉलोनी से भोजपुर की ओर जा रही थी। जैसे ही कार नरेश चौक के समीप चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पर पहुंची तो आगे से आ रहे एक ट्रक के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार चालक घायल हो गया है जिसे स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही बीएसएल पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि कार चालक ने अपनी गलती मान ली है। हादसे को लेकर मामला दर्ज नहीं हुआ है। लेकिन लापरवाही से वाहन चलाने पर कार चालक का चालान किया गया है। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों की पालना करने की अपील की है।

## 9 को रंधाड़ा क्षेत्र में बिजली रहेगी बंद

**मंडी ।** आगामी 9 अगस्त को विद्युत अनुभाग रंधाड़ा के तहत आने वाले क्षेत्र में उच्चतम विद्युत आवेग की तारों के आस-पास लगे पड़ों की छंटाई और जरूरी मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नम्बर 2 मंडी सुनील शर्मा ने बताया कि मरम्मत के दृष्टिगत 9 अगस्त को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक गजनोहा, लोहारड़ी, नटनेड़, रंधाडा, रत्तीपुल, गड्डुल, घेरा, बनायेट, तांदीगलू, सिरम, चेहर, बठाहन, रखेर, कोठीगैहरी, पैड़ी, अलाथू, जनेड़ तथा साथ लगते क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## डैम से गायब हुई करोड़ों की लकड़ी की होगी छानबीन

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

बीएसएल परियोजना के पंडोह डैम से बाढ़ में बह कर आई कई टन लकड़ी गायब होने के पर लकड़ियों की जांच शुरू हो गई है। भले ही डैम पर पड़ी थोड़ी सी लकड़ियों को वन विभाग ने अपने कब्जे में नहीं लिया मगर अपने स्तर पर खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वन उप खंड अधिकारी (बीओ) टीम के साथ डैम पर पहुंचे। उन्होंने बीबीएमबी पार्क, सड़क व गुमटी के आस पास रखी गई लकड़ी का निरीक्षण किया। भारी लकड़ी को मैनुअली नहीं उठाया जा सका। उन्होंने बग्गी साइट की टनल को भी देखा जहां कोई लकड़ी नहीं मिली जबकि यहां लकड़ियों का बहुत बड़ा जखीरा था। उस वक्त डैम के गेट न खुलने का तनाव के कारण विभाग ने लकड़ी की ओर ध्यान नहीं दिया। वन विभाग की टीम बीबीएमबी के अधिशाषी अभियंता कार्यालय में भी पहुंची, वह अनुपलब्ध पाए गए। वन विभाग सतर्क होता तो करोड़ों की वन संपदा कब्जे में होती। जिससे वन विभाग को आर्थिक लाभ मिलता। लोगों के आरोप है कि बीबीएमबी के कर्मचारी वर्कशाप में लगी बड़ी आरा मशीन में इन लड़कियों का चरान कर लकड़ियों को खुर्द-बुर्द करते हैं।

## साउथ कोरिया में प्रैक्टिकल पर होता है ज्यादा ध्यान: करणप्रीत



**अनंत ज्ञान, मंडी ।** भारत में शिक्षण संस्थानों में थ्योरी पर ही ज्यादा ध्यान दिया जाता है जबकि साउथ कोरिया में प्रैक्टिकल, प्रेजेंटेशन व लिखकर प्रेजेंटेशन को ज्यादा तरजीह दी जाती है। इन्हीं खूबियों के साथ मंडी में थनेहड़ा (टारना रोड) के करणप्रीत सिंह साउथ कोरिया की चुगैंग यूनिवर्सिटी सील में एमबीए का सेमेस्टर एक्सचेंज के तहत चौथा सेमेस्टर पूर्ण कर लिया। उन्होंने कई धर्मों में भोजन ग्रहण करने से संबंधित यूनेस्को कंपनी के प्रोजेक्ट के तहत भी कार्य किया है।

## सीवरेज संबंधी शिकायतों का होगा निवारण : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में सिटीजन काउंसिल के प्रधान ओपी कपूर व अन्य सदस्य की मांग पर शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर एक सभा का आयोजन किया गया।

इसमें प्रमुख मुद्दे शहर के सौंदर्यीकरण, पार्क व पार्किंग की व्यवस्था, इंदिरा मार्केट के सौंदर्यीकरण बारे, स्वच्छता, सीवरेज संबंधी, मंदिरों के नामों बारे, शहर की गलियों में दोपहिया वाहनों की आवाजाही को रोकने बारे, श्मशान घाटों के रखरखाव व शहर को कुत्तों एवं बंदरों से किस प्रकार राहत प्रदान की जाए, इस पर अपने सुझाव दिए।

महापौर ने उनके द्वारा बताए गए सुझावों व मागों को चरणबद्ध तरीके से करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि नगर निगम द्वारा एबीसी अभियान के तहत कुत्तों की नसबंदी की जा रही है और डॉग केयर सेंटर की क्षमता को बढ़ाने का कार्य भी प्रगति पर है। बंदरों से शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए किसी एजेंसी को ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से कार्य आबंटित किया जाएगा, जोकि बंदरों को पकड़कर उन्हें सलापड़ स्थित केंद्र में छोड़ेंगे। सीवरेज संबंधी जो शिकायतें कार्य में प्राप्त हुई थी उन पर निगम व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त मौका कर लिया गया है तथा शीघ्र ही सीवरेज से संबंधित शिकायतों का निष्पादन कर दिया जाएगा।

## अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ अत्याचार निंदनीय : सन्नी ईप्पन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** बांग्लादेश सरकार के तख्तापलट के बाद वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार होना बहुत ही निंदनीय है। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईप्पन ने कहा कि यह सब एक दिन में अचानक नहीं हुआ है।

भारत को भी ऐसी घटनाओं के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के पीड़ित अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए मीडिया में जो आवाज उठाई जा रही, वो काबिले तारीफ है।

## लचर पुलिस व्यवस्था तथा राजनीतिक शह के चलते बढ़ा क्राइम : कुशाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में चोरी, छीना झपटी व ठगी की लगातार बढ़ती वारदातों पर चिंता जताते हुए हिमाचल किसान सभा ने इन वारदातों पर अंकुश लगाने और आरोपियों को पकड़ने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने कहा कि लचर पुलिस व्यवस्था तथा राजनीतिक शह के चलते जोगिंद्रनगर में पिछले कुछ वर्षों से चोरी, छीनाझपटी व ठगी की वारदातों में लगातार वृद्धि हुई है। भारद्वाज ने कहा कि चिंता इस लिए भी बढ़ जाती है, क्योंकि ज्यादातर वारदातों में चोरों को पकड़ा नहीं गया है, जिस कारण बहुत से युवा जो नशे की गिरफ्त में हैं इन वारदातों को बेखौफ हो कर अंजाम देते हैं।

भारद्वाज ने कहा कि चोरी और झपटमारी के अलावा ऑनलाइन ठगी की वारदातों में भी अत्याधिक वृद्धि हुई है। चिट्टे के फैलाव के लिए सत्ता के नजदीकी नेता भी जिम्मेदार रहते हैं, क्योंकि नेता तस्करों को अपने प्रचार के लिए इस्तेमाल करते हैं और इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने देते।

## वृद्धाश्रम देहरी में लगाया निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर



शिविर के दौरान डाक्टर को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

ओरल हाइजीन सप्ताह के अंतर्गत दी सुकेत सीनियर सिटीजन वृद्धाश्रम देहरी में हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर द्वारा निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन निदेशक डॉ. अनिल सिंघला, डॉ. विकास जिंदल और डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया है। टीम में डॉ. साहिल ठाकुर, डॉ. साहिल नेगी, डॉ. केशव गर्ग, डॉ. आशिमा जैन, डॉ. स्वाति, डॉ. निधि आदि मौजूद रहे। 25 बुजुर्गों के दांतों की जांच की गई। इस मौके सुकेत सीनियर सिटीजन होम की ओर से अध्यक्ष पदम सिंह गुलेरिया, देवराज धीमान, शम्मी तथा दीपक ने भी सहयोग प्रदान किया।

## जोगिंद्रनगर में 2 माह में चोरी के 20 मामले

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तीन दिनों के भीतर चोरों ने विभिन्न घरों से नकदी समेत स्वर्ण आभूषण चुरा ले गए। ताजा घटनाक्रम में बुधवार को भडयाडा पंचायत के गांव लकरेहड़ में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में रूप लाल निवासी लकरेहड़ में बताया कि वह घर पर मौजूद नहीं थे और जब वह घर में आए तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और कमरे में रखा हुआ सामान भी बिखरा पड़ा हुआ हैं। उन्होंने बताया कि कमरे में सोने के गहने और नगदी को चोरों ने चुरा लिया है।

## यातायात-पर्यटक पुलिस थाना ने कार्य करना किया शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी**

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर मंडी जिला के नागचला स्थित यातायात-पर्यटक पुलिस थाना ने कार्य करना शुरू कर दिया है। इसके तहत यातायात-पर्यटक पुलिस थाना मंडी स्थित नागचला में पहला केस भी दर्ज हो गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना के पहले एफआईआर के अंतर्गत फोरलेन पर नौलखा में दो वाहनों की जोरदार टक्कर में दोनों चालकों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। हादसे के समय कार नंबर एचआर-06-जी-0046 और एचपी- 39-ए-8609 गलत दिशा से तेज रफ्तार में आते हुए एक दूसरे के साथ टकरा गए। इस हादसे में एक महिला और दो बच्चे घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों के चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। वहीं एक अन्य मामले में यातायात-पर्यटक पुलिस थाना मंडी स्थित नागचला ने शिकायतकर्ता राहुल ठाकुर निवासी गांव व डाकघर कनैड तहसील सुंदरनगर जिला मंडी की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अनुसार जब वह कनैड के समीप दुकान के बाहर खड़ा हुआ था तो सुंदरनगर की ओर से आ रही जीप नंबर टी- 0624-एचपी-6409-एफ ने तेज रफ्तार और गलत दिशा से आकर पैदल जा रहे तीन राहगीरों तथा सड़क किनारे खड़ी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस पर पुलिस ने जीप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने पर केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि यातायात-पर्यटक पुलिस थाना के अंतर्गत वाहन दुर्घटना के दो केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की आगामी जांच शुरू कर दी है।

**नशा** — चिट्टे के लिए पंडोह की बन रही पहचान, युवाओं के भविष्य पर सवालिया निशान

# माफिया का अड्डा बनता जा रहा है पंडोह

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

मंडी जिला मुख्यालय से मात्र 17 किलोमीटर कुल्लू दिशा में एनएच पर पंडोह पुलिस चौकी स्थित है। जो वर्ष 1962 से थाना बनने के लिए आतुर है, मगर राजनीति उपेक्षा के चलते सीएम द्वारा घोषणा होने पर भी डी नोटिफाई हो गई। इसके चलते पंडोह क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं आम हो गई हैं।

पंडोह नशे और नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। हर कहीं दिन में शराबी मिलेंगे। चिट्टे और चरस के लिए भी पंडोह की पहचान बनती जा रही है, जो हमारी युवा पीढ़ी के भविष्य पर सवालिया निशान हैं। मंडी-कुल्लू पुलिस पंडोह चरस व चिट्टे के सौदागरों को पकड़ चुकी है। मगर पंडोह पुलिस ने कोई एनडीपीएस का केस नहीं बनाया है। स्कूलों के आसपास मनचलों का दोपहियां वाहनों से मंडराना आम हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों की तस्करी जैसे रेत, पत्थर, बजरी के लिए पंडोह सबसे बड़ा सप्लायर है। कभी पत्थर के लिए झगड़ा तो कभी रेत के लिए मारा-मारी की खबरें आम हो गई है।

इसका ज्वलंत उदाहरण पंडोह निवासी बिट्टू है, जिस पर जानलेवा हमला करने पर भी पुलिस आराम से सोई रहती है। ये आरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाए गए है। कभी कोबरा गैंग पंडोह में ही नहीं पूरी मंडी को आतंकित करती है, तो कभी मर्डर जैसी घटनाओं से लोग सहम जाते हैं।

कभी घर के आंगन से गाड़ियां चोरी होती है तो कभी सड़क में होमगार्ड के पहरे में भी खड़ी गाड़ियों के टायर चोरी हो जाते हैं। रिहायशी मकानों से सोने चांदी के जेवरात चोरी होना तो कहीं नकदी के साथ घरेलू सामान की चोरियों निरंतर बढ़ती जा रही है।

#### क्या बोले अधिकारी

**जिला** खनन अधिकारी बिंदिया रानी ने बताया कि खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह राजेंद्र कुमार ने उन पर लगाए सभी आरोपों को गलत बताया है।

#### जवानों की पंडोह में तैनाती करने की उठाई मांग

**स्थानीय** लोगों नूप चंद, दुर्गा देवी, पवन कुमार, बीआर भाटिया, राधा कृष्ण वर्मा हिमाचल दिव्यांग सभा प्रदेश महासचिव ने एसपी मंडी से पंडोह पुलिस चौकी प्रभारी सहित पूरे स्टाफ को बदलने की जोरदार मांग करते हुए कहा कि पुलिस का व्यवहार, कार्यप्रणाली और कर्तव्य परायणता पक्षपाती है। पुलिस गश्त नहीं करती है। गैर कानूनी कार्यों, नशे से जुड़े कारोबारियों पर नकेल कसने में पूरी तरह से नाकाम है। पुलिस अधिकारी व जवानों की पंडोह में अतिशीघ्र तैनाती की जाए।

## फीट ऑफ फायर डांस एवं म्यूजिक अकादमी को मिला सम्मान




फीट ऑफ फायर डांस एवं म्यूजिक अकादमी को सम्मानित करते हुए राज्यपाल।

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश के फीट ऑफ फायर डांस एव म्यूजिक अकादमी के एमडी अमित भाटिया को एक और सम्मान प्राप्त हुआ है।

अमित भाटिया को शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा 'शाइनिंग स्टार' अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी अमित भाटिया को विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। अमित भाटिया ने बताया कि फीट ऑफ फायर डांस अकादमी हिमाचल की मशहूर डांस व म्यूजिक अकैडमी है । शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल के समक्ष फीट ऑफ फायर डांस अकादमी के कलाकारों ने प्रस्तुति दी गई। अकादमी के विजय सोनी, कुलदीप, वंशिका, सुनाक्षी ने भी शानदार प्रस्तुति देकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।( अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण संरक्षण के लिए लोग बन रहे सजग : कंवर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ में इन दिनों 'एक पौधा मां के नाम' अभियान जोर-शोर से चल रहा है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर इस दौरान विधानसभा के विभिन्न बूथों पर इस अभियान में शामिल होकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को वीरेंद्र कंवर ने धुंधला, बल्ह, मन्दली बूथ पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया व विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण की शपथ ली। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा मंडलाध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महासचिव मास्टर रमेश, महिला मोर्चा से उषा ठाकुर, युवा मोर्चा के विजय कुमार सहित गोरख राम, प्रकाश चंद, जनक राज, संजीव कुमार, कुलदीप सिंह, मनोज कुमार, रवि कुमार, भावना, नरेश, कैहरो देवी, गीता देवी, प्रवीण कुमारी, निशा देवी उपस्थित रहे।

### ठाकरां स्कूल की लड़कियों ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** खंड स्तरीय अंडर-14 ( हरोली ) लड़के एवं लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में ठाकरां स्कूल की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वॉलीबाल ट्रॉफी जीती। मुख्य अध्यापक परमजीत सिंह तथा सभी अध्यापकों ने बच्चों को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।

### स्कूली छात्रों ने राज महल के समीप रोपे पौधे



**विनोद शर्मा, लठियानी।** वन महोत्सव के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान के विद्यार्थियों ने राज महल के आसपास पौधरोपण किया । इस मौके पर मुख्यातिथि शावेंद्र पाल टिक्का ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशा अनुसार हिमाचल प्रदेश में अधिक से अधिक पौधे लगाने पर ध्यान दिया जा रहा है जिसके चलते स्कूली बच्चे भी पौधरोपण में पूरी तरह भाग ले रहे हैं। उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने के लाभ बताए। स्कूल के राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के अधिकारी पवन कुमार के साथ स्वंयसेवियों ने भी पौधरोपण करने के साथ स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरदेव राणा ने भी बच्चों को पौधरोपण का महत्व बताया। इस अवसर पर सोभा, प्रमोद, विकास, विजय, मदन, दीक्षित, संजय, सुरेश, वीरेंद्र व स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरलू में जोनल स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। सुबह प्रार्थना सभा में कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेश कुमार व सभी स्टाफ सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में शारीरिक शिक्षक (पीईटी व डीपीई दोनों के पद खाली होने के बाद भी बच्चों ने अपने अध्यापकों के निर्देशन में कड़ी मेहनत करके स्कूल के लिए उपलब्धि हासिल की। उन्होंने खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों व इनको प्रशिक्षित करने वाले अध्यापकों को इस सफलता के लिए बधाई दी व शास्त्री मनोज कुमार व उनके सहयोगी कुमारी अर्चना, कुमारी नीटू व वृजेश कुमार द्वारा की गई अथक मेहनत को भी सराहा । इस मौके पर एनएसएस प्रभारी राज पाल कुटलैड़िया, विकेश कुमार, राम प्रकाश , विजय, रमेश चंद, कुलदीप, अंकेश, वनिता, सुमन, रोमा देवी, सुनील, शिव कुमार आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में रक्षा बंधन पर छत्र चढ़ाने की तैयारिया जोरों पर,

### बाबा पहाड़िया मंदिर में 19 को होगी छत्र पूजा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत देश में रक्षाबंधन बहुत भाग्य और सौभाग्य शाली त्योहार बताया जाता है और इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और रक्षाबंधन पर पर बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखास में नव दिवस के स्वरूप बाबा पहाड़िया का छत्र चढ़ाया जाता है। बता दें कि बाबा पहाड़िया मंदिर थानाकलां से छह किमी की दूरी तय करके थानाकलां के सरकारी स्कूल के सामने स्थित है और हर वर्ष बाबा पहाड़िया मंदिर के प्रमुख सेवादार और गद्दी नशीन बाबा अशोक कुमार द्वारा रक्षा बंधन के दिन बाबा पहाड़िया जी के छत्र की सुबह सात बजे पूजन के बाद पहली रात्रि बाबा पहाड़िया मंदिर में ठहराव करके बाबा पहाड़िया और गुग्गा जाहिर बीर का गुणगान किया जाता है। उसके बाद आठ दिन नंगे पांव दर्जनों भक्तो के साथ बाबा जी के छत्र को घुमाया जाता है। और हर गांव घर में बाबा जी की चौकी लगाई जाती है।

# मौसम पूर्वानुमान से आलू समेत मक्का की फसल को नुकसान का अंदेशा

## 31 अगस्त तक किसान करवा सकते हैं आलू फसल का बीमा : कृषि अधिकारी

**राजेश शर्मा, ऊना**



आलू की फसल तैयार करते किसान।

जिले में मौसम पूर्वानुमान से आलू समेत मक्का आदि की फसलों को नुकसान का अंदेशा लगाया जा रहा है। फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए विशेषज्ञ परामर्श दे रहे हैं। ऐसे में इन फसलों के लिए बीमा कराने की भी अवधि निर्धारित है। किसानों को चाहिए समय रहते कृषि विभाग से जानकारी प्राप्त करें। जानकारी के मुताबिक आलू ऊना की प्रमुख फसल है और इसके लिए विभाग ने भी आलू उत्पादकों को सुझाव दिया है।

जिले के किसान अपनी आलू फसल का बीमा 31 अगस्त तक करवाना सुनिश्चित करें। यह अपील कृषि महकमे ने की है। उपनिदेशक कृषि डॉ. कुलभूषण धीमान ने बताया कि एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले के ऊना, हरोली, अंब एवं गगरेट ब्लॉक के आलू उत्पादकों की फसल का बीमा करने के तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। उपनिदेशक ने बताया कि फसल की किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि 300 रुपए एवं बीमित राशि 6 हजार रुपए प्रति कनाल है।

उन्होंने कहा कि जो अऋणी किसान अपनी आलू की फसल का बीमा करवाना चाहते हैं, वे अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र में आवश्यक दस्तावेजों जैसे कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीनी फर्द एवं फसल बुआई प्रमाण पत्र और जो किसान ठेके पर जमीन लेकर आलू की खेती करते हैं, उन्हें हलफनामा बनवाकर लगाना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा ऋणी किसानों की फसल का बीमा संबंधित बैंक शाखा द्वारा किया जाएगा। डॉ. कुलभूषण धीमान ने बताया कि पिछले सालों में जिलेभर के किसानों को कंपनी द्वारा क्लेम प्रदान किया गया है। यह राशि किसान द्वारा देय प्रीमियम से लगभग 5 से 6 गुणा ज्यादा दी गई है। खरीफ 2022 में जहां 436 किसानों ने अपनी फसल का बीमा करवाया था, वहीं खरीफ 2023 में संख्या बढ़कर 610 हो गई। खरीफ 2022 में किसानों के 34 लाख रुपए प्रीमियम के एवज में उन्हें एक करोड़ 60 लाख रुपए का क्लेम वितरित किया गया। साल 2023 का क्लेम जल्द ही किसानों के खातों में डाल दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के जिला समन्वयक कैप्टन मोहन कुमार मोबाइल नंबर 73886-68654 पर संपर्क कर सकते हैं।

कृषि उपनिदेशक डॉक्टर कुलभूषण धीमान ने जिला के सभी आलू उत्पादक किसानों से आग्रह किया है कि वे तय समय सीमा के भीतर अपनी फसल का बीमा करवाना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

## कुटलैहड़ को औद्योगिक क्षेत्र बनाकर युवाओं को घर-द्वार पर देंगे रोजगार : विवेक शर्मा



अघलौर में अधिकारियों के साथ भूमि का निरीक्षण करते विधायक विवेक शर्मा।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**विधायक विवेक और जिला उद्योग अधिकारी ने अघलौर में 298 कनाल भूमि का किया निरीक्षण**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार को जिला इंडस्ट्री अधिकारी अंशुल धीमान के साथ कुटलैहड़ विस क्षेत्र के जोगी पंगा के साथ लगते अघलौर में औद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए भूमि का निरीक्षण किया और कौन उद्योग उक्त भूमि पर उपयोगी होगा, इस पर विशेष चर्चा की।

विवेक शर्मा ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कुटलैहड़ में ओद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने पर चर्चा की थी और मुख्य मंत्री द्वारा हमें आदेश भी हुए थे कि कुटलैहड़ में कहां-कहां पर सरकारी भूमि है, जहां उद्योग लग सकें, उन्हें चयनित करें। शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि हम कुटलैहड़ के युवाओं को घर-द्वार रोजगार दें, ताकि उनका खर्च कम और कमाई ज्यादा हो सके। और उसी फलस्वरूप हमने कुटलैहड़ के अघलौर में 298 कनाल भूमि को चयनित करके निरीक्षण किया है।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ का समग्र विकास करवाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, इकबाल सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेहतर प्रदर्शन करके लौटे स्कूली छात्रों का किया भव्य स्वागत



विजेता स्कूली छात्रों का स्वागत करता स्कूल का स्टाफ।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूबोवाल में आयोजित हुए तीन दिवसीय हरोली ब्लॉक के अंडर -14 पुरुष एवं महिला के मुकाबलों में राजकीय उच्च विद्यालय गुरपलाह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते महिला वर्ग की कबड्डी में प्रथम, पुरुष वर्ग के वॉलीबाल मुकाबले में प्रथम एवं कुश्ती प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा करके अपने विद्यालय के साथ अपने गांव का नाम चमकाया है। विद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों यादविंद्र सिंह लबेरिया एवम कुश्ती कोच दविंद्र सिंह का विद्यालय प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

स्कूल के मुख्य अध्यापक रंजीत सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर अध्यापक अश्वनी सैनी, दविंद्र कुमार, शारीरिक शिक्षक यादविंदर सिंह, अध्यापिका सतविंद्र कौर, सुनीता देवी,रजनी देवी सहित अन्य अध्यापक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## विधायक विक्कू ने गो सेंक्चुरी की जांची स्थिति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा विक्कू और अन्य अधिकारी

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा में पशुपालन विभाग उपमंडल बंगाणा के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में गो सेंक्चुरी थाना खास के बारे में जानकारी ली और क्या-क्या समस्याएं आ रही हैं, उसके बारे में गो सेंक्चुरी थाना खास के प्रभारी डॉ राजेश कुमार जंगा से विशेष जानकारी ली। डा राजेश जंगा ने बैठक में कहा कि गो सेंक्चुरी थाना खास में वर्तमान में 200 के करीब गोवंश है, जो सड़कों पर बेसहारा घूम रहा है।

इस गो सेंक्चुरी केंद्र में उन्हें सरक्षण दिया है, वहीं वर्तमान में इस गो अभ्यारण केंद्र को सरकार की तरफ से हर माह गो सेंक्चुरी में प्रति गोवंश के लिए धन मिल रहा है और हर प्रकार की सुविधा गो सेंक्चुरी दे रहा है। डॉ. राजेश ने कहा कि गो सेंक्चुरी में कुछ समस्याएं हैं, सबसे पहले नेशनल सड़क से गो अभ्यारण को जाने वाली सड़क को हर हाल में पक्का करना पड़ेगा और दूसरा जो बिजली की तारें गो सेंक्चुरी को जा रही हैं, उन्हें ऊंचा करना पड़ेगा।

तीसरा गो सेंक्चुरी केंद्र में एक शेड में नल लगाने की जरूरत है और जो गो सेंक्चुरी केंद्र में कर्मचारी हैं, उन्हें वर्तमान में 275 रुपए प्रति दिन की मजदूरी दी जाती है, लेकिन भी राज्य सरकार द्वारा 375 रुपए प्रति दिन मजदूरों की मजदूरी करने का ऐलान हो चुका है और 375 रुपए मिलना शुरू हो चुके हैं, इसलिए गो अभ्यारण में मजदूरों की मजदूरी भी 375 रुपए प्रति दिख करनी होगी। डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कहा कि गो सेंक्चुरी केंद्र में सभी गोवंश को कीटनाशक दवाई, लंगर सेवा, कंबल सेवा सुचारु रूप से चली हुई है।

विधायक विवेक शर्मा ने डा राजेश कुमार जंगा की सभी समस्याओं को बैठक में एसडीओ बिजली विभाग उदित, तहसीलदार अमित, थाना प्रभारी अनिल उपाध्यक्ष कृषि विभाग के अधिकारी सतपाल धीमान खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार के अलावा सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

**गो सेंक्चुरी के खाते में आए 22,52 लाख**

डॉ. राजेश कुमार जंगा ने बताया कि गो सेंक्चुरी केंद्र थाना खास का खाता बैक में खुलवाया है और क्यूं आर कोड के माध्यम से गो सेंक्चुरी केंद्र थाना खास के खाते में अब तक जनता के सहयोग से 22,52 लाख की धनराशि दान के रूप में आ चुकी है, जो हिमाचल प्रदेश के किसी भी गो सेंक्चुरी केंद्र में अब तक नहीं हो पाया है। ज्ञात रहे गो सेंक्चुरी केंद्र थाना खास में चार वर्ष वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी रहे डॉ. सतिंदर ठाकुर एवं गो सेंक्चुरी केंद्र के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार जंगा के अथक प्रयासों से गो सेंक्चुरी केंद्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज तक गो सेंक्चुरी केंद्र में भंडारे समाज में जन्म दिवस पर गो सेंक्चुरी केंद्र में हरा चारा एवं दान पुण्य, कंबल और गोवंश के चारे तुड़ी के लिए दानी सज्जनों से दान लेकर गो सेंक्चुरी केंद्र को हिमाचल में पहले स्थान पर पहुंचाया।

## मिशन दर्पण विस्तार शुरू करेगी सामाजिक संस्था

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सामाजिक सरोकारों को समर्पित ऊना जनपद की अग्रणी साहित्यिक संस्था-'दर्पण' (पंजीकृत) की कार्यकारिणी की बैठक बुधवार जिला मुख्यालय में संस्था के अध्यक्ष अशोक कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें उपाध्यक्ष कुंदन लाल भारद्वाज, महासचिव रचना रानी, कोषाध्यक्ष रामपाल शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य डॉ. देवकला शर्मा, अनिल जसवाल व शिवानी देवी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

विशेष आमंत्रित महिला साहित्य सेवियों अलका चावला, संतोष शर्मा, ओम देवी सैनी व स्वप्ना जसवाल ने भी इस साहित्यिक-विमर्श में भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निकट भविष्य में संस्था का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से शिष्टाचार भेंट करेगा। बैठक में प्रस्ताव भी पारित हुआ कि संस्था के कार्यक्रम जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी आयोजित किए जाएं ताकि जनसाधारण में साहित्य के प्रति अभिरुचि व समझ उत्पन्न हो। सभी उपस्थित सदस्यों ने समवेत स्वर में अध्यक्ष के इस विचार का समर्थन किया कि संस्था की सदस्य संख्या बढ़ाने हेतु 'मिशन दर्पण विस्तार' आरंभ किया जाए। निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया जाए जिसमें प्रतिभागिता हेतु संस्था के सदस्यों के इतर अन्य साहित्य सेवियों को भी आमंत्रित किया जाए।

## डीसी ने की विकास परियोजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



ऊना में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने और जिन परियोजनाओं का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है, उनकी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

जतिन लाल ने मलाहत में निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के कार्य की प्रगति का जायजा लिया और इसे तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मलाहत में सड़क पर बनने वाले 200 मीटर अंडरपास का टेंडर आवंटित हो चुका है और निर्माण कार्य 15 सितंबर से शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा किया जाए। उपायुक्त ने लठियाणी-मंदली पुल के निर्माण को लेकर सभी औपचारिकताएं शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि किसी विभागीय अवरोध या एनओसी में देरी हो रही है, तो उसकी रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि पुल निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उपायुक्त ने बंगाणा में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य को तेज करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा भवन और अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का कार्य शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए ताकि लोगों को बेहतर और उचित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बसाल में बन रहे मॉडर्न डेयरी फार्म के कार्य का भी ब्यौरा लिया। डेयरी फार्म से जुड़ी निशानदेही का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा इसकी चारदीवार के निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। इसके अलावा, जिले में चल रहे अन्य विकासात्मक कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, सहायक आयुक्त वरिंदर शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार, एमओएच डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी बलदेव सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में निजी स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिक्षा विभाग के द्वारा तीन दिवसीय 38वीं खंड स्तरीय अंडर-14 प्रतियोगिता 4 से 6 अगस्त तक गवर्नमेंट हाई स्कूल रायपुर सहोड़ा में संपन्न हुई । इस प्रतियोगिता में 33 स्कूलों के लगभग 500 छात्रों तथा छात्राओं ने भाग लिया।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अंडर- 14 खंड स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल चार खेलों में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तीन में गोल्ड मेडल और एक में सिल्वर मेडल प्राप्त किए।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कूल के शारीरिक शिक्षकों का धन्यवाद किया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस उपलब्धि के लिए विजेता रहे छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।



वीपीएस स्कूल की विजेता टीम का स्कूल में स्वागत किया गया।

**आयोजन** इन्नर व्हील क्लब ने धूमधाम से मनाया तीज का पर्व

# सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए महिलाएं आएं आगे : जतिंद्र कौर

**अनंत ज्ञान, ऊना**



इन्नर व्हील क्लब की सदस्य तीज का पर्व मनाती हुई।

त्योहार हमारी सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। इन्नर व्हील क्लब ऊना के तत्वावधान में आयोजित तीज पर्व के अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यातिथि समाजसेवी जतिंद्र कौर ने उक्त बात कही। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व प्रधान तेजिंद्र कौर, पूर्व सचिव मीरा मेहता व कमला कंवर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

जतिंद्र कौर ने तीज पर्व की सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं को सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन्नर व्हील क्लब विभिन्न समाज सेवा के प्रकल्पों को चलाए हुए है, जो कि सराहनीय है। उन्होंने इन्नर व्हील क्लब ऊना द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पौधे रोपित करने के प्रकल्प की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से जुड़ना चाहिए, वहीं दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ भी आवाज बुलंद करनी चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर ने कहा कि क्लब विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। क्लब जरूरतमंद व पात्र महिलाओं को स्पोर्ट कर रहा है। वहीं, बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्लब का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों की मदद की जाए, वहीं क्लब सामाजिक विषयों पर जनजागरूकता शिविरों का आयोजन कर समाज में चेतना पैदा करने के लिए भी कार्य कर रहा है।

इन्नर व्हील क्लब सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तूत किए। पारंपरिक वेशभूषा में सजधजकर कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं ने गिद्दा पेश किया, जबकि सोलो सांग, सोलो डांस व समूह नृत्यों के अलावा फैशन शो भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में इन्नर व्हील क्लब प्रधान रमा कंवर, सचिव शोभा सोनी, उपाध्यक्ष निशा शारदा, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, पूर्व प्रधान जतिंद्र कौर, तेजिंद्र कौर, पूर्व सचिव कमला कंवर, मीरा मेहता, रमा कालिया, अमरजीत बबली, पूजा कपिला, रंजना जसवाल, रंजना बख्शी, सुनीता शर्मा, प्रियंका बख्शी, गिन्नी व अन्य सदस्य उपस्थित थी।

**मिस तीज बनीं रंजना जसवाल**

**कार्यक्रम में रंजना जसवाल को मिस तीज चुना गया, जबकि रेखा शर्मा प्रथम रनरअप रही। जतिंद्र कौर को बेस्ट कांफीडेंस, रंजना जसवाल को ब्यूटीफुल आइज, कमला कंवर को बेस्ट केट वाक, प्रियंका बख्शी को बेस्ट ड्रेसअप, पूजा कपिला को सिल्की हेयर, रंजना बख्शी को क्यूट फेस व सुनीता शर्मा को बेस्ट डांस के लिए सम्मानित किया गया।**

## प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल : राजीव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कहा कि सरकार कर्मचारी व आम जनता की विरोधी है। सरकार कर्मचारियों को जहां लाभ देने से नाकाम रही है। वहीं जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर सरकार ने जनता को दुख देने का काम किया है।



राजीव वशिष्ट ने कहा कि सरकार कर्मचारियों को एरियर तक नहीं दे पाई है। इसके अलावा कर्मचारियों के मेडिकल बिल वर्षों से लंबित पड़े हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपना इलाज करवाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के चहेते बनने वाले कर्मचारी नेता सरकार के खिलाफ एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। प्रदेश में ही बिजली का उत्पादन होता है और प्रदेश के लोगों को ही महंगी बिजली मिल रही है। सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हटली केसरू
विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हटली केसरू द्वारा विभिन्न शीर्ष के अंतर्गत विकास कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायरों/फर्मों/व्यक्तियों से निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके लिए इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर/व्यक्ति दिनांकः 24.08.2024 को सायं पांच बजे तक पूर्ण रूप से भरी अपनी निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत हटली केसरू में जमा करवा सकता है। निविदाएं दिनांक 27.08.2024 को समय सुबह 11.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई समिति के समक्ष खोली जाएंगी। अतः स्थान व समय पर उपस्थित होना भी सुनिश्चित करें। निविदाएं निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होंगी।

1. निविदाएं सीलबंद लिफाफे में देनी अनिवार्य हैं। अधूरी, खुली अविध उपरांत प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 2. जीएसटी/सीजीएसटी दरें निविदा प्रपत्र में भी गई दरों में ही शामिल होंगी। 3. पंजीकृत ठेकेदारा/सप्लायर अपना पंजीकृत नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ आरसी नंबर जीएसटी नंबर, सीजीएसटी नंबर की छायाप्रति लगाना आवश्यक है। 4. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता उतम होनी चाहिए। 5. कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी। 6. सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या समग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है जो कार्यालय द्वारा उस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा वैंडर के खिलाफ हि.प्र. पंचायतीराज अधिनियम 1994 अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 7. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पहुंचानी होगी। सामग्री की अदायगी मैटीरियल देने के उपरांत ही की जाएगी। 8. जिस विक्रेता की निविदा स्वीकार होगी उसे 10000/- रु. की राशि बतौर अमानत पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. सामग्री बिल के साथ एम/डब्ल्यू/एक्स फार्म लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा सरकारी दरों पर रॉयल्टी काटी ली जाएगी। वाकी शर्तें मौका पर बता दी जाएंगी।

निविदा प्रारूपः-

| क्रं. | सामग्री का ब्योरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | बजरी क्रैशर 10/20/40 एमएम, रेत धुला हुआ, डस्ट, पत्थर सोलिंग | प्रति क्युबिक मीटर |
| 2. | इंटरलॉक टाईल/पेवर ब्लॉक 40/60/80 एमएम | प्रति पीस |
| 3. | पक्की ईंटें प्रथम/द्वितीय श्रेणी | प्रति पीस |
| 4. | पीवीसी पाईप्स (साईज दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | प्रति फुट |
| 5. | आरसीसी पाईप्स (साईज दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | प्रति फुट |
| 6. | हार्डवेयर सामग्री (आइटम वाईज रेट प्रस्तुत करें) | |
| 7. | इलेक्ट्रिक फिटिंग (सामग्री की गुणवत्ता के साथ) | प्रति प्वांइट |
| 8. | सैनिटरी फिटिंग(सामग्री की गुणवत्ता के साथ) | प्रति प्वांइट |
| 9. | स्टील कार्य (रेलिंग, रूफिंग आदि) | प्रति वर्ग फुट |
| 10. | एल्युमिनियम फिटिंग ग्लेज़िंग के साथ | प्रति वर्ग फुट |
| 11. | खेल व फिटनेस उपकरण | |
| 12. | दरवाजे, खिड़की लकड़ी/जापानी शीट | प्रति फुट |
| 13. | शटरिंग स्टील व लकड़ी (भवन, डंगा, नाली आदि) | प्रति वर्ग फुट |
| 14. | पब्लिक सूचना बोर्ड (लिखाई एवं दीवार पेंटिंग सहित) | प्रति वर्ग फुट |
| 15. | जेसीबी खुदाई पक्की/कच्ची | प्रति घंटा |
| 16. | पानी टैंकर (स्टोरेज क्षमता दर्शाते हुए) | प्रति टैंक |
| 17. | मिक्सर मशीन तेल सहित | प्रति दिन |
| 18. | सीमेंट किराया बंगाणा से कार्य स्थल | प्रति बैग |

प्रधान ग्राम पंचायत हटली केसरू विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### सौ करोड़ की मशीन 2 करोड़ 57 लाख में बिकी

**सैंज।** एनएचपीसी की ओर से पार्वती प्रोजेक्ट चरण-दो के लिए बनाई गई एशिया की सबसे लंबी हाइड्रो टनल में प्रयोग की गई सौ करोड़ मूल्य स्तर की टनल बोरिंग मशीन कबाड़ के भाव में बिक गई है। बाहरी राज्य के एक व्यापारी ने एनएचपीसी की इस सौ करोड़ी मशीन को मात्र 2 करोड़ 57 लाख में खरीदा है। हालांकि एनएचपीसी ने उक्त मशीन का न्यूनतम मूल्य 2 करोड़ 40 लाख निर्धारित किया था, लेकिन व्यापारी ने इसकी बोली दो करोड़ 57 लाख तक पहुंचाई। लिहाजा एनएचपीसी को फायदा हुआ है। बताया जा रहा है कि 480 टन वजनी इस टीबीएम मशीन की लंबाई 100 मीटर है। इस मशीन का 20 मीटर हिस्सा टनल के भीतर ही दफन कर लिया गया है क्योंकि इसको बाहर निकालने के लिए करोड़ों रुपए का खर्च आ रहा था। पार्वती प्रोजेक्ट की 32 किलोमीटर लंबी टनल की खुदाई में टीबीएम मशीन ने अपना टारगेट पूरा कर लिया है तथा टनल के दोनों पोर्टल को आपस में मिलाने में सफलतापूर्वक भूमिका निभाई है। मशीन बीते दो दशकों से शिलागढ़ की बर्फीली पहाड़ियों में रात-दिन खुदाई करती रही, लेकिन अब टनल का निर्माण कार्य समाप्त हो चुका है, जिस कारण विदेशी मशीन टीबीएम भी डिस्मेंटल हो गई है। एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने बताया कि वैसे तो टनल का काम चुनौती पूर्ण था, लेकिन विदेशी मशीन टीबीएम ने निर्माण कार्य को आसान कर दिया। विदेशी मशीन अब दम तोड़ चुकी है, जिसे अब डिस्मेंटल कर कबाड़ में बेच दिया है।

### बेस्ट स्कूल का खिताब मडग्रां के नाम रहा



**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के त्रिलोकनाथ स्कूल के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 ब्वॉयज खेलकूद प्रतियोगिता बेस्ट स्कूल का खिताब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मडग्रां के नाम रहा। मडग्रां स्कूल ने कबड्डी, मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान, जबकि खो-खो प्रतियोगिता में त्रिलोकनाथ प्रथम व मडग्रां द्वितीय स्थान पर रहा। कबड्डी मैच का फाइनल मुकाबला मडग्रां व केलांग के बीच खेला गया, जिसमें मडग्रां के 47 अंक, जबकि केलांग ने 21 अंक हासिल किए, मडग्रां ने 26 अंकों से जीत दर्ज की। वॉलीबाल मैच का फाइनल मुकाबला त्रिलोकनाथ व जाहलमा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बेस्ट ऑफ फाइव में 2-2 की बराबरी के बाद आखिरकार जाहलमा की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। थिरोट स्कूल के सक्षम ने लंबीकूद, 100 मीटर दौड़ व 400 मीटर में स्वर्ण पदक व शॉट फुट में रजक पदक जीतकर बेस्ट एथलीट का खिताब जीता। शॉटफुट में जाहलमा स्कूल के जिग्मेद ने स्वर्ण, थिरोट स्कूल के सक्षम ने रजक व शांशा स्कूल के ऋषिक ने कांस्य पदक जीता। डिसकस थ्रो केलांग के विजय ने स्वर्ण व उदयपुर के गौरव ने रजक पदक जीता। जेवलिन थ्रो में शांशा स्कूल के ऋषिक ने स्वर्ण, मडग्रां के गौतम ने रजक व उदयपुर के केतन ने कांस्य पदक जीता। 100 मीटर दौड़ में थिरोट के सक्षम ने स्वर्ण, केलंग के कृष्णा को रजक व मडग्रा के सुशांत ने कांस्य पदक, 200 मीटर की दौड़ में त्रिलोकनाथ के गौरव ने स्वर्ण, जाहलमा के जिग्मेद ने रजक और त्रिलोकनाथ स्कूल के ही शिवकुमार ने कांस्य पदक जीता। ऊंचीकूद में मडग्रां के सुजल को स्वर्ण, केलांग के नवांग तेनजिन को रजक व शांशा के रिषभ को कांस्य पदक हासिल हुआ। समापन समारोह में मुख्यातिथि शिक्षा उपनिदेशक सतीश कोड़ा ने विजेताओं को मेडल ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

### कुराश में कृश ने 60 किलो भार में जीता गोल्ड

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** दो दिवसीय कुराश राष्ट्रीय प्रतियोगिता अमवेदकर खेल परिसर सहातपुर उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई, जिसमें हिमाचल कुल्लू से 38 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय रेफरी व कुल्लू कुराश संघ के महासचिव हरदेव नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में हिमाचल के सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें हिमाचल के कृश ने 60 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। खेल में बेहतर प्रर्दशन करने पर वेस्ट पलेर का खिताब अपने किया और सोरिश ने 55 किलो भार में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में सोलन से 18, मंडी से 16, कुल्लू से 3, शिमला से एक और कांगड़ा से दो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में टीम का नेतृत्व कोच भूपेंद्र, गुंजन ठाकुर, टीम मैनेजर राजेंद्र कुमार ने किया। इसके अतिरिक्त हरदेव सिंह, धनीराम, सुनील कुमार, सोनी लाल्टा, मनीष कुमार आदि ने राष्ट्रीय रेफरी कुराश में भाग लिया। कुराश खेल महासंघ के महासचिव वीरेंद्र सिंह धोलटा ने राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी की भूमिका निभाई।



कुराश राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कृश को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि और साथ में अन्य।

# आपदा के जख्मों पर एकजुटता की मरहमपट्टी

## पहले उफनते नाले पर बना डाला लकड़ी का पुल, अब आपातकालीन स्थिति के लिए हेलिपेड के लिए जगह समतल करने में जुटे ग्रामीण

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कहते हैं कि यदि एकजुट होकर किसी कार्य को किया जाए, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है, फिर चाहे रास्ते में कितनी ही रुकावटें क्यों न हो।

इस बात को सही मायने में चरितार्थ किया पुरातन गांव मलाणा के बाशिंदों ने। पुरातन गांव मलाणा के लोगों ने आपदा की इस घड़ी में एकजुटता की मिसाल कायम करते हुए बिना सरकार व प्रशासन की मदद के आवाजाही के लिए उफनते नाले पर लकड़ी का पुल बनाकर आपदा के जख्मों पर एकजुटता की मरहमपट्टी लगा दी। यही नहीं अब ग्रामीण मलाणा के पास ही हैलिपैड के लिए जमीन को समतल करने में जुटे हुए हैं। कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के मलाणा में 31 जुलाई की रात को बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। इस त्रासदी में जहां मलाणा डैम क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं, सड़कें टूट गई हैं और मलाणा गांव को जोड़ने वाला पुल भी बाढ़ में बह गया है, जिससे मलाणा पंचायत का संपर्क कट गया था, जिसके चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन ग्रामीणों की हिम्मत और कड़ी मेहनत के चलते एक बार फिर से मलाणा पंचायत का संपर्क गांव से जुड़ गया है। दरअसल, सभी ग्रामीणों ने मिलकर नाले के ऊपर लकड़ी का पुल तैयार कर दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग रखी है कि बादल फटने के चलते सड़क भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। ऐसे में सड़क निर्माण की दिशा में भी जल्द कार्य किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### किसी ने नहीं सुनी पुकार

ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए सरकार व प्रशासन से काफी दिनों तक गुहार लगाई, लेकिन उनकी किसी ने एक न सुनी। हार मान कर ग्रामीणों ने आवागमन के लिए खुद ही राह आसान करने की ठानी और कर दिखाया।



मलाणा के ग्रामीण हेलिपैड के लिए जमीन को समतल करते हुए (दाएं) ग्रामीणों द्वारा खुद तैयार किया गया लकड़ी का पुल।

### लकड़ी के स्लीपर जोड़कर बनाया पुल

आपदा के बाद जब मलाणा का पूरे विश्व से संपर्क कट गया, तो ऐसी स्थिति में सभी ग्रामीणों ने मिलकर फैसला लिया और ग्रामीणों ने बड़े-बड़े लकड़ी के स्लीपर को खींचकर नाले तक पहुंचाया। सभी ग्रामीणों ने मिलकर काम किया और अब नाले के ऊपर पुल बना दिया गया है। हालांकि सड़क न होने के चलते अभी भी लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आपातकाल की स्थिति में लोग इस लकड़ी के पुल को पार कर जरी पहुंच सकते हैं।

> आपदा के कारण गांव को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से टूट गई है साथ ही संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए हैं। ऐसे में गांव के लोगों को काफी दिक्कतें हो रही थी। सभी ने मिलकर लकड़ी का पुल बनाने का निर्णय लिया। हालांकि उफनते नाले के बीच काम करना काफी मुश्किल था, लेकिन ग्रामीणों की मेहनत के चलते अब पुल बनकर तैयार हो गया है। सड़क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, लेकिन पहाड़ी रास्ते से पैदल चलकर लोग अब जरी तक पहुंच सकेंगे, जिसके चलते अब लोगों को आपातकाल में आने-जाने की सुविधा हो सकेगी। वहीं, जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अब गांव में आपातकालीन हेलिपेड बनाने के लिए ग्रामीण जमीन को समतल कर रहे हैं।
>
> **रामजी, उप प्रधान मलाणा**

### राशन की सताने लगी चिंता

हालांकि मलाणा के ग्रामीणों ने आपातकालीन स्थिति के लिए लकड़ी का पुल तो बना दिया, लेकिन अब उन्हें राशन की चिंता सताने लगी है। अभी कुछ ही दिनों में गांव में शाउण मेला है। ऐसे में राशन व अन्य जरूरत के सामान की दरकार रहेगी। इस समस्या के मद्देनजर ग्रामीणों ने अब गांव के समीप ही आपातकालीन हेलिपैड के लिए जमीन समतल करने का कार्य शुरू कर दिया है। सैकड़ों पुरुष और युवा निगरानी टीम की सलाह के अनुसार हेलिपैड बनाने में जुट गए हैं। हालांकि ग्रामीणों ने अपने स्तर पर मलाणा नाला में पुल भी बनाया है, लेकिन पुल के आगे डैम साइट और चौकी की तरफ सड़क बाढ़ से पूरी तरह से तहस-नहस हो गई है। बाकायदा उपायुक्त, सह-अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन कुल्लू तोरुल एस रवीश द्वारा हेलिपेड का स्थान सर्वे कर चिह्नित किया गया है।

## वर्तमान समय में बुनकरों के समक्ष कई प्राकृतिक, व्यावसायिक चुनौतियां : सत्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस बुधवार को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में भुट्टिको परिसर में धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर भुट्टिको के सैकड़ों बुनकरों ने भाग लिया और दिल्ली के विज्ञान भवन से हुए सीधे राष्ट्रीय प्रसारण, जिसका शुभारंभ देश के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने किया। इस अवसर पर भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने बुनकरों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय में बुनकरों के समक्ष कई तरह की प्राकृतिक और व्यावसायिक चुनौतियां हैं, जिन का मुकाबला करना आज की परिस्थितियों में बहुत मुश्किल है। हमें स्वयं समर्पित भाव से कार्य करना होगा, जिसके पश्चात ही हम प्रदेश तथा केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों व विभागों से उनके द्वारा


हथकरघा दिवस के अवसर पर भुट्टिको परिसर में उपस्थित बुनकर व अन्य गणमान्य लोग।



तैयार की गई योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर उपराष्ट्रपति द्वारा हथकरघा क्षेत्र से जुड़े बुनकरों को सही मायने में उद्यमी बनाने के लिए सहकारिता से जुड़ने का जो सुझाव दिया गया है, वह वास्तव में एक काबिल ए तारीफ सुझाव है, जिस पर अमल होना चाहिए। देश के कपड़ा मंत्री गिरिराज किशोर के द्वारा जो अपने मंत्रालयों व निगमों और बोर्डों के छोटे से छोटे कर्मचारी व उच्च अधिकारियों तक के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन हथकरघा से बने उत्पादों को पहनने का आह्वान किया गया है निश्चित रूप में हथकरघा बुनकरों को उनका यह आह्वान प्रेरित करेगा।

## विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू द्वारा आईटीआई शमशी में मनाया गया, जिसमें लगभग 200 बुनकरों ने भाग किया। कार्यालय प्रमुख बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू विनय कुमार द्वारा मुख्य एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि शशी पाल नेगी, सहायक आयुक्त कुल्लू, सत्य प्रकाश ठाकुर, पूर्व बागवानी मंत्री हिप्र आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बुनकर सेवा केंद्र, कुल्लू के कार्यालय प्रमुख विनय कुमार की ओर से सभी अतिथियों, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं एवं उपस्थित हथकरघा बुनकरों का कार्यक्रम में स्वागत किया एवं केंद्र सरकार की ओर से बुनकरों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में हथकरघा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पलजोर बोध, आनंद दोरजे, विश्वनाथ एवं ज्वाला शर्मा को



समृति चिन्ह प्रदान कर एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं गुलाब चंद, गुलशन कुमार एवं सोहन सिंह को कुल्लवी टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। एक बुनकर को कार्यशाला निर्माण के लिण रुपए 60,000 की प्रथम किश्त एवं तीन बुनकरों को द्वितीय किश्त प्रदान की गई। सात बुनकरों को राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा यार्न पासबुक जारी की गई। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में हथकरघा के ऊपर डिजाइन, क्वीज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए गए।

## प्रेम व मान बने पेंशन संघ के सदस्य

**बंजार।** हिम आंचल पेंशनर संघ खंड बंजार की बैठक का आयोजन बाबा बालक नाथ मंदिर में किया गया। बैठक में दो नए पेंशनर प्रेम सिंह तथा मान सिंह ने पेंशनर्स संघ की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान संघ के सभी सदस्यों ने मिल कर नए सदस्यों का स्वागत एवं सत्कार किया। बैठक में पेंशनर्स संघ सहित पेंशनरों की समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही 2016 के बाद रिटायर हुए पेंशनर्स की वांछित अदायगी न होने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए रोष प्रकट किया और सभी ने एक स्वर में कहा कि इस मामले में कोर्ट में जाना तय है। संघ के महासचिव मोहन शास्त्री ने इस अवसर पर खीर का चढ़ावा मंदिर में चढ़ाया ओर उसके बाद संघ के सभी सदस्यों को खीर का प्रशाद दिया गया। संघ की आगामी बैठक 4 सितंबर को सैंज में आयोजित करने के बारे निर्णय लिया गया। शास्त्री, संगठन सचिव लीला देवी, तेजा रॉयल, सलाहकार बालक राम, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र परमार, ऑडिटर बद्रीनाथ, सह संघठन राम दासी आदि मौजूद रहे।

## फड़ेलानाला में दरकी पहाड़ी से एनएच-305 बाधित

**जितेंद गुप्ता, आनी**

आनी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण एनएच-305 आनी और कुल्लू के बीच फड़ेलानाला में भारी भू-स्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है।

इसके चलते आनी, निरमंड उपमंडलों का जिला मुख्यालय कुल्लू से संपर्क कट गया है, अब इस हाइवे होकर आवाजाही करने वाले छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्ग कंडुगाड से कंडा सड़क पर परिवर्तित किया गया है, जबकि बड़े वाहन, बसें आदि के लिए फिलहाल यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। एनएच विभाग के आनी सबडिवीजन के अधिशाषी अभियंता इंजी. आरएम शर्मा ने बताया कि फड़ेला नाले में बीते कुछ



सालों से लगातार भू-स्खलन हो रहा है। बरसात शुरू होते ही यहां पहाड़ी पर से लगातार पत्थरों का गिरना शुरू होता है, जिसके चलते यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को दिक्कत रहती है। इस बरसात में भी फड़ेलानाला बार-बार अवरुद्ध होता रहा, फलस्वरूप यहां एनएच विभाग द्वारा दोनों ओर लगातार मशीनरी तैनात रखी गई है। आरएम शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद अचानक फड़ेलानाला में पहाड़ी पर से पत्थरों के गिरने का सिलसिला शुरू हुआ और देखते ही देखते पूरी पहाड़ी दरक गई। गनीमत रही कि इस स्थान से कुछ समय पहले ही निजी बस गुजरी थी। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। एसडीओ इंजी. आरएम शर्मा ने बताया कि पहाड़ी पर से लगातार गिर रहे पत्थरों के कारण अभी सड़क बहाली का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जल्द ही एनएच-305 को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा।

## छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए


आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ अन्य महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बाल विकास परियोजना बंजार में परियोजना स्तर से लेकर वृत्त स्तर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्र में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ-साथ उनके परिवार के सभी सदस्यों को स्तनपान के बारे में जानकारी प्रदान की गई कि मां का पहला दूध जो गाढ़ा पीले रंग का होता है, जिसे कालस्ट्रम भी कहा जाता है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी चंपा शर्मा ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि मां का पहला दूध सभी प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो बच्चों को रोगों से लड़ने की शक्ति देता है और छह माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही पिलाना है। गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्यों को मां के दूध के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई, ताकि परिवार के सभी सदस्य स्तनपान को बढ़ावा देने में सहयोग दें। एक नवजात शिशु को अपने घर में अपनी मां के आंचल में स्तनपान के लिए एक बेहतर सहयोगपुर्ण वातावरण मिले, जो बच्चे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास को बेहतर बनाने व बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## 30 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

### एनजीओ की संचालिका सुदर्शना ठाकुर ने पौधे, अचार व उपहार देकर किया सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

जिला कुल्लू के लेफ्ट बैंक में स्थित राधा एनजीओ खगनाल में बुधवार को राधा एनजीओ व रक्त एकत्र संग्रहालय कुल्लू की ओर से एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ एनजीओ की संचालिका सुदर्शना ठाकुर द्वारा किया गया।

हरिपुर कॉलेज से आए हुए छात्रों ने भी इस शिविर में हिस्सा लिया। वहीं, खगनाल गांव के आसपास के लोगों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर के बाद सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी एनजीओ द्वारा की गई।



राधा एनजीओ व रक्त एकत्र संग्रहालय कुल्लू की ओर से रक्तदान में मौजूद डॉक्टर व अन्य।

शिविर के समापन तक 30 लोगों ने रक्तदान कर इस शिविर को सफल बनाने में अपना बेशकीमती योगदान दिया। एनजीओ के संचालिका सुदर्शना ठाकुर ने सभी रक्तदाताओं व रक्तएकत्र संग्रहालय कुल्लू के कर्मचारी व मनाली हॉस्पिटल के कर्मचारियों को व समस्त रक्तदाताओं को एनजीओ में बनाए अचार, पौधे व उपहार देकर सभी का सम्मान किया। सुदर्शना ने बताया कि इससे पूर्व भी हर साल उनके यहां एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन उनके एनजीओ के एक युवक संतोष कुमार की याद में किया जाता है, जिनका देहांत आज से 2 साल पहले हुआ था।

## गोवंश की रक्षा के लिए बनाया जाए सख्त कानून, विधानसभा सत्र में हो चर्चा : सुभाष

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

समाजसेवी सुभाष ठाकुर बुधवार को मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ से मुलाकात कर गोवंश की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने के लिए मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि कुल्लू सहित पूरे प्रदेश में गोवंश खतरे में है, जिसके लिए सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि इसी माह के अंतिम सप्ताह में होने वाले विधानसभा सत्र में इस गो वंश की सुरक्षा के लिए कानून बनाने का फैसला विधानसभा पटल में रखा जाए। विधायक ने कहा कि इस पर



जरूर अमल किया जाएगा और गो माता की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि गोरक्षा के लिए सरकार व मुख्यमंत्री पूरी तरह सजग हैं व जल्द ही इसके लिए कठोर कानून लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाजसेवी सुभाष ने विधायक से मांग करते हुए कहा कि गाय काटने और छोड़ने वालों की सजा और जुर्माना एक समान होना चाहिए।

### पशुपालन विभाग को दी जाए जिम्मेदारी

पंचायत के साथ इस कानून में पशुपालन विभाग को शामिल किया जाए, पशुपालन विभाग की ओर से हर वर्ष अपने उपकरणों के साथ गायों का ऑडिट करना अनिवार्य हो। विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि इन सभी मांगों को प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाएगा और उन्होंने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया कि वे पशुओं को बेसहारा न छोड़ें।

**बैठक** मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने जिला प्रशासन को शिकायत निवारण के लिए एक व्हाट्सऐप समूह बनाने के निर्देश दिए

## लोगों की शिकायतों का निवारण डे-टू-डे आधार पर किया जाएगा: सुंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक बुधवार को देवसदन कुल्लू में मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन एवं जिला शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य संसदीय सचिव ने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में आए सभी शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित बनाएं।

लोगों की शिकायतों व समस्याओं का निवारण डे-टू-डे आधार पर किया जाएगा, जो कि निरंतरता में चलेगा। उन्होंने जिला प्रशासन को शिकायत निवारण के लिए एक व्हाट्सऐप समूह बनाने के निर्देश दिए, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत कर सके साथ ही शिकायत पर किस स्तर की कार्रवाई की गई कि स्थिति भी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि सुक्खू के नेतृत्व वाली वर्तमान प्रदेश सरकार एक संवेदनशील सरकार है, जो समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर व निर्धन वर्गों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है, गैर अधिकारी सदस्यों के विभिन्न विभागों से संबंधित प्रश्नों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में स्वास्थ्य सेवाओं में पहले से बहुत अधिक सुधार आया है तथा सीएमओ को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज अस्पताल में मरीजों को आपातकालीन सेवा की सुविधाएं जरूरत के मुताबिक प्रदान करने के लिए प्रयास करें, ताकि रात- बिरात मरीजों को आवश्यक उपचार उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विभिन्न क्षेत्रों में सामने आने वाली समस्याओं को तुरंत ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में लाएं तथा अधिकारी भी प्राथमिकता के तौर पर इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने वन मंडलाधिकारी को नग्गर बिजली महादेव सड़क को लोक निर्माण विभाग को देने के निर्देश दिए, ताकि उसकी उचित देखरेख समय-समय पर होती रहे और यह सड़क सालभर सुचारु रहे। बजौरा में आयुर्वेद भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें 50 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण किया जाना है। भवन का कुछ हिस्सा बाढ़ की भेंट चढ़ गया है, उन्होंने इसे दुरुस्त करने के लिए शीघ्र उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा बैठक की कार्रवाई का संचालन किया। उन्होंने कहा कि अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया तथा शेष शिकायत संबंधित विभाग को सूचित कर शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।


जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सुंदर सिंह ठाकुर।

### 20 सूत्री कार्यक्रम की भी की अध्यक्षता

20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू में चल रहे विकास कार्यों का प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कर निर्धारित अवधि में पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। वह बुधवार को देव सदन में विभिन्न विभागों की ओर से जिले में संचालित किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर आयोजित की गई जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समिति की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान विकासात्मक कार्यों से संबंधित की प्रगति की भी समीक्षा की।



## न्यूज ब्रीफ

### स्तनपान के बारे में महिलाओं को दी जानकारी



**पांवटा साहिब।** बरोग बनेड़ी पंचायत के अंदर ढांड़ आंगनबाड़ी सेंटर मे मिशनशक्ति योजना के अंतर्गत आयोजित 100 दिवसीय ड्राइव में जिला स्तरीय लिंग संवेदनशीलता सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कुल 43 महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम मे लिंग संवेदनशीलता, स्तनपान के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी से रुचि देवी जेंडर स्पेशलिस्ट, मीनाक्षी पोषण अभियान, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर विनोद सांगल, डीएलएसए पांवटा साहिब से मीना ठाकुर कानूनी सलाहकार व सुपरवाइजर आभा उपस्थित रहे।

### कारगिल योद्धाओं को किया सम्मानित



**नाहन।** यूनाइटेड वेटनर्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि उद्योगपति व समाजसेवी विनोज शर्मा ने शिरकत की। अपने तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर यूनाइटेड वेटनर्स एसोसिएशन पच्छाद चेप्टर अध्यक्ष संजय राजन ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और इन तीन वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनाइटेड वेटनर्स एसोसिएशन की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन सराहां के जंज घर में श्री साईं मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल नाहन के सहयोग से किया गया, जिसमें अस्पताल की ओर से आई एक टीम ने 125 लोगों की जांच की तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की। शगुन ने मुख्यातिथि के साथ रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती के अवसर पर क्षेत्र के वेटनर्स जिन्होंने कारगिल युद्ध में उसी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी थी उनको सम्मानित किया गया। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा किए गए अच्छे समारोह के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए दिए।

### कोटी धीमान में एसएमसी के अध्यक्ष बने जगपाल



**रेणुका जी।** रेणुका जी सीसे स्कूल कोटी धीमान में प्रधानाचार्या अशोक कुमार की अध्यक्षता में आगामी तीन वर्षों के लिए सर्वसम्मति से जगपाल तोमर को अध्यक्ष और यशपाल तोमर को उपाध्यक्ष चुना गया। इसमें सभी बच्चों के अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जगदीश तोमर, सुनील तोमर, जयपाल सिंह और आशा देवी, सुषमा देवी प्रतिमा देवी आदि को एसएमसी के सदस्यों के रूप में चुना गया।

### फाइलिंग प्रक्रिया पर कई सत्रों का किया आयोजन



**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने एक सफल मेंटर-मेंटी प्रोग्राम और दो दिवसीय कार्यशाला की मेजबानी की। इस कार्यशाला को शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की तरफ से समर्थित किया गया था। इस आयोजन में चार उत्तर-भारतीय संस्थानों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित की गई कार्यशाला में शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पीके खोसला की तरफ से विशेष संबोधन दिया गया और डॉ. चंदर मोहन ने इंट्रोडक्शन सेशन की शुरूआत की। कार्यशाला के दौरान डिजाइन सोच, फाइलिंग प्रक्रिया पर कई सत्रों का आयोजन किया। कार्यक्रम का समापन राउंड टेबल डिस्कशन सेशन और शूलिनी यूनिवर्सिटी के इंवेंटर्स की सफलता की कहानियों के साथ हुआ।

### छात्रों को लोक संस्कृति से जोड़े रखना आवश्यक



**नाहन।** युवा पीएम श्री स्कूल जेएनवी नाहन में शिक्षा में कला कार्यशाला के अंतर्गत युवा वृंदगान मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि नवोदय विद्यालय संस्थान का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखना भी जरूरी अंग है। इसी कड़ी में नवोदय विद्यालय संस्थान की ओर से प्रत्येक वर्ष संभागीय स्तर पर चयनित जवाहर नवोदय विद्यालयों में शिक्षा में कला कार्यशाला के अंतर्गत गायन, वादन, नृत्य, आर्ट, नाटक आदि में मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन में मासिक शिक्षा में कला कार्यशाला का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसमें बच्चों को युवा वृंदगान का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### अंबुजा फाउंडेशन ने बांटे विभिन्न प्रजातियों के पौधे



**दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन एवं हरसगंधार स्प्रिंग वाटर के अध्यक्ष ने मुख्याध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय पकौटी (बांजण) एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय पकौटी (बांजण) के मुख्य शिक्षक को विभिन्न प्रजातियों के पौधे प्रदान किए। मुख्याध्यापक दिनेश शर्मा ने बताया कि परिसर में अमरूद के पौधों का पौधरोपण कार्यक्रम विद्यालय के अध्यापकों, विद्यार्थियों और वाटर शेड संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया। विद्यालय के परिसर में ये फलदार पौधे आने वाले समय में विद्यालय के बच्चों को मीठे-मीठे फल प्रदान करेंगे और बच्चे भी इनका आनंद लेते हुए स्वास्थ्य लाभ लेंगे। मुख्याध्यापक ने संस्था के अध्यक्ष से आगामी 14 अगस्त को पाठशाला में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम एक पौधा मातृभूमि व माता के नाम के लिए अंबुजा फाउंडेशन के सौजन्य से फलदार पौधे उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया।

### हस्तशिल्प दिवस : प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रिकांगपिओ।** शोलटू में 10वें राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया, जिसमें जेएस डब्ल्यू की ओर से संचालित चरखा स्वयं सहायता समूह की 335 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक किन्नौर अभिषेक एस द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# नगर निगम ने वेंडर मार्केट में लावारिस छोड़े रेहड़ी चालक

## काल कोठरी से कम नहीं सपरून में बनी वेंडर मार्केट, ग्राहक नहीं होने से अधिकतर रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ने को मजबूर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम ने सपरून में लाइसेंस धारक रेहड़ी चालकों को आधी अधूरी वेंडर मार्केट में दुकानों का आवंटन कर लावारिस छोड़ दिया।

वेंडर मार्केट में निगम के वादे के मुताबिक सुविधाएं नहीं मिल पाई। इतना ही नहीं ग्राहक नहीं होने से अधिकतर रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इससे इस वर्ग पर रोजी रोटी का संकट आन पड़ा है। हैरानी की बात है कि पुराना स्थान छोड़ने के बावजूद निगम इस वर्ग की आजीविका के प्रति गंभीर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### प्रशासन ने भी नहीं सुनी

रेहड़ी चालकों ने ग्राहक बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन से वेंडर मार्केट के सामने लोकल बस स्टॉपेज बनाने की मांग की थी। डीसी के आश्वासन के बाजजूद आज तक यह व्यवस्था नहीं बन पाई। राजगढ़ की तरफ आने-जाने वाली लोकल बसों और ऑटो का स्टोपेज वेंडर मार्केट के पास बनने से यहां ग्राहकों का आना शुरू होगा, जिससे इस वर्ग की रोजी रोटी का गुजरा हो सकता है।





सोलन के सपरून में नगर निगम की वेंडर मार्केट में बंद पड़ी दुकानें (दाएं) नगर निगम की वेंडर मार्केट।



वेंडर मार्केट में सुविधाओं के अभाव में निर्माणाधीन मंजिल में लगी रेहड़ियां।



एक दुकान में फैली गंदगी।

### निर्माणाधीन मंजिल पर लगाई रेहड़ियां

वेंडर मार्केट में नगर निगम ने 54 रेहड़ी धारकों को दुकानों का आवंटन किया है पर सुविधाओं के अभाव और ग्राहक नहीं होने से रेहड़ी चालकों ने निर्माणाधीन मंजिल में अपनी रेहड़ियां लगाई हैं। दुकानदारों का कहना है कि कई दुकानें खाली होने से ये नशेड़ियों के अड्डे बन गए हैं। इतना ही नहीं शाम ढलते ही यहां जाम छलकने लगते हैं। यह वर्ग दुकानों में शौच आदि कर जाते हैं, जिससे अगले दिन साथ के दुकानदार अपना कारोबार करने में असमर्थ हो जाते हैं। हैरानी की बात है नगर निगम इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

### आज तक नहीं मिला स्थायी ठिकाना

शहर की सड़कों को वेंडर फ्री करने के लिए नगर निगम ने सपरून में वेंडर मार्केट बनाई है, लेकिन इसमें तकनीकी खामियां होने से दुकानदार दुकानें छोड़ने का मन बनाकर कर शहर के अन्य हिस्से में स्थायी ठिकाना देने की मांग कर रहे हैं। शहर में इस समय करीब 300 रेहड़ी व फड़ी चल रही हैं। इसमें कई ऐसे भी जो स्थायी होने के साथ पिछले 20 वर्षों से रेहड़ी चला रहे हैं। यह वर्ग भी वेंडर मार्केट में दुकान की मांग कर रहा है। रेहड़ी चालक कई वर्षों से रोजगार का स्थायी ठिकाना दिए जाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग करते आ रहे हैं। निगम ने रेहड़ी चालकों को वेंडर मार्केट में बनी दुकानों के आवंटन तो किया पर सुविधाएं नहीं।

### वेंडर मार्केट में सांस लेना भी मुश्किल

वेंडर मार्केट अपने आप में जेल से कम नहीं है। यहां बनी दुकानों को काल कोठरी का नाम दें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसमें न तो रोशनी न ही हवा प्रवाहित होने की जगह है। इसमें एक बार दाखिल होते ही घुटन महसूस होने लगती है। ऐसे में ग्राहक तो क्या दुकानदार खुद भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाता है। वेंडर मार्केट में बिजली के मीटर लगना बाकी है। पानी की सुविधा को नलका तो है पर स्टोरेज नहीं। साफ-सफाई का कार्य खुद ही करने के बावजूद महीने के अंत में निगम कर्मचारी की तरफ से करीब 300 रुपए वसूले जा रहे हैं।

### शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति ने उठाए सवाल

शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति वेंडर मार्केट को लेकर कई बार सवाल खड़े कर चुकी है। समिति के प्रधान महिताप सिंह सहित हीरा लाल, गोविंद राम, दयाराम व अन्य रेहड़ी धारकों का कहना है कि वेंडर मार्केट में सुविधाएं नहीं होने से रेहड़ी चालक दुकानें छोड़ रहे हैं। वहीं, बाकि बचे हुए रेहड़ी धारकों को उनके लिए चिन्हित स्थानों पर न तो विस्थापित किया जा रहा है न साथ ही मूल स्थान उन्हें दिया जा रहा है। प्रधान का कहना है कि रेहड़ी चालकों के लिए बनाई गई वेंडर कमेटी ने दस स्थान चिन्हित किए गए थे उनमें से एक एक्साइज ऑफिस के ऊपर वाला हिस्सा भी है, जहां हम पहले रेहड़ी लगाते थे। प्रधान का आरोप है कि उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकतर रेहड़ी चालकों ने प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत लोन भी ले रखे हैं। काम नहीं होने से बैंक का लोन चुकाना मुश्किल हो चुका है।

## जानलेवा हमला करने के आरोप में 8 लोग हिरासत में

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन पुलिस ने दो युवकों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में आठ युवकों को हिरासत में लिया है।

एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक राजीव कौशल निवासी सन्नी साइड सोलन ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि चार अगस्त को शाम के समय यह अपने दोस्तों नीरज वर्मा व कर्ण शर्मा के साथ अश्वनी खड्ड घुमने गया था, वहां पर इसे सुदर्शन थापा व भूपिंदर जग्गी भी मिले। अश्वनी खड्ड में खाना खाने के बाद यह अपने दोस्तों नीरज वर्मा, सूदर्शन थापा व कर्ण शर्मा वहां से कर्ण शर्मा की गाड़ी में बैठकर समय करीब 10 बजे रात बड़ोग होते हुए वापस सोलन के लिए चले। नगाली पहुंचने पर यह सभी पार्क में खाने पीने बैठ गए। इसी दौरान इसकी सुदर्शन थापा के साथ बहसबाजी व हाथापाई हो गई, जिस पर कर्ण शर्मा, सुदर्शन थापा को कार में बैठाकर उसके घर छोड़ने के लिए सोलन की तरफ चला गया। थोड़ी देर बाद यह व नीरज वर्मा भी पैदल सोलन की तरफ चल पड़े। इस दौरान सोलन की तरफ से आई एक मारुति 800 कार व मोटरसाइकिल से करीब 5/6 लड़के उतरे व इनसे पूछने लगे कि सुदर्शन थापा के साथ किसने हाथापाई की।



मारपीट के आरोप में पुलिस हिरासत में लिए गए युवक।

इसी दौरान सभी लड़कों ने इन दोनों पर जानलेवा हमला कर मारपीट की और मारपीट कर मौका से फरार हो गए, जिस पर 5 को थाना सदर सोलन में मारपीट और हत्या का प्रयास करने की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान थाना सदर सोलन की टीम द्वारा मौका पर लगे सीसीटीवी कमरों का गहनता पूर्वक विश्लेषण किया गया और तत्परता से कार्रवाई करते हुए 6 को वारदात में सलिप्त 8 आरोपियों, जिनमें प्रदीप शर्मा, कर्ण, कैलाश, कमल, अश कुमार, तनुज ठाकुर, धर्मेंद्र, व अरूण को गिरफ्तार किया गया है । जांच के दौरान आरोपियों द्वारा वारदात में प्रयुक्त कार नं. एचपी-14-5721, स्कूटी एचपी-14सी-9885 तथा मारपीट में प्रयुक्त डंडों को जब्त कर लिया है। उपरोक्त सभी आरोपी चार दिन की पुलिस हिरासत डिमांड पर हैं। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

## दड़ा सट्टा मामले में 27 हजार 300 रुपए बरामद, मामला दर्ज

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत पुराने बस अड्डे के पास एक व्यक्ति को जुआ के लिए लोगों को उकसाते हुए पकड़ा, जिसे पुलिस ने पकड़ कर उसके पास से दड़ा सट्टा की पर्चियां और 27 हाजर 300 की नकद राशि बरामद कर मामला दर्ज किया।

मिली जानकारी के अनुसार पुराना बस अड्डा के समीप एक व्यक्ति, जिसने अपनी पहचान सर्वेश कुमार बुलंदशहर यूपी के तौर पर बताई वह लोगों को जुआ खेलने के लिए उकसा रहा था। इस पर पुलिस ने उसकी तलाशी भी ली। उसके आपस से दड़ा सट्टे की पर्चियां और 27 हाजर 300 की नकद राशि बरामद कर मामला पंजीकृत किया गया। डीएसपी भीष्म ठाकुर ने मामले की पुष्टि की।

## नेपाली मूल का व्यक्ति 4 किलो 12 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

थाना कंडाघाट के पुलिस ने नेपाली मूल के व्यक्ति को 4 किलो 12 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए कंडाघाट के क्षेत्र में मौजूद थी, तो उसी समय उक्त पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक जय बहादुर सिंह नेपाली मूल का व्यक्ति करोल हिल के पास बस से उतरा है, जिसके पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ है, यदि इसी समय उसके बैग की तलाशी ली जाए, तो भारी मात्रा में मादक पदार्थ ब्रामद हो सकता है।

इस सूचना पर थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त नेपाली व्यक्ति को जिसका नाम जय बहादुर सिंह पुत्र श्री देव बहादुर सिंह निवासी गांव



व डाकघर नलगढ़ तह. व जिला जजरकोट नेपाल उम्र 37 वर्ष मालूम हुआ उसको 4 किलो 12 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी के पूर्व के अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार से कोई भी वर्ग खुश नहीं : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि सुक्खू सरकार से प्रदेश का कोई भी वर्ग खुश नहीं है क्योंकि उन्होंने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए झूठ का सहारा लेकर प्रदेश की जनता को ठगा है।



प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्रति वर्ष एक लाख सरकारी नौकरी के नाम पर ठगा और प्रदेश की 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रुपए देने के नाम पर ठगा। प्रदेश के सभी लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 100 रुपए लीटर भैंस का दूध 80 रुपए लीटर गाय का दूध दो रुपए किलो गोबर खरीदने के नाम पर प्रदेश के सभी लोगों को ठगा है। मुख्यमंत्री सुक्खू से प्रदेश के कर्मचारी भी खुश नहीं है क्योंकि कर्मचारियों को अभी तक सरकार से कोई भी सौगात नहीं मिली है। कर्मचारियों को अभी तक डीए की किस्त भी नहीं मिली है, जिससे प्रदेश के कर्मचारी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश के विकास में कोई भी कमी नहीं आने दी, इतना ही नहीं प्रदेश के कर्मचारियों को भी समय-समय पर विभिन्न प्रकार के लाभ दिए हैं।

## उद्योगों की फायर एनओसी में सरलीकरण की मांग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में चल रहे उद्योगों को फायर एनओसी न मिलने पर बुधवार को बीबीएन के उद्योग संगठनों के पदाधिकारियों ने फायर आफिसर बद्दी को ज्ञापन सौंपा।

लघु उद्योग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने कहा कि जब से कैमिकल उद्योग में आग लगी थी, तब से प्रदेश सरकार व बीबीएनडीए एवं फायर विभाग ने अपने नियम इतने सख्त कर दिए कि एनओसी लेना एक पहाड़ बन गया। इसी संदर्भ में हिमाचल के लघु सेक्टर के औद्योगिक संगठन लघु उद्योग संघ का एक प्रतिनिधिमंडल फायर आफिसर बद्दी हेमराज राणा से मिला। लघु उद्योग संघ प्रवक्ता हरीश



लघु उद्योग संगठन के पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए।

खजूरिया ने बताया कि वर्तमान में एमएसएमई सेक्टर में फायर एनओसी लेना एक बड़ा मिशन बन गया है। उनका कहना है कि पहले फायर की प्रोविजल एनओसी मिल जाती थी, तो उद्यमी का काम शुरु हो जाता है, लेकिन अब हर जगह यह अनिवार्य कर दिया है कि कोई भी फैक्टरी लाइसेंस लेना है, तो उससे पहले फायर एनओसी होना ही चाहिए।

इस कारण से न ड्रग लाइसेंस मिल पा रहा है न ही फैक्टरी लाइसेंस बन पा रहा है। बीबीएन में नए आने वाले वो सूक्ष्म एवं लघु उद्योग हैं, जिन्होंने बैंकों से ऋण लेकर कारखाने तो लगा दिए, लेकिन फायर एनओसी उनको नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण है कि विभाग ने अपने नियम व कानून इतने सख्त कर दिए हैं कि उसको पूर्ण करना हर किसी के वश का नहीं है। कई-कई उद्योग में तो 10 से 15 फीसदी राशि फायर सुरक्षा उपकरण एवं पंजीकरण में जा रही है। महासचिव अनिल मलिक ने कहा कि डेढ़ लाख लीटर या 50 हजार लीटर का टैंक बनाना हर किसी के लिए संभव नहीं है इसलिए इसमें रिलेक्सेशन दी जानी चाहिए।

### उद्योग मंत्री व उद्योग सचिव से जल्द मिलेंगे

**वहीं,** दूसरी ओर लघु उद्योग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक राणा ने कहा कि यह गंभीर मसला है कि जो लोग हमारे राज्य में निवेश करने आ रहे हैं, उनको एक छोटी सी चीज के कारण कारखाने प्रारंभ करने में दिक्कत आ रही है। इस संदर्भ में हम शीघ्र ही प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान व उद्योग विभाग के प्रधान सचिव से मिलेंगे, ताकि फायर एनओसी का सरलीकरण हो सके।

## एसएमसी नवगांव के प्रधान बने सुमन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक हुई।

अभिभावकों की आम सभा का मुख्य एजेंडा नई स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन रहा। इसमें कक्षा छठी से जमा दो तक के छात्रों के सभी अभिभावकों ने भाग लिया। सभी अभिभावकों ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया, जिसमें सुमन गौतम को सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का प्रधान चुना गया। संजीव कुमार, कांता देवी, नेक चंद, शर्मिला देवी, केशवराम, कांता देवी, पवन कुमार, लता देवी, कमलेश कुमार, सूरजमनी, करतार सिंह, रीना, राकेश, मीना कुमारी, कृष्ण देव गौतम, सरिता गुप्ता, रमेश नड्डा, धर्मपाल शुक्ला को सदस्य के रूप मे चयनित किया। इसके अलावा प्रधानाचार्य प्रभात किशोर को इस कार्यकारी समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे।



नवगांव में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित अभिभावक।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में नेगी होंगे मुख्यातिथि

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह रिकांगपिओ के आईटीबीपी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि इस दौरान पुलिस, आईटीबीपी, होम-गार्ड, पुरुष एवं महिला, गृह रक्षा बैंड, ठाकुर सेन नेगी रिकांगपिओ कॉलेज के एनसीसी व एनएसएस के जवानों द्वारा परेड का प्रदर्शन किया जाएगा।

## आपदाओं के प्रकार पर दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर में विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रति अतिसंवेदनशील क्षेत्र है और यहां के स्कूल भी अति संवेदनशील श्रेणी में आते हैं। इसी उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नाहन के सभागार में आपदा प्रबंधन विषय पर 4 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) हिमांशु भारद्वाज ने बताया कि यह कार्यशाला चार से 7 अगस्त तक आयोजित हुई, जिसमें सिरमौर के लगभग 35 अध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के



समन्वयक ओंकार शर्मा (प्रवक्ता) डाइट, नाहन ने बताया कि कार्यशाला में जिलाधीश कार्यालय नाहन से राजकुमार शर्मा, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने विस्तृत रूप से आपदाओं के प्रकार, प्रभाव, कारण, भूकंप, टेक्टोनिक प्लेट्स, आपदा जोखिम व न्यूनीकरण, स्कूल सुरक्षा एप्लीकेशन एवं रोड सेफ्टी तथा हिमाचल की आपदा प्रोफाइल के बारे में विस्तृत रूप से व्याख्यान दिया।

**सुविधा** स्टाफ की कमी से पर्ची काउंटर करीब छह माह से था बंद, पर्ची बनाने के लिए मरीजों को घंटों लाइनों में रहना पड़ता था खड़े

# सीनियर सिटीजन की सुविधा को अस्पताल में खोला अतिरिक्त पर्ची काउंटर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में पर्ची काउंटर में लगने वाली भीड़ से अब सीनियर सिटीजन को निजात मिलेगी।

इससे इस वर्ग को लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं रहेगी साथ ही समय पर उपचार भी मिल सकेगा। स्टाफ की कमी से पर्ची काउंटर करीब छह माह से बंद था, जिसे खोल दिया है। पर्ची काउंटर बंद होने से बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। पर्ची बनवाने के लिए मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ता था। हालात ये थे कि पर्ची काउंटर के लिए एक ही खिड़की थी, जहां से महिला, पुरुष और बुजुर्ग पर्चियां बनवाते थे।

पर्ची बनाने के लिए मरीजों को घंटों खड़े रहना पड़ता है। साथ अस्पताल में पर्ची काउंटर के पास बुजुर्ग को बैठने के लिए भी जगह नहीं है, लोगों को मजबूरन फर्स पर ही बैठना पड़ता है। पहले एक ही पर्ची काउंटर होने से बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रीय अस्पताल जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां सोलन ही नहीं, बल्कि शिमला और सिरमौर के कुछ दूर-दराज क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए आते हैं। इन दिनों अस्पताल में सुबह से ही पर्ची काउंटर पर मरीजों की काफी भीड़ उमड़ जाती है। इसके बाद ओपीडी के बाहर भी यही हालत रहती है। इन दिनों रोजाना करीब 1500 मरीजों की पर्ची बन रही है।



सोलन अस्पताल का पर्ची काउंटर के बाहर लगी लोगों की लाइन।

### पर्याप्त स्टाफ होने के बाद दवा काउंटर खोल दिया जाएगा

कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक राजन उप्पल ने कहा कि अस्पताल में कोई दिक्कतें न आए, इसके लिए अब पर्ची काउंटर भी अतिरिक्त खोल दिया गया है। इससे बुजुर्गों को परेशानी नहीं होगी। आगामी दिनों में पर्याप्त स्टाफ होने के बाद दवा काउंटर भी खोल दिया जाएगा।

### दवा और बिल काउंटर की भी मांग

**अस्पताल** प्रशासन ने पर्ची के लिए अतिरिक्त काउंटर खोल कर मरीजों को राहत तो दी, लेकिन दवा और बिल काउंटर पर भी दिक्कतें आ रही हैं। अस्पताल प्रशासन की ओर से व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं, लेकिन दवा काउंटर एक होने से मरीज परेशान हैं। अधिकतर परेशानी बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को आ रही है। इन्हें भी दवा काउंटर पर लंबी कतार में खड़े होना पड़ रहा है।

## लीडरशिप इन स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पीजी प्रोग्राम शुरू

**नाहन।** आईआईएम सिरमौर धौलाकुआं ने जर्मनी के सहयोग से पीजी प्रोग्राम लीडरशिप इन स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग शुरू किया है। आईआईएम सिरमौर के निदेशक प्रोफेसर डॉ. प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि जर्मनी के प्रतिष्ठित आरडब्ल्यूपीएच आचेन विश्वविद्यालय के सहयोग से यह पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस अत्याधुनिक विकसित कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ पेशेवरों को उद्योग 4.0 के युग में नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं चेत राम** पुत्र श्री बररू राम निवासी गांव शियाओं डाकघर कुनिहार, तहसील अर्की, जिला सोलन हिमाचल प्रदेश घोषित करता हूँ कि सेना रिकॉर्ड रैंक (एनके) आर्मी नंबर 6445893 और पीपीओ नंबर 239197600055 में मेरी पत्नी का नाम लीला देवी और जन्म तिथि 26/09/1954 है। जोकि सही है। पर आधार और पैन कार्ड में मेरी पत्नी का नाम लीला और जन्म तिथि 1/1/1956 दर्ज है। कृपया इससे दुरुस्त किया जाए।




## न्यूज ब्रीफ

### गोविंदराजन 'विज्ञान रत्न पुरस्कार' के लिए चयनित



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध जीव रसायन वैज्ञानिक गोविंदराजन पद्मनाभन का नाम पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की इस साल शुरुआत की है। सरकार ने बुधवार को 33 राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें युवा वैज्ञानिकों के लिए 18 विज्ञान युवा पुरस्कार, 13 विज्ञान श्री पुरस्कार और एक विज्ञान टीम पुरस्कार शामिल है। विज्ञान टीम पुरस्कार 'टीम चंद्रयान-3' को दिया जाएगा। सरकार ने इस साल की शुरुआत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवोन्मेषकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय और नवोन्मेषी योगदान को सराहने के लिए इन पुरस्कारों की घोषणा की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर ये पुरस्कार प्रदान करेंगी, जो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रयान-3 के उतरने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### लोगों के धैर्य की परीक्षा मत लीजिए : उद्धव



**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम ने दुनिया को संदेश दिया है कि जनता सर्वोच्च है और सरकारों को उनके धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उद्धव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बांग्लादेश में हिंसा और अत्याचार के शिकार हिंदुओं को बचाने के लिए भी कहा। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल से संबंधित एक प्रश्न पर ठाकरे ने कहा, ''क्या आपको लगता है कि भारत में भी ऐसी ही स्थिति बन सकती है?'' बांग्लादेश के घटनाक्रम पर उनके संदेश के बारे में पूछे जाने पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एकमात्र संदेश यह है कि जनता सर्वोच्च है और राष्ट्र के भाग्य की अंतिम निर्णायक वही है।

### नमल राजपक्षे श्रीलंका राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी घोषित



**कोलंबो।** राजपक्षे परिवार के 38 वर्षीय सदस्य नमल राजपक्षे को बुधवार को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए श्रीलंका पीपुल्स फ्रंट (एसएलपीपी) का उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के इस कदम से साफ हो गया कि राजपक्षे परिवार निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को समर्थन नहीं देगा। एसएलपीपी के महासचिव सागर करियावासम ने बुधवार सुबह पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में नमल राजपक्षे की उम्मीदवारी की घोषणा की। नमल के चुनाव मैदान में उतरने से यह मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है।

### भर्ती घोटाले मामले में सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में हुई छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में भाई-भतीजावाद के आरोपों के सिलसिले में राज्य में 15 जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि नेताओं, पीएससी अधिकारियों और लोक सेवकों के 'अयोग्य' परिजनों को बड़े सरकारी पदों पर भर्ती किया गया। उन्होंने कहा कि रायपुर में भाई-भतीजावाद का कथित तौर पर लाभ उठाने वालों के छह, दुर्ग में तीन, महासमुंद और धामतारी में दो-दो और सरगुजा व बिलासपुर में एक-एक ठिकाने पर छापे मारे गए।

### अमित नेगी पीएमओ में अतिरिक्त सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से नौकरशाही में शीर्ष स्तर पर बड़े फेरबदल के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अमित सिंह नेगी को प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी नेगी अभी केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग में संयुक्त सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

### सीबीआई करेगी कोचिंग सेंटर हादसे की जांच




**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईएएस कोचिंग सेंटर हादसे की जांच अब सीबीआई करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने बुधवार (7 को दिल्ली पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया। दिल्ली में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर में राउज आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में पानी भरने से 3 स्टूडेंट्स की मौत हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 28 जुलाई को 4 बेसमेंट मालिकों को गिरफ्तार किया था। आरोपी हरविंदर, तेजिंदर, परविंदर और सरबजीत ने जमानत के लिए सीबाआई कोर्ट में याचिका लगाई है। इस पर सुनवाई होगी।

### राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा

# जनधन, बुनियादी बचत खातों में न्यूनतम राशि रखने की जरूरत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जनधन और बुनियादी बचत खातों में न्यूनतम राशि बनाए रखने की कोई जरूरत नहीं है। बैंक केवल उन मामलों में जुर्माना लगाते हैं, जहां ग्राहक अपने अन्य खातों में आवश्यक राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं।

वित्त मंत्री राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा पांच साल में खातों में न्यूनतम राशि नहीं रखने पर ग्राहकों से लगभग 8,500 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूलने से संबंधित पूरक प्रश्न का उत्तर दे रही थीं। सीतारमण ने कहा, ''बैंक खाते में न्यूनतम राशि रखने का प्रावधान प्रधानमंत्री जनधन खातों और गरीब लोगों के बुनियादी खातों पर लागू नहीं होता है। यह केवल उन लोगों के लिए है,जिनकी न्यूनतम राशि एक निश्चित स्तर पर होने की उम्मीद है।'' लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह सामने आया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2019-20 से पांच साल में इस मद में लगभग 8,500 करोड़ रुपये वसूले।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भी पिछले महीने लोकसभा को बताया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में खातों औसत मासिक न्यूनतम राशि नहीं रखने पर जुर्माने के तौर पर जमाकर्ताओं से 2,331 करोड़ रुपये वसूले।

### सरकार हर नागरिक को आईटी सुविधा देने को प्रतिबद्ध

सरकार ने कहा है कि देश में आईटी क्रांति का दौर है और सरकार हर नागरिक इसका लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार की आईटी हब स्थापना से पहले इसके लिए ढांचागत सुविधाओं की व्यवस्था करने सहित कई नीतियां हैं। करीब 70 करोड़ इंटरनेट उपभोक्ताओं के लिए सरकार इन सुविधाओं को विकसित करने के लिए तत्पर है। सरकार बेंगलुरु तथा हैदराबाद जैसे शहरों के अलावा भी इस दिशा में कदम उठा रही है।

## संसदीय समिति के पास वक्फ विधेयक को भेजने की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विपक्षी दलों ने बुधवार को सरकार से आग्रह किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पेश किए जाने के बाद इस पर गौर करने के लिए इसे संसद की स्थायी समिति के पास भेजा जाना चाहिए।

दूसरी तरफ, सरकार ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में कहा कि वह सदन की भावना का आकलन करने के बाद इस पर फैसला करेगी। सरकार ने यह भी कहा कि वह गुरुवार को लोकसभा में पेश होने के बाद विधेयक पर चर्चा और इसे पारित कराने पर जोर नहीं देगी।

इस बात की प्रबल संभावना है कि सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने पर सहमत हो सकती है। इस विधेयक का कुछ मुस्लिम संगठन विरोध कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि सरकार के एजेंडे का समर्थन करने वाले कुछ दलों ने भी प्रस्तावित कानून पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने समिति की बैठक में कहा कि सरकार गुरुवार को इस बात पर विचार करेगी कि विधेयक को संसदीय जांच के लिए भेजा जाए या नहीं।

लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई और तृणमूल कांग्रेस सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय उन विपक्षी सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने विधेयक पेश होने के बाद इसे संसद की स्थायी समिति को भेजने की मांग की।

संयोग से अभी लोकसभा की विभाग-संबंधित स्थायी समितियों का गठन नहीं हुआ है। यदि सरकार इस तरह की कार्रवाई पर निर्णय लेती है तो सदन विधेयक पर विचार के लिए स्थायी समिति की अनुपस्थिति में एक अलग समिति बना सकता है।

वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक में वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें वक्फ निकायों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी शामिल है।

## जूरी ब्यूटी अकादमी में मनाया गया तीज उत्सव

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में बुधवार को जूरी ब्यूटी, बिगबॉक्स और मॉर्फ मेटा एकेडमी में तीज का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। अकादमी छात्रों और स्टाफ ने भारतीय संस्कृति को दर्शाते हुए चमकदार पारंपरिक परिधान पहने। झूलों को फूलों से सजाया गया था। अकादमी में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने राजस्थानी, अरबी, डिजाइनर और शेडिंग जैसी विभिन्न मेहंदी शैलियों का प्रदर्शन किया। छात्रों ने मॉडलिंग और तंबोला, अंताक्षरी और म्यूजिकल चेयर जैसे मजेदार खेलों ने उत्सव में में भी भाग लिया ।

अभिषा ने डिजाइनर मेहंदी के लिए प्रथम पुरस्कार जीता, लविषा ने राजस्थानी मेहंदी के लिए द्वितीय पुरस्कार जीता और गौरिका ने अरबी मेहंदी के लिए तृतीय पुरस्कार जीता। मेहंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। अकादमी के सीईओ डॉ. अजय शर्मा, एमडी अंजना शर्मा और निदेशक मोनिका शर्मा भी समारोह में शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

### हमास ने याह्या सिनवार को नया नेता चुना



**बेरूत ।** फिलीस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने कहा कि उसने याह्या सिनवार को अपना नया नेता चुना है। सिनवार पिछले वर्ष सात अक्तूबर को इसराइल पर किए गए हमलों का मुख्य साजिशकर्ता है। हमास ने बताया कि उसने सिनवार को अपने राजनीतिक ब्यूरो का नया प्रमुख नियुक्त किया है। सिनवार इस्माइल हनिया की जगह लेंगे।

हनिया पिछले सप्ताह ईरान में एक कथित इजराइली हमले में मारे गए थे। पिछले वर्ष सात अक्तूबर को दक्षिणी इसराइल पर हमास द्वारा किए गए हमले के बाद से सिनवार सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। पिछले वर्ष हुए हमले में उग्रवादियों ने 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी।

### तीन दिन से जारी गिरावट के बाद शेयर बाजार में तेजी लौटी

## सेंसेक्स 875 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,000 अंक के पार

**एजेंसी, मुंबई**




स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 875 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 24,000 अंक के स्तर को पार कर गया। दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में तेजी तथा निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 874.94 अंक यानी 1.11 प्रतिशत उछलकर 79,468.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,046.13 अंक चढ़कर 79,639.20 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 304.95 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,297.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 345.15 अंक उछलकर 24,337.70 अंक पर पहुंचा था।

सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स और पावरग्रिड तीन-तीन प्रतिशत मजबूत हुए। इसके अलावा टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। इसके उलट नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान युनिलीवर, टेक महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग उल्लेखनीय रूप से लाभ में रहे।

## 39 दिन में 5 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**



**अमरनाथ** यात्रा में श्रद्धालुओं ने 39 दिन में ही पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 6 अगस्त को यहां 2813 यात्री पहुंचे। इसके साथ ही 5 लाख से ज्यादा लोग बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आ चुके हैं। पिछले साल कुल 4.5 लाख श्रद्धालु आए थे।

सबसे ज्यादा 2011 में 6.35 लाख यात्री आए थे। बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 635 यात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से अमरनाथ की गुफा के लिए रवाना हुआ। हालांकि, सोमवार को अनुच्छेद 370 हटाए जाने की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमरनाथ यात्रा को एक दिन के लिए रोक दिया गया था। 635 तीर्थयात्रियों का एक और नया जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्रियों के 39वें काफिले ने 3880 मीटर की ऊंचाई पर दक्षिण कश्मीर की हिमालयी पहाड़ियों में स्थित गुफा के दर्शन के लिए बालटाल आधार शिविर से आज तड़के अपनी यात्रा शुरू की। वहीं, पिछले दिन 2813 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि आज 40वें दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 22 वाहनों में 635 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुए, ये सभी तीर्थयात्री बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुए. किसी भी तीर्थयात्री को पहलगाम जाने की अनुमति नहीं दी गई।

## चीन का निर्यात सात फीसदी बढ़ा, आयात में भी आई तेजी

**एजेंसी, बैंकॉक**

**चीन** का निर्यात जुलाई माह में सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़ा है। वहीं आयात में भी तेजी आई है। हालांकि, यह अर्थशास्त्रियों के करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि के पूर्वानुमान से कम है। रिपोर्ट के अनुसार, आयात 7.2 प्रतिशत बढ़कर 215.9 अरब डॉलर हो गया, जो अन्य एशियाई देशों के साथ मजबूत व्यापार के दम पर गति पकड़ रहा है। अब चीन को कई औद्योगिक घटक, सामग्री और उपभोक्ता उत्पाद आपूर्ति करते हैं। अमेरिका को निर्यात में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को निर्यात में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अब चीन का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। निर्यात जुलाई में कुल 300.6 अरब डॉलर रहा, जो पिछले तीन महीनों में सबसे कम गति से बढ़ा। जुलाई में व्यापार अधिशेष 84.7 अरब डॉलर रहा, यह पिछले महीने के रिकॉर्ड 99.1 अरब डॉलर` कम रहा।

## पीएमएलए फैसले को लेकर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई टली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को इस सवाल पर सुनवाई 28 अगस्त तक टाल दी कि क्या धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि पुनर्विचार याचिकाएं अचानक सूचीबद्ध की गई हैं और उन्हें कुछ समय चाहिए। मेहता ने पीठ से कहा कि इन्हें अचानक सूचीबद्ध किया गया है। हमें तैयारी के लिए कुछ समय चाहिए। हमें पता चला कि मामले को बीती देर रात सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। कृपया इस पर बाद की तारीख में सुनवाई करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि 2022 का फैसला गलत है और इस पर पुनर्विचार की जरूरत है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख निर्धारित की।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी में श्री शिव सुब्रमण्यम मंदिर में की पूजा



**सुवा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नाडी स्थित श्री शिव सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कैटोनिवेरे के निमंत्रण पर पांच से सात अगस्त तक फिजी के दौरे पर हैं। यह किसी भारतीय प्रमुख की इस द्वीपीय देश की पहली यात्रा है।

**श्रद्धा** | वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में हरियाली-तीज पर प्रभु के दर्शनों के लिए उमड़ रही भारी भीड़

# सोने-चांदी के झूले में विराजमान हुए बांके बिहारी

**एजेंसी, मथुरा**



वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में हरियाली-तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भगवान बांके बिहारी को मंदिर के गर्भ-गृह से बाहर निकालकर विशाल 'स्वर्ण-हिंडोले' में झूला झुलाया जा रहा है। अपने आराध्य भगवान बांके बिहारी की इस अनुपम छवि के दर्शन करने के लिए मंदिर-प्रांगण में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

हरियाली-तीज का मथुरा-वृंदावन में विशेष महत्व है। इस दिन यहां के सभी प्रमुख मंदिरों में विराजमान ठाकुरजी को झूला झुलाने की परंपरा है। कहा जाता है कि इस दिन पहली बार वृंदावन की पवित्र भूमि पर कृष्ण ने राधा संग झूला झूलने का आनंद लिया था। तब से लेकर आज तक मथुरा-वृंदावन के सभी प्रमुख मंदिरों में उसी परंपरा का पालन हो रहा है।

### 12 फुट ऊंचा है प्रभु बांके बिहारी का झूला

**हरियाली**-तीज पर वृंदावन के सभी प्रमुख मंदिरों में झूले सजाए जाते हैं। लेकिन विश्वप्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में इस दिन एक विशाल 'स्वर्ण-हिंडोला' सजाया है। 32 फुट चौड़े और 12 फुट ऊंचे सोने और चांदी से बने इस विशाल झूले में भगवान बांकेबिहारी झूलन उत्सव का आनंद ले रहे हैं। दोनों तरफ खड़ी सखियां उन्हें झूला झुलाती हैं। 1938 में इस झूले का निर्माण कार्य शुरू हुआ और कई महीनों की कड़ी मेहनत के बाद इसे तैयार किया गया। 77 साल से ठाकुर इस झूले पर हरियाली तीज के दिन झूल रहे हैं।

### बुरहानपुर के स्मारकों पर वक्फ बोर्ड का दावा किया खारिज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने बुरहानपुर जिले के कुछ प्रमुख ऐतिहासिक स्मारकों पर स्वामित्व का दावा करने वाले मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के आदेश को खारिज कर दिया है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने 2013 को एक आदेश में शाह शुजा की कब्र, नादिर शाह की कब्र, बीबी साहिब की मस्जिद और बुरहानपुर के किले में स्थित एक महल को अपनी संपत्ति घोषित किया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आदेश को चुनौती दी थी कि एएसआई इन स्मारकों की रक्षा कर रहा है और यह केंद्र सरकार की संपत्ति हैं। एएसआई के वकील ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम, 1904 के तहत घोषित संरचनाओं की रक्षा कर रहा है।

## भारत दो साल में बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : धनखड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत की प्रगति को रोका नहीं जा सकता और देश दो साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उपराष्ट्रपति ने 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में विश्वास व्यक्त किया कि यदि हम जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में सोचें तो हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए इसका इष्टतम उपयोग किया जाएगा, जो समय की मांग है, देश की तथा पृथ्वी की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' आह्वान के मूल में आर्थिक स्वतंत्रता है। हथकरघा उत्पाद इसके प्रमुख तत्वों में से एक हैं। आर्थिक राष्ट्रवाद की जोरदार वकालत करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह देश की आधारभूत आर्थिक वृद्धि के लिए मौलिक है। इससे विदेशी मुद्रा की बचत, रोजगार सृजन तथा उद्यमिता को बढ़ावा सहित तीन प्रमुख प्रभाव होंगे। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हर कोई राष्ट्रीय हित का सम्मान करे। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है और आज कोई भी यह नहीं कह सकता कि हम संभावनाओं से भरा राष्ट्र हैं, क्योंकि हम प्रगति कर रहे हैं।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | अमेरिका | 24 | 31 | 31 | 86 |
| 02. | चीन | 22 | 22 | 16 | 60 |
| 03. | ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 10 | 36 |
| 04. | फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| 05. | ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 15 | 19 | 46 |
| 06. | कोरिया | 11 | 08 | 07 | 26 |
| 07. | जापान | 11 | 06 | 12 | 29 |
| 08. | इटली | 09 | 10 | 07 | 26 |
| 09. | नीदरलैंड | 09 | 05 | 06 | 20 |
| 10. | जर्मनी | 08 | 05 | 04 | 17 |
| 63. | भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |

## पेरिस ब्रीफ

अमेरिका की कैरोलीना मार्क्स जिन्होंने पेरिस ओलंपिक की सर्फिंग स्पर्धा में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता।



# जीवट की नई परिभाषा लिखी विनेश ने

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ओलंपिक पदक पक्का करने का अपना सपना पूरा करने से महीनों पहले विनेश फोगाट व्यवस्था से नाराज थी, लेकिन धमकी, पुलिस हिरासत, प्रदर्शन की अगुवाई करने को लेकर हुई आलोचना भी उनका हौसला डिगा नहीं सकी। कुश्ती को लड़कों का खेल मानने वाले गांव के लोगों के विरोध का सामना करने से लेकर नौ वर्ष की उम्र में अपने पिता को खोने, रसूखदार खेल प्रशासकों से लोहा लेने तक विनेश ने कई चुनौतियों का सामना किया।

हरियाणा की इस 'धाकड़' का पेरिस तक का सफर आसान नहीं रहा और बहुत कुछ दांव पर था। उसने हालात के आगे घुटने टेकने की बजाय लड़ने का रास्ता चुना। मैट के ऊपर और उससे बाहर उन्होंने जिस तरह से चुनौतियों का सामना किया, वह एक नजीर बनकर उभरी हैं।

जो कुछ हुआ, उसे लेकर अवसाद में जाने की बजाय उन्होंने डटकर सामना किया और जीवट तथा जुझारूपन की नई कहानी लिखते हुए ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी, लेकिन महिलाओं की 50 किलो कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाए जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

### बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन में शामिल थीं



विनेश फोगाट वही पहलवान है, जिन्होंने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था। महिला पहलवानों के यौन शोषण के विरोध में प्रदर्शन करने पर विनेश को दिल्ली की सड़कों पर घसीटने की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। पेरिस ओलंपिक चयन ट्रायल को लेकर भी खूब बवाल हुआ। पहलवान अंतिम पंघाल के सिलेक्शन के चलते विनेश को अपनी मूल वेट कैटेगरी 53 किलोग्राम छोड़नी पड़ी और वेट घटाकर 50 किलोग्राम कैटेगरी में आ गईं थी।

## इन कारणों से समझें कैसे एक दिन में बढ़ गया वजन

### अधिक कैलोरी का सेवन

किसी भी रेसलर के लिए उसकी डाइट सबसे महत्वपूर्ण होती है। हालांकि, यह कभी-कभी मुश्किल भी पैदा कर देता है जैसा कि विनेश फोगाट के साथ ही हुआ है। पहलवानों को आमतौर पर हाई कैलोरी डाइट लेनी पड़ती है। ऐसे में अगर तय सीमा से थोड़ा सा भी कैलोरी अधिक हुआ तो उसे वजन बढ़ने का खतरा रहता है।

### स्ट्रेस और नींद का पूरा न होना

कई बार ऐसा भी होता है कि जब कोई स्ट्रेस में रहे तो ऐसी स्थिति में अचानक से वजन बढ़त जाता है। नींद पूरी नहीं होने के कारण भी शरीर के मसल्स में बदलाव देखे को मिलता है। मंगलवार रात को विनेश पूरी रात जॉगिंग और साइकलिंग की। इन सब के बीच वह काफी तनाव में भी, जिसकी वजह से उनका वजन नहीं घट पाया।



### थायराइड

शरीर में थायराइड की मात्रा अधिक होने के कारण भी वजन बढ़ जाता है। हालांकि, इसका परिणाम धीरे-धीरे दिखता है, लेकिन विनेश फोगाट के मामले में यह पूरी तरह से असामान्य बात है।

### कार्बोहाइड्रेट के अधिक सेवन से

विनेश फोगाट कल क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल के मैच में उतरी थी। इस दौरान उन्होंने काफी एनर्जी भी लॉस किया होगा। फाइनल में पहुंचने के बाद विनेश इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती होंगी। इस कारण हो सकता है कि उन्होंने कार्बोहाइड्रेट का सेवन तय मात्रा से कुछ अधिक कर लिया जिसके कारण उनका वजन बढ़ गया हो।

### हार्मोन में अचनाक बदलाव से

कई बार ऐसा देखा जाता है कि शरीर के हार्मोन में अचनाक से बदलाव आ जाता है। महिलाओं में एस्ट्रोजन का एक रूप होता, जिसे एस्ट्राडियोल हार्मोन भी कहा जाता है। उसमें उतार-चढ़ाव के कारण भी शरीर के वजन में बदलाव अक्सर देखा जाता है। विनेश के मामले में भी ऐसा हो सकता है जिससे की उनके बॉडी वेट में इजाफा देखने को मिला।

# महिला टेबल टेनिस टीम का अभियान खत्म

**एजेंसी, पेरिस**

अर्चना कामथ ने बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में कुछ देर तक चुनौती पेश की, लेकिन उनका प्रदर्शन भी काफी नहीं था जिससे भारतीय टीम को तकनीकी रूप से बेहतर जर्मनी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम की हार से देश का पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस स्पर्धा में अभियान भी खत्म हो गया। श्रीजा अकुला और अर्चना की भारतीय जोड़ी को शुरुआती युगल मैच में युआन वान और जिओना शान की जोड़ी से 5-11 11-8 10-12 6-11 से पराजय झेलनी पड़ी। श्रीजा और अर्चना तीसरे गेम तक जिम्मेदारी संभाले थीं, लेकिन ड्यूस में हार गईं। फिर उन्होंने मैच भी गंवा दिया। पहले एकल में एनेट कॉफमैन के खिलाफ भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं। उन्होंने पहला गेम जीता लेकिन अगले तीन गेम हारकर मैच 11-8 5-11 7-11 5-11 से गंवा बैठीं। इससे जर्मनी की टीम 2-0 से बढ़त बनाने में कामयाब रही।



अर्चना कामथ

इसके बाद अर्चना ने भारत को उम्मीद की किरण दिखाई। दूसरे एकल में उन्होंने जिओना शान पर 19-17 1-11 11-5 11-9 से जीत हासिल की। तीसरे एकल में कॉफमैन ने श्रीजा को 11-6 11-7 11-7 से हराकर जर्मनी को जीत दिलाई और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## तुर्की की पहलवान से हारी अंतिम पंघाल

**पेरिस ।** कुश्ती में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद अंतिम पंघाल पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महिलाओं के 53 किलोवर्ग में तुर्की की येतगिल जेनिप से 0-10 से हार के बाद बाहर हो गई। अंतिम की रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक की दौड़ में बने रहने की उम्मीद भी तब टूट गई जब जेनिप क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की एनिका वेंडल से हार गईं। इससे पहले अंतिम 101 सेकंड में ही हार गई। पहले विनेश इस भारवर्ग में खेलती थी। तुर्की की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजयी घोषित किया गया।



# मनु भाकर का भव्य स्वागत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर किसी एक ओलंपिक में दो पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद बुधवार को जब स्वदेश पहुंची तो लगातार हो रही बूंदाबांदी के बावजूद सैकड़ों समर्थकों और उनके परिजनों ने यहां उनका भव्य स्वागत किया।

मनु को पेरिस से दिल्ली लाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 142) एक घंटे की देरी से सुबह करीब नौ बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। शहर में सुबह से हो रही बूंदाबांदी के बावजूद उनके आगमन से काफी पहले से हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों ने उनका और उनके कोच जसपाल राणा का जोरदार स्वागत किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।

## सुंदर होने की वजह से ओलंपिक से बाहर



**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक में हर दिन एक से बढ़कर एक खबर सामने आ रही है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में खेले जा रहे खेलों के महाकुंभ में एक अजब मामला सामने आया है। एक महिला खिलाड़ी को हद से ज्यादा खूबसूरत होने की वजह से पेरिस ओलंपिक से वापस अपने घर भेज दिया गया। जी हां आप सही पढ़ रहे हैं,ऐसा ही हुआ है। खबर आई है कि पैराग्वे की 20 साल की तैराक लुआना अलोंसो को ओलंपिक विलेज से वापस उनके देश भेजने का फैसला लिया गया। ओलंपिक में भाग लेने पहुंचे पैराग्वे के कुछ खिलाड़ियों ने अधिकारियों से लुआना की सुंदरता को लेकर शिकायत की थी। ओलंपिक में भाग लेने पहुंचे खिलाड़ियों का कहना था कि लुआना इतनी खूबसूरत हैं कि वे खेल पर ध्यान नहीं लगा पा रहे हैं। शिकायत दर्ज कराने के बाद जब अधिकारियों ने इस तरफ ध्यान दिया को उनका भी यही मानना था इस एथलीट की सुंदरता ध्यान भटकाने वाली है।

## इसरायली खिलाड़ियों को मिल रही धमकियां

**पेरिस।** इसरायली की ओलंपिक टीम ने कहा है कि उनके खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में धमकियां मिल रही है जबकि उधर गाजा में युद्ध के दौरान फिलीस्तीनी नागरिकों की मौतों को लेकर तनाव और मध्य पूर्व में व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की धमकी है। इसरायली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष याएल अराड ने बताया कि टीम के सदस्यों में मनोवैज्ञानिक दहशत भरने के लिए उन्हें धमकियां मिल रही है। उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। पिछले सप्ताह इसरायली खिलाड़ियों को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पेरिस में जांच शुरू की गई। राष्ट्रीय साइबर अपराध एजेंसी कुछ इसरायली खिलाड़ियों का डाटा ऑनलाइन लीक होने की जांच कर रही है।

# 'खेलो इंडिया' वुमंस लीग जूडो प्रतियोगिता आज से



शिमला में होने वाली जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कुल्लू की खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

'खेलो इंडिया' वुमंस लीग जूडो प्रतियोगिता का आयोजन इंदिर गांधी खेल स्टेडियम, शिमला में 8 से 11 अगस्त को होगा। कुल्लू जुडो एसोसिएशन के प्रधान व कोच रणवीर ठाकुर ने बताया कि कुल्लू जिला से 14 लड़कियां इस प्रतियोगिता में भाग लेगी, जिसमें एलएमएस कलैहली से मन्नत सोहेल, तन्वी शर्मा, अवनी, अश्विन ठाकुर, रिद्धि, जैस्मिन तथा बजौरा स्कूल से दामिक्षा, आरती, डिम्पल, रिया राणा व कैंब्रिज स्कूल से कमख्या, पनारसा स्कूल से धनवंती, हिमाचल बुद्धिस्ट स्कूल सेस्टेंज़िन नियनाथ परि एंजेल स्कूल से अवंतिका ठाकुर व बंजार स्कूल से लक्ष्मी व भारती जूडो में अपना दमखम दिखाएगी।

इस प्रतियोगिता के लिए जुडो संघ कुल्लू द्वारा 15 दिन के कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें 62 लड़कों और लड़कियों ने भाग लिया, जिसमें बेहतरीन प्रर्दशन करने वाली 14 महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया।

# भारत का कांस्य के लिए स्पेन से मुकाबला

**एजेंसी, पेरिस**




जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार का गम भुलाकर भारतीय हॉकी टीम एक आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को स्पेन के खिलाफ तीसरे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में उतरेगी तो लक्ष्य पीआर श्रीजेश और देश के लिए कांसे के तमगे के साथ लौटने का होगा। स्वर्ण पदक जीतने का सपना टूटने के बाद अब आखिरी मैच भारत को उसी टीम से खेलना है जिसे 4-3 से हराकर मॉस्को ओलंपिक 1980 में 8वां और आखिरी पीला तमगा जीता था।

पूरे टूर्नामेंट में एक चैम्पियन की तरह खेलने वाली भारतीय टीम का 44 साल बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का सपना एक रोमांचक मुकाबले में मंगलवार को जर्मनी से 2-3 से मिली हार के साथ टूट गया। इसके डेढ दिन बाद ही अब हरमनप्रीत सिंह की टीम को स्पेन से कांस्य पदक का प्लेआफ खेलना है और कोशिश यही रहेगी कि टोक्यो में जीते कांसे को बरकरार रखा जाए। जर्मनी के खिलाफ भारत को अपने सबसे अनुभवी फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी बुरी तरह खली जो ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में रेडकार्ड मिलने के कारण एक मैच का प्रतिबंध झेल रहे थे। इसके बावजूद भारत ने पहले क्वार्टर में बढ़त बनाई और फिर पिछड़ने के बाद वापसी भी की।

टूर्नामेंट में अब तक आठ गोल कर चुके हरमनप्रीत का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा, लेकिन सेमीफाइनल में भारतीय टीम 11 में से दो पेनल्टी कॉर्नर ही भुना सकी। कोच क्रेग फुल्टोन को आखिरी मैच से पहले इस पर काम करना होगा चूंकि आधुनिक हॉकी में हर टीम विरोधी के पेनल्टी कॉर्नर पर अच्छा खासा होमवर्क करके उतरती है।

**श्रीलंका दौरा**

## दुनिथ वेलालागे ने झटके 5 विकेट, अविष्का फर्नांडो शतक से चूके

# 27 साल बाद श्रीलंका से वनडे सीरीज हारा भारत

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंकाई टीम ने इतिहास पलटते हुए भारत को 27 साल बाद वनडे सीरीज में हराया। श्रीलंका ने कोलंबो में तीसरा वनडे 110 रन से जीता। बुधवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 7 विकेट खोकर 248 रन बना दिए जिसके जवाब में भारतीय टीम 26.1 ओवर में 138 रन बना सकी।

श्रीलंका से अविष्का फर्नांडो ने 96, कुसल मेंडिस ने 59 और पाथुम निसांका ने 45 रन बनाए। बल्लेबाजी में भारत से रोहित शर्मा ने 35, वॉशिंगटन सुंदर ने 30, विराट कोहली ने 20 और रियान पराग ने 15 रन बनाए। श्रीलंका से दुनिथ वेलालागे ने 5 विकेट लिए। जेफरी वांडरसे और महीश तीक्षणा को 2-2 विकेट मिले। श्रीलंका ने 1997 में भारत को आखिरी बार वनडे सीरीज मे हराया था। तब 4 वनडे की सीरीज टीम ने 3-0 से जीती थी। इसके बाद दोनों ने 2 से ज्यादा मैचों की 11 वनडे सीरीज खेलीं, सभी में भारत को जीत मिली थी। श्रीलंका ने अब जाकर 3 वनडे की सीरीज 2-0 से जीती। पहला वनडे टाई रहा, बाकी मुकाबलों में मेजबान जीते।



डेब्यू मैच में बोल्ड होते भारतीय बल्लेबाज रियान पराग।

इससे पहले पदार्पण कर रहे रियान पराग ने तीन विकेट चटकाए, लेकिन अविष्का फर्नांडो और कुसाल मेंडिस के अर्धशतक से श्रीलंका भारत के खिलाफ सात विकेट पर 248 रन बनाने में सफल रहा। फर्नांडो ने 102 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 96 रन की पारी खेली। उन्होंने साथी सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका (45) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और कुसाल मेंडिस (59) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। कुसाल मेंडिस ने 82 गेंद की पारी में चार चौके मारे। ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले पराग ने 9 ओवर में 54 रन देकर बीच के ओवरों में भारत को वापसी दिलाने की कोशिश की। कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की स्पिन तिकड़ी ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

पिच से हालांकि स्पिनरों को शुरुआती दो मैच की तरह मदद नहीं मिल रही थी। फर्नांडो ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। निसांका ने भी बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पर स्लॉग स्वीप से दो छक्के मारे। अक्षर ने भारत को पहली सफलता दिलाई जब निसांका उनकी ऑफ साइड से बाहर की गेंद को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों में खेल गए। कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद पंत अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे हैं।

